www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

धनतेरस आज

बिलासपुर, शुक्रवार, 10 नवंबर 2023 I वर्ष – 33 I अंक –192 I पृष्ठ –12 I मूल्य – 4.00 रु

सार संक्षेप

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की दी शुभकामनाएं

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

मप्र में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी : राहुल

अशोक नगर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दृढ़ता के साथ दोहराते हुए कहा कि वे देश में जाति आधारित जनगणना के पक्ष में हैं और पार्टी की सरकार बनने पर ऐसा होकर ही रहेगा। जाति आधारित जनगणना का अनेक अवसर पर समर्थन कर चुके श्री गांधी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अशोक नगर जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात दृढ़ता के साथ फिर दोहरायी। उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो जाए, देश में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी और इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाया जाएगा।

सरकार से मिलने वाली सारी मदद बंद कर देगी कांग्रेस : मोदी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के दौरान कांग्रेस और मध्य प्रदेश के दो बड़े नेताओं पर हमले बोले और बेटों केा सेट करने के लिए राज्य को अपसेट करने का आरोप लगाया। साथ ही मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा सबको सीख है, कांग्रेस आई, तबाही लाई और चल रही योजनाओं केा बंद कर देगी।

4 दिसम्बर से होगी शीतकालीन सत्र की शुरुआत

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की घोषणा कर दी गई है। यह सत्र 4 दिसम्बर से शुरू होकर 22 दिसम्बर तक चलेगा। इसकी घोषणा शुक्रवार को संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने की। उन्होंने कहाकि यह सत्र नए संसद भवन में शुरू होगा। 19 दिनों तक चलने वाले सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। अमृतकाल के बीच इस सत्र के दौरान विधायी कामकाज के साथ ही अन्य विषयो पर भी चर्चा की उम्मीद है।

जम्मू में पाकिस्तान की तरफ से फिर गोलाबारी, बीएसएफ जवान की मौत

जम्मू। पाक रेंजरों ने पाक सेना के साथ मिल कर जम्मू सीमा के कई गांवों में गोलों की बरसात कर उस समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं जो उसने दस दिन पहले भारतीय सीमा सुरक्षाबल के साथ किया था। गोलाबारी में एक बीएसएफ जवान शहीद हो गया है तथा कई घरों को जबरदस्त क्षति पहुंची है। बीएसएफ के दावानुसार, उस पार भी जवाबी कार्रवाई से भारी तबाही पहुंचाई गई है।

सुप्रीम कोर्ट में 3 न्यायाधीशों ने ली शपथ, संख्या हुई पूरी

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई।

बिहार विस में आरक्षण संशोधन विधेयक पास

नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार से भी जातीय गणना कराने की अपील

- 75 फीसदी आरक्षण का है प्रावधान
- भाजपा ने भी बिल का किया समर्थन
- अब विधान परिषद में रखा जाएगा

पटना, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 को सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रस्ताव है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। अब यह विधेयक विधान परिषद में रखा जाएगा। जहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा। विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी अपील है कि केंद्र सरकार भी जातीय गणना कराए। उन्होंने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। सदन में सीएम ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई है।

भाजपा ने उठाया ईडब्ल्यूएस का सवाल

विधेयक में ईडब्ल्यूएस के आरक्षण का जिक्र नहीं होने पर भाजपा ने सवाल उठाया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस का आरक्षण दूसरे अधिनियम से लागू होगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा। इसके अलावा बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक 2023, बिहार माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 भी पेश किया गया।

नीतीश व जीतनराम मांझी में हुई नोकझोंक

विधानसभा में सीएम नीतीश और जीतनराम मांझी के बीच नोकझोंक हुई। मांझी आरक्षण विधेयक का विरोध कर रहे थे। तभी सीएम ने उन्हें बीच में ही टोका और कहा मेरी मुर्खता से ये मुख्यमंत्री बने थे। तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन के बाहर भिड़े राजद-बीजेपी विधायक

सदन के बाहर भी नेताओं में नोकझोंक देखने को मिली। भाजपा के विधायक कुंदन कुमार और राजद विधायक विजय कुमार मंडल सदन के बाहर आपस में भिड़ गए। आरक्षण के मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

देश के विकास में कांग्रेस की भूमिका, मोदी केवल हड़प रहे : खड़गे

कोरबा जिले के बांकीमोंगरा में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए आमसभा में हुए शामिल

कोरबा-बांकीमोंगरा, 9 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को कोरबा जिले के बांकीमोंगरा प्रवास पर रहे। उन्होंने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के बांकीमोंगरा में ली गई चुनावी आमसभा में कहा कि देश के विकास में कांग्रेस की भूमिका देश की आजादी के बाद से रही है। भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे विकास को अपने नाम से प्रचारित करने की कोशिश कर रहे हैं और पब्लिक सेक्टर को हड़पने का काम भाजपा की मोदी सरकार कर रही है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पैदा भी नहीं हुए थे, तब कांग्रेस और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने विकास की नींव रखी। कोरबा में जो उद्योग स्थापित हुए हैं वह पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के समय के हैं और उन्होंने हजारों लोगों को नौकरी दी। कांग्रेस के शासनकाल में ही देश में औद्योगिक विकास प्रगति पर रहा। आज 140 करोड़ लोगों के पास जो मोबाइल है, कम्प्यूटर क्रांति हुई वह भी राजीव गांधी की देन है। कांग्रेस ने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई है और दूसरी तरफ पब्लिक सेक्टर को बचाने की बजाय उन्हें हड़पने का काम केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। श्री खड़गे प्रधानमंत्री पर हमलावर होते हुए कहा कि लम्बे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री रहने के बावजूद अहमदाबाद जैसे इलाके में बच्चों की मृत्यु दर ज्यादा है। श्री खड़गे ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी उद्योगपति अडाणी की भक्ति में लीन हैं जबकि कांग्रेस गरीब, आदिवासी और पिछड़ों के साथ खड़ी है। श्री खड़गे ने कोरबा जिले के सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार फिर से बनाने की अपील जनता से की।

आमसभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने भी संबोधित कर कहा कि पूर्व की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

सिद्धार्थनाथ सिंह माफी मांगे, नहीं तो मानहानि का मुकदमा करूंगा : विनोद वर्मा

रायपुर, 9 नवंबर (देशबंधु)। कांग्रेस नेता एवं मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस बार के चुनाव में अपराध को राजनीति से जोड़ा है। महादेव एप्प इसका उदाहरण है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक सिद्धार्थनाथ सिंह ने जिस तरह महादेव एप्प के कथित आरोपी के साथ मेरा नाम जोड़ा है, उसके लिए माफी मांगे अन्यथा मानहानि के मुकदमे का सामना करने तैयार रहें।

- चुनाव के समय महादेव एप्प के साथ मेरा नाम जोड़ना नया षड़यंत्र

राजीव भवन में आज पत्रकार वार्ता में विनोद वर्मा ने कहा कि पूर्व में ईडी को जब उन्हें कुछ नहीं मिला तो ऐन चुनाव के वक्त एक नया षड़यंत्र रचा गया। तीन नवंबर को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसकी कार और घर से करोड़ों रुपए बरामद किए गए। फिर उसका कथित बयान सामने आया कि उसे ये रुपए किसी राजनीतिक बघेल को पहुंचाने को कहा गया था। उसके कथित बयान के आधार पर ही ईडी ने कह किया कि वह बघेल और कोई नहीं बल्कि राज्य के निर्वाचित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं और ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

कांग्रेस को वोट दे, होगा कर्जा माफ : भूपेश

रमन सिंह ने 15 साल तक जनता को ठगने का काम किया

सरायपाली, 9 नवंबर (देशबंधु)। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नन्द के पक्ष में वोट मांगने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजमहल मैदान पहुंचे हजारों की भीड़ भरी सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 5 वर्षों में कांग्रेस पार्टी की सरकार द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए फिर से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की इससे पहले मुख्यमंत्री के सरायपाली पहुँचने पर कांग्रेस की प्रत्याशी चातुरी नन्द जिला पंचायत सदस्य व चुनाव प्रभारी श्याम तांडी पर्यवेक्षक लक्ष्मण पटेलनगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल आदि ने मुख्यमंत्री के स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रथम चरण में 20 सीटों के लिएमतदान हुआ कांग्रेस पार्टी पिछले चुनाव में 20 में 17 जीते थे जिसमें2 भाजपा 1 जोगी कांग्रेस उपचुनाव में 2 सीट जीते रमन सिंह की 1 सीट बची है इस चुनाव में रमन सिंह का भी डब्बा गोल होने वाला है वहाँ से कांग्रेस के गिरीश देवांगन जीत रहे हैं साथ ही पूरे 20 सीट जीतेंगे रमन सिंह ने 15 साल तक छग की जनता को ठगने का काम किया है आदिवासियों को जर्सी गाय किसानो ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

ससुर-बहु ने कांग्रेस प्रवेश किया

गांडा समाज के सरंक्षक पूर्व पार्षद पंच राम चौहान बेटा बहु नगर पालिका की पार्षद श्रीमती राखी गणेश राम चौहान ने कांग्रेस प्रवेश किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहना कर कांग्रेस प्रवेश कराया ज्ञात हो कि पार्षद राखी चौहान ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा गांडा समाज को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज हो कर पार्टी से त्याग पत्र

कांग्रेस से बड़ी भ्रष्ट सरकार नहीं देखा : अमित शाह

सक्ती, 9 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रपुर विधानसभा के डभरा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा, कांग्रेस से बड़ी भ्रष्टाचार सरकार मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। राजा दिलीप सिंह जूदेव को नमन करते हुए कहा, 15 साल भाजपा सरकार स्व। दिलीप सिंह जूदेव के मार्गदर्शन में चली। अमित शाह ने महादेव सट्टा एप पर कांग्रेस सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, भूपेश कका हर काम में 30 टका लेते हैं। उन्होंने घोषणा पत्र को लेकर कहा, बीजेपी की सरकार बनाएं, 3100 में धान खरीदी करेंगे। बीजेपी के कार्यकर्ता आए तो फार्म भर दें सरकार बनी तो हर महीने 1 हजार विवाहिता को दिया जाएगा। हर गरीब के स्वास्थ्य ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

सक्ती में शाह की चुनावी सभा

केसकाल के राजेश उईके को तजाकिस्तान का राजदूत बनाया गया

रायपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। राजेश उईके पिता रतिराम उईके कोंडागाँव जि़ला के केशकाल के निवासी है, राजेश उईके 2006 बैच के फ़ोरेन सर्विस के अधिकारी है। विदेश मंत्रालय ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि वर्तमान में राजेश उईके विदेश मंत्रालय दिल्ली में एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीज़न में जाइंट सेकेट्री के पद पर कार्यरत है। वह तजाकिस्तान में भारत के राज़दूत विजयसिंह के जगह लेंगे, जो ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

भाजपा-कांग्रेस पर बरसीं मायावती

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां जी जान लगाकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही हैं। सभी पार्टियों के आलाकमान का दौरा भी जारी है। इसी कड़ी में बसपा सुप्रीमो मायावती छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में भी आमसभा की और बिलासपुर जिले के बसपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। मायावती की सभा में हजारों की तादात में लोग उपस्थित रहे।

बसपा सुप्रीमो मायावती की बिलासपुर के साइंस कॉलेज में आम सभा हुई, जिसमें उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, हम दमदारी और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को लंबे समय तक सत्ता में रखने वाले लोग यही दलित आदिवासी हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने दलित आदिवासियों को लेकर ध्यान नहीं दिया, इसीलिए बसपा जैसी पार्टी बनी। कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य विरोधी दलों ने आरक्षण का कोटा अब तक पूरा नहीं किया। महिलाओं ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

- प्रदेश में दलित आदिवासियों पर हो रहा अत्याचार
- विरोधी दलों ने अब तक पूरा नहीं किया आरक्षण का वादा

आचार समिति ने फिर की बैठक

महुआ की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। पैसा लेकर लोकसभा में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खतरे में आ गई है। मामले की जांच कर रही आचार समिति ने गुरुवार को बहुमत के आधार पर उन्हें संसद से निष्कासित किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। शुक्रवार को यह सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी जाएगी।

आचार समिति के अध्यक्ष विजय सोनकर ने बताया कि 10 में से 6 सदस्यों ने महुआ के निष्कासन के समर्थन में मतदान किया, जबकि चार सदस्य इसके विरोध में रहे। उन्होंने कहाकि आज की बैठक समिति ने महुआ पर लगे आरोपों की रिपोर्ट चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिन चार सदस्यों ने प्रस्ताव का विरोध किया, उन्होंने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से ग्रस्त और दोषपूर्ण करार दिया। भाजपा सांसद विनोद सोनकर जहां आचार समिति के अध्यक्ष हैं।

सलाह — *सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों को निगरानी रखने को कहा*

सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले जल्द निपटाएं

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रभावी निगरानी तथा शीघ्र निपटान के लिए गुरुवार को सभी उच्च न्यायालयों को स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

।मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन मामलों की प्रभावी निगरानी के उपाय विकसित करने की जिम्मेदारी उच्च न्यायालयों पर छोड़ते हुए कहा कि उनसे निपटाने के लिए देश भर की ट्रायल अदालतों को एक समान दिशानिर्देश देना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका का निपटारा करते हुए सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निपटान के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने सहित कई निर्देश जारी किया। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय न्यायिक और प्रशासनिक स्तर पर इन मुद्दों से निपट रहे हैं। वे उस स्थिति से अवगत हैं, जो उनकी हर जिला अदालत में मौजूद है। हम ऐसे तरीकों को विकसित करने के लिए इसे उच्च न्यायालयों पर छोड़ना उचित समझते हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सांसदों, विधायकों के लिए नामित अदालतों के संबंध में एक स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करेंगे, ताकि उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटान की निगरानी की जा सके। शीर्ष अदालत ने आगे कहा, स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ या उनके द्वारा नियुक्त पीठ द्वारा की जाएगी। स्वत- संज्ञान मामले की सुनवाई करने वाली विशेष पीठ मामले को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती है। उच्च न्यायालय मामलों के शीघ्र या प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश और निर्देश जारी कर सकता है। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि विशेष पीठ अदालत की सहायता के लिए महाधिवक्ता या लोक अभियोजक को बुलाने पर विचार कर सकती है। उच्च न्यायालय को अदालतों को मामले आवंटित करने की जिम्मेदारी वहन करने के लिए प्रधान और जिला सत्र न्यायाधीश की आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने कहा, नामित अदालतों को सांसदों, विधायकों के खिलाफ मौत या आजीवन कारावास की सजा वाले आपराधिक मामलों को पहले प्राथमिकता देनी चाहिए।

मौत की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने के दिए

इंडियाज गाट टैलेंट के सीजन 10 बने मलखंब अकादमी, टीम में बिलासपुर शहर के खिलाड़ी भी शामिल

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों ने इंडियाज गाट टैलेंट के सीजन 10 के आईजीटी ट्राफी जीतने में कामयाब हुए। इस टीम में बिलासपुर शहर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। टीवी शो में खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की बदौलत ही सफलता मिली। इस जीत पर शो के संचालक ने विजेता खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये से सम्मानित किए। इसके साथ ही विजेता खिलाड़ियों को मारुति सुजुकी अर्टिगा भी पुरस्कार के रूप में दिया गया है। शो में जीत हासिल करने के बाद अबूझमाड़ मलखंब अकादमी के कोच मनोज प्रसाद खुशी से झूम उठे। पुरस्कार जीतने के बाद चौकते हुए उन्होंने कहा कि ये सच नहीं लग रहा है। अबूझमाड़ अकादमी में ये हमारे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमने भारत के स्वदेशी खेलों और मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने की शुरुआत की है। इंडियाज गाट टैलेंट में भाग लेना हमारा पहला बड़ा कदम रहा। हमें बिल्कुल यकीन नहीं हो रहा है कि हमने ये शो जीत लिया है। शो के आखिर में छह फाइनल लिस्ट बचे थे, जिन्होंने आखिरी बार लोगों के सामने परफार्म किया।हिप-हाप डांस के बादशाह मुंबई से जीरो डिग्री, छत्तीसगढ़ से अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी, द आर्ट कोलकाता की गोल्डन गर्ल्स, इंडो-क्लासिकल फ्यूजन बैंड रागा फ्यूजन और नागालैंड की वुमन बैंड आपस में शो का विनर बनने के लिए आपस में भिड़े थे। जिसमें अबूझमाड़ मलखंब अकादमी को लोगों का सबसे ज्यादा प्यार भारी वोट के रूप में मिलें है। जिसकी वजह से ये इस शो में मलखंब अकादमी जीतने में सफल हुए। वहीं अबूझमाड़ मलखंब के कामयाबी के पीछे उनकी काफी मेहनत के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत देशभर के लोगों का समर्थन है।अमेरिका और जापान के खिलाड़ियों को भी हरा चुके हैं खिलाड़ी मलखंब के खिलाड़ियों ने अलग-अलग राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दो सौ से अधिक मेडल जीत चुके हैं। हाल ही में विश्व मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन भूटान में 9 से 12 मई 2023 तक किया गया था। इसमें भारत, जापान, अमरीका, साउथ अफ्रीका, ब्राजील सहित 20 देशों के दो सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भारतीय टीम में अकादमी के बच्चे भी शामिल हुए थे। इस दौरान खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल विजेता बने थे।

शो देख गेस्ट और होस्ट ने की तारीफें

मलखंब टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए कार्यक्रम के गेस्ट और होस्ट ने भी जमकर तारीफ की है। खिलाड़ियों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को देखकर दर्शक हैरान रह गए। पूरे कार्यक्रम तक दर्शक अपने जगह से हिले तक नहीं और एकटक उन्हें देखते रहें। कार्यक्रम के आखिरी राउंड में खिलाड़ियों ने बोाजी मारा और प्रदेश का नाम रोशन किए है।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

तखतपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरी खुर्द में बाल - दिवस एवं दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित की गई विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम 9 नवंबर को डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरी खुर्द में बाल दिवस एवं दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुभ आरंभ संस्था के प्राचार्य विनय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चो के प्यारे चाचा नेहरू जी एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । बाल दिवस कार्यक्रम के शुभारंभ पश्चात संस्था के प्राचार्य श्री विनय कुमार श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में कहा कि जब 20 नवंबर की तारीख के दिन के यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली (UNGA) ने बाल अधिकारों की घोषणा की थी. तब से विश्व बाल दिवस मनाने की शुरुआत 1954 में हुई थी, जब 20 नवंबर, 1954 को पहली बार यूनिवर्सल चिल्ड्रन्स डे (Universal Children's Day) मनाया गया था. तब से, हर साल यह दिन मनाया जा रहा है। प्राचार्य के उद्बोधन पश्चात विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चो के लिए प्रेरणात्मक गीत लव यू जिंदगी की प्रस्तुति दी गई। बाल दिवस एवं दीपावली की मधुर बेला में प्राथमिक स्तर , माध्यमिक स्तर एवं उच्च स्तर के विद्यार्थियों द्वारा रामायण की अद्भुत एवं अलौकिक नाट्य झांकी का सुंदर मंचन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रीना सिंह एवं सह शिक्षिका रश्मि सोनी एवं प्रियंका निराला के द्वारा मां दुर्गा को नृत्य के माध्यम से श्रद्धा नमन अर्पित किया गया ।

संगीत शिक्षिका हरलीन कौर के द्वारा बच्चो को गीत के माध्यम शुभ कामनाएं प्रेषित किया गया। विद्यालयीन शिक्षिका हर्षिता राजपूत, निशा राय , तानिया तिवारी,एवं हरलीन कौर के द्वारा बच्चो के उत्साहवर्धन के लिए नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सोशल मीडिया के शिकार युवा वर्ग को जागरूक करने के संदर्भ में विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कौशिक, अंकुश जैन, यतेंद्र जांगडे, आदित्य चंदेल, राहुल यादव, मुकेश कुमार, गौरव तिवारी एवं शिक्षिका एकता सिंह ने ड्रामा के माध्यम से युवाओं एवं बच्चों को संदेश देने का कार्य किया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शाला नायक एवं शाला नायिका ईशा साहू एवं प्रशांत देवांगन के द्वार आभार व्यक्त किया गया । बाल दिवस एवं दीपावली पर्व को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक गण ज्योति तिवारी, दीपिका यादव, गुलबर्ग टांडे, पूर्णिमा वैश्य, ऐश्वर्या साहू, विनय जॉन एवं विद्यालय के चतुर्थ कर्मचारी की सहभागिता रही।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुमीत गांधी (SUMEET GANDHI) पति संजीत सिंह गांधी (SANJEET SINGH GANDHI) निवासी वार्ड नंबर 31, सलूजा स्टील्स दयालबंद के पास, पंजाबी कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम सुमीत कौर गांधी (SUMEET KAUR GANDHI) को त्याग कर नया नाम-सुमीत गांधी (SUMEET GANDHI) रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुमीत गांधी (SUMEET GANDHI) से ही जाना पहचाना जावे।

सुमीत गांधी
(SUMEET GANDHI)
वार्ड नंबर 31, सलूजा स्टील्स दयालबंद के पास, पंजाबी कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

'ई' प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करने की सूचना।

1. **निविदा संख्याः** वा/सा/रा/पार्सल
2. **कार्य का नामः** रायपुर मंडल में 'ई'-नीलामी के माध्यम से 02 वर्ष की अवधि के लिए 04/3.9 टन की एसएलआर स्पेस क्षमता के पट्टे के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। (हर ट्रेन का किराया अलग-अलग होता है।)
3. निविदा खुलने का समयः 10.00 Hrs. दिनांक 17/11/2023 4. **वेबसाइट का नामः** www.ireps.gov.in.

टिप्पणीः 1. 'ई' - नीलामी में भाग लेने से पहले बोलीदाता को हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध 'ई' - नीलामी के सभी प्रवधानों/नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। 2. विषय 'ई' - नीलामी रेलवे बोर्ड के परिपत्रों क अनुसार शासित है। a) 2022 का माल विपणन परिपत्र संख्या 11(सं.2022/टीसी(एफएम)/10/04, दिनांक 13.06.2022) और समय-समय पर इसके संशोधन। b) 2022 का माल विपणन परिपत्र संख्या 12 (सं.2022/ टीसी(एफएम)/10/04/पं.1 दिनांक 14.06.2022) और समय-समय पर इसके संशोधन। c) अनुबंध की मानक शर्त और अनुबंध के लिए विशेष शर्तें 'ई'- नीलामी के माध्यम से दिए गए अनुबंधों पर लागू होंगी। 3. अधिक जानकारी के लिए आप वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय परिसर, आरवीएच कॉलोनी, वॉल्टेयर लेवल क्रॉसिंग के पास के कार्यालय के पते पर संपर्क कर सकते हैं। रायपुर (छ.ग.)।

विषय ई-निलामी पर रलवे प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), रायपुर

पीआर/आर/सीनि. डीसीएम/एपी/174

South East Central Railway @secrail

प्रथम पृष्ठ का शेष

देश के विकास में कांग्रेस की ...

सरकार ने छत्तीसगढ़वासियों को ठगने का काम किया है। भाजपा की सच्चाई जनता जानती है और एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में प्रचंड मतों से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। आम सभा में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रभारी कु. शैलजा, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, कटघोरा विधानसभा प्रत्याशी पुरूषोत्तम कंवर सहित कांग्रेस के अन्य उम्मीदवार, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

सिद्धार्थनाथ सिंह माफी मांगे...

उन्हें 508 करोड़ रुपए पहुंचाए गए हैं। प्रेस रिलीज़ में ईडी ने उसी गिरफ़्तार व्यक्ति के कथित बयान के हवाले से कहा कि यह पैसे महादेव ऐप के मैनेजर शुभम सोनी नाम के व्यक्ति के ज़रिए पहुंचे हैं। इसके दो दिन बाद मीडिया में एक वीडियो अवतरित हुआ। इस वीडियो में शुभम सोनी नाम का व्यक्ति यह कहता है कि उसे किसी 'वर्मा जी' ने मुख्यमंत्री से मिलवाया। वह इस 'वर्मा जी'का नाम बार बार लेता है। वह दावा करता है कि वह खुद महादेव ऐप का मालिक है और अब तक जिस रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर को ईडी महादेव ऐप का मालिक बता रही थी वे उसके नौकर हैं।भाजपा ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने में ज़रा भी देर नहीं की।

विनोद वर्मा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पत्रकार वार्ता लेकर इस वीडियो पर टिप्पणियां कीं। उन्होंने यह कह दिया कि शुभम सोनी ने जिस 'वर्मा जी' का नाम बार बार लिया वह और कोई नहीं बल्कि विनोद वर्मा है यानी मैं। आखिर भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश प्रवक्ता किस आधार पर इस नतीजे पर पहुंचे कि वह वर्मा जी और कोई नहीं विनोद वर्मा है? मैं न किसी शुभम सोनी को जानता हूं और न कभी उससे मिला हूं। मेरा नाम जान-बूझकर व अवैधानिक ढंग से लिया गया है। यह मुझे बदनाम करने की सोच समझकर चली गई एक कुत्सित राजनीतिक चाल है। 8 नवंबर को मेरे वकील की ओर से सिद्धार्थनाथ सिंह, केदार गुप्ता और अनुराग अग्रवाल को नोटिस भेज दी गई है। अगर वे अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त नहीं करते और अपना बयान वापस नहीं लेते हैं तो मैं इन तीनों भाजपा प्रवक्ताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाऊंगा।

कांग्रेस को वोट दे...

को 2 साल का बोनस 21 सौ रुपये में धान खरीदने का वादा से मुकर गए चुनाव के समय घर घर 3 -4 राशन कार्ड बनाया चुनाव खत्म होते ही सर्वे के नाम पर राशन कार्ड कटवाया भाजपा ने सिर्फ ठगने का काम किया है आदिवासी किसान महिला युवा को ठगा आदिवासियों को नौकरी मोदी जी ने 15 लाख रुपये देने की बात की हर साल 2करोड़ नौकरी किसानों की आय दुगुनी करने की बात कही थी जनधन खाता खुलवाया 1-2 -5 -10 साल बीत गए 15 लाख रुपये किसी के खाता में नहीं आया मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से पूछा कि किसी के खाते में 15 लाख रुपये आया क्या भीड़ से आवाज आई नहीं आया गृह मंत्री अमित शाह कहते है कि वह तो चुनावी जुमला था 08 नवम्बर को नोटबंदी5सौ एक हजार रुपये के नोट बंद कर दिया लेकिन काला धन वापस नहीं आया कोरोना महामारी में हमने विकास का काम रुकने नहीं दिया तेंदूपत्ता महुआ चार इमली की खरीदी की रोजगार गारंटी योजना के तहत काम किया भाजपाएम पी में कांग्रेस की सरकार गिरा कर भाजपा की सरकार बनाने में मस्त थे देश में लोग कोरोना से मर रहे थे मोदी जी दिया मोमबत्ती जलाने थाली ताली बजाने को कह रहे थे कोरोना भागा क्या भीड़ से आवाज आई नहीं कांग्रेस की सरकार जो वादा करती है उसकी गारंटी होती है भाजपा की कोई गारंटी नहीं होती मोदी की नहीं न रमन सिंह की कोई गारंटी मोदी जी झूठ बोल कर प्रधानमंत्री बन गएये लोग लबरा झुका है किसान सम्मान निधि का पैसा वापस मांग रहे हैं किसानों को नोटिस भेजा जा रहा है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले चुनावी वादे को याद दिलाया राहुल गांधी ने किसानों का कर्ज माफी का वादा किया था आप लोगों ने68 सीट जिताया शपथ ग्रहण क2 घंटे बाद केबिनेट की पहली बैठक में 19 लाख किसानों का साढ़े नव हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया जिन किसानों ने धान बेच लिए थे उनके खाते में 12 सौ करोड़ रुपये वापस जमा किया गया।

मोदी जी ने फरमान जारी किया कि छ ग की सरकार समर्थन मुल्य से अधिक में धान की खरीदी की तो चाँवल नहीं लेंगें हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को 9 से 10 हजार रुपये दे रहे हैं हमने25 सौ रुपये में धान खरीदी का वादा किया था लेकिन 2640 -2660रुपये में धान की खरीदी की वादा से ज्यादा 32 सौ रुपये में हमने धान खरीदी का वादा किया है 36 सौ रुपये होगा लेकिन32 सौ रुपये पूरे पांच साल तक रहेगा भूपेश बघेल ने कहा कि मैं किसान हूँ किसान की तख़लीक़ को समझता हूँ मोदी जी रोक हटा लें हम किसानों को 2 साल का बोनस देंगे मैंने इस बारे मेंप्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी है भाजपा के 15 साल तक लुटने का काम किया है म प्र में 18 साल से सरकार है वहाँ की हालात किसी से छुपी नहीं है 35 किलो चाँवल को 7 किलो कर दिया इनका कोई भरोसा नहीं है हमने ए पी एल बी पी एल सभी का राशन कार्ड बनाया और35 किलो चाँवल दे रहे हैं महिला स्व सहायता समूह का कर्जा माफ गैस सिलेंडर की बात करते हुए कहा कि महिला पुरूष सभी को 5 सौ रुपये का लाभ होगा उज्जवला योजना के तहत 107 रुपये में गैस मिलेगा भाजपा ने बिजली बिल माफ नहीं किया कांग्रेस ने 200 यूनिट तक फ्री बिजली देगी छ ग में 49 लाख घरेलू उपभोक्ता है 42 लाख परिवार का बिजली बिल नहीं आएगा 200 यूनिट बिजली फ्री का लाभ होगा भूपेश बघेल ने कहा कि भूमि हीन मजदूरों को सालाना10हजार रुपए मिलेगा तेंदूपत्ता मजदूरों को 6 हजार रुपये प्रति मानक बोरा साथ ही4 हजार रुपए बोनस प्रदेश में साढ़े छह हजार हाई हायर सेकंडरी स्कूलो कोआत्मानन्द स्कूलों में उन्नयन इन्हें5 सालों में शानदार स्कूल बनायेंगे छ ग देश का पहला राज्य जहाँ कॉलेज में पढ़ाई करने वालो को फ्री बस सेवा मेडिकल इंजीनियरिंग आदि की पढ़ाई सभी के लिए फ्री इससे शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा स्वास्थ्य के बारे में कहा कि खूबचंद बघेल योजना के तहत 10 लाख रुपये तक व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 25 लाख रुपये तक फ्री में इलाज दुर्घटना होने पर भी इलाज की सुविधा अंत्येष्टि के लिए लकड़ी फ्री मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डी ए देंगे ओल्ड पेंशन योजना लागू किया है अंत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नन्द सामान्य परिवार की है ये लड़ाई आपको लड़ना है एवं कांग्रेस की प्रत्याशी चातुरी नन्द को विजयी बनाना है सभा का संचालन पार्षद हरदीप सिंह रैना ने किया सभा को चातुरी नन्द मंत्री मोहन मरकाम बसना जनपद अध्यक्ष रूखमणी पटेल जगदीश वर्मा महेन्द्र बाघ राम नारायण आदित्य ने भी संबोधित किया मंच पर राजपरिवार के वरुणेंद्र बहादुर सिंह यशवेंद्र बहादुर सिंह आदित्येन्द्र बहादुर सिंह मंडी अध्यक्ष सीता पटेल नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल।

भीड़ से सरायपाली को जिला बनाने की मांग उठी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने 6 जिला 100 तहसील बनाया है इन्हें अपडेट करने दीजिए कार्यालय भवन कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा आदि पूरी होने दे फिर सरायपाली को जिला बनाएंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कहने के बाद काम होना चाहिए मैं रमन सिंह जैसा लबरा नहीं हूँ जो कहता हूँ उसे पूरा करता हूँ।

कांग्रेस से बड़ी भ्रष्ट सरकार...

का पूरा खर्चा बीजेपी उठाएगी। गैस का दाम 500 रुपए करेंगे। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने हजारों करोड़ का घोटाला किया है। उनको उल्टा लटका के सीधा करेंगे। रामलला के दर्शन चंद्रपुर वालों को करना है तो बीजेपी की सरकार बनाओ। भाजपा सबको श्रीराम भगवान के दर्शन कराएगी। हमारी सरकार आएगी तो चंद्रपुर में सिकलसेल सेंटर बनाएंगे। कश्मीर को लेकर शाह ने कहा, धारा 370 को कांग्रेस हटा नहीं रही थी, हमने धारा 370 हटाया। उन्होंने सभा में चंद्रपुर प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव को जीताने की अपील की।

केसकाल के राजेश उईके को ...

1997 बैच के आईएफएस के अधिकारी है, जो वहाँ 2019 से भारत के राजदूत है। राजेश उईके इसके पहले मॉस्को, ब्लैडिवोस्टक, बांग्लादेश और वियतनाम में भी भारतीय राजनयिक के रूप में अपनी सेवा दे चुके है। उनकी पत्नी श्रीमति जीना उईका भी आईएफएस के अधिकारी है जो वर्तमान में मॉस्को, रुस में भारत के उपराजदूत के पद पर कार्यरत है, राकेश ऊइके की कामयाबी पर केशकाल क्षेत्र वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

भाजपा-कांग्रेस पर बरसीं ...

के 33 प्रतिशत आरक्षण में भी एसटी-एससी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। छग में भी दलित आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है।

आगे मायावती ने कहा, आदिवासियों को जबरन नक्सली बताकर शोषण किया जा रहा है। दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय की भी हालत ठीक नहीं है। अपर क्लास गरीबों की हालत भी दयनीय बनी हुई है। केंद्र के भाजपा सरकार के नीतियों के कारण किसानों की स्थिति खराब है। गलत नीतियों के कारण देश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। देश में गिने चुने धन्नासेठों का केवल विकास हो रहा है। देश में हर स्तर पर भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। छग में भी बड़ा भ्रष्टाचार है। कांग्रेस भाजपा दोनों दलों ने छग के लिए कुछ नहीं किया।

गुलाब राज सहित छह दिग्गज आदिवासी नेता कांग्रेस से निष्कासित

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। मरवाही विधानसभा क्षेत्र से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रत्याशी गुलाब राज सहित 6 दिग्गज आदिवासी नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित करते हुए कांग्रेस से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। देर से की गई इस कार्यवाही की संभावना पहले से ही थी जिसकी आज अधिकृत रूप से घोषणा की गई है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेंड्रा मरवाही के महामंत्री पुष्पराज सिंह द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार गुलाब राज शंकर पटेल मुद्रिका सिंह सराठी,अजीत सिंह श्याम, गुलाब सिंह अर्मो नारायण सिंह अर्मो को पार्टी का निलंबन आदेश देते हुए कहा गया है कि छ. ग. विधानसभा चुनाव 2023 विधानसभा मरवाही क्रं. 24 (अ.ज.जा.) पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध जनता कांग्रेस (जोगी) पार्टी से चुनाव लड़ रहे व साथ ही दूसरे दल का लगातार कार्य करते हुए अनुशासनहीनता की जा रही है जो कि पार्टी संविधान के विरुद्ध है।

निधन

प्रमोद श्रीवास

तखतपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। टिकरीपारा निवासी प्रमोद श्रीवास 33 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे रामसहाय श्रीवास पुत्र, विनोद श्रीवास, मनोज श्रीवास के बड़े भाई थे। इनका अंतिम संस्कार 10 नवंबर को स्थानीय मुक्तिधा में प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

रमा बाई तिवारी

तखतपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। कैलाश नगर निवासी श्रीमती रमा बाई तिवारी 80 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे विजेंद्र तिवारी (शिक्षक) ज्ञानेंद्र तिवारी (लेखा पाल) विनोद तिवारी ,रूपेश तिवारी की माँ और अभिषेक तिवारी ,योगेश तिवारी ,हर्षित तिवारी की दादी थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य

अभ्यर्थी का नाम और पता: विजय केशरवानी नर्मदा नगर बिलासपुर (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम: इंडियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)
निर्वाचन का नाम: विधानसभा छत्तीसगढ़
निर्वाचन क्षेत्र का नाम: 31 बेलतरा

मैं **विजय केशरवानी** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र.सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
(1)	श्रीमान न्या.द.प्र. श्रेणी बिलासपुर श्रीमान गिरीश पाल साहब	खात्मा क्र. 50/20 30/10/20	खात्मा लंबित पेशी ता. 29/04/24	147, 148, 186, 353, 294, भा.द.वि.

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

क्र.सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खे)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दंड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड
	निरंक	निरंक	निरंक

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सिंतबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पताः शैलेश पाण्डेय पता कार्यालय मकान नं. ई-2/4, वेयर हाउस, बिलासपुर (छ.ग.) पिन कोड 495001, स्थायी पता -मकान नं.-ई एक्स -08, आसमां इनक्लेव,जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास, ग्राम सकरी, तहसील - सकरी, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), पिन कोड 495001.

राजनैतिक दल का नामः इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नामः छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन-2023

'निर्वाचन क्षेत्र का नामः बिलासपुर निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-30

मैं शैलेश पाण्डेय (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ:

(क)	लंबित आपराधिक मामले			
क्र.सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामलों (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा(धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1	न्यायालय में लंबित नहीं	थाना कोटा बिलासपुर छ.ग. में अप.क्र.247/2018 दिनांक-14.06.2018	अन्वेषण जारी	पदीय कर्तव्य के निर्वहन में भ्रष्टाचार का आरोप अंतर्गत धारा धारा 13 (1) इ (डी),13(2).भ्र.नि.अधिनियम 1988.
2	कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर	थाना तोरवा बिलासपुर छ.ग. में इस्तगासा क्रमांक 200/2018.	कार्यवाही समाप्त ।	टी एस बाबा एवं 164 अन्य के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही। धारा 151, 107, 116 दण्ड प्रक्रिया संहिता.
3	न्यायालय की जानकारी प्राप्त नहीं है।	थाना सिविल लाईन बिलासपुर में अप.क्र.229/2020.	थाने द्वारा खात्मा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत है।	कोविड काल में अपने आवास में भीड़ को राशन वितरण करना धारा 269 एवं 188 भारतीय दण्ड संहिता
4	उपरोक्तानुसार	थाना सिविल लाईन बिलासपुर में अप.क्र-806/2020	थाने द्वारा खात्मा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत है।	कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालना। धारा 147, 148, 186, 353, 294.भारतीय दण्ड संहिता.
5		थाना रेल्वे सुरक्षा बल बिलासपुर छ.ग. में अप.क्र.2904/2023	अन्वेषण जारी है।	रेल रोको आंदोलन 174 (ए), 147 रेल अधिनियम.

ख	आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि मामलों के सबंध में विवरण			
क्र.सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण		अधिकतम अधिरोपित दंड
	निरंक	निरंक	निरंक	निरंक

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

देश

उवाच

सीबीआई, ईडी और ईसीआई को केंद्र का 'तोता' बताते हुए राउत ने तर्क दिया कि वे उन राज्यों में सक्रिय हो जाते हैं जहां चुनाव हो रहे होते हैं, 'हमने इसे महाराष्ट्र में भी अनुभव किया है...विपक्षी दलों को केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा व्यवस्थित रूप से निशाना बनाया जा रहा है...शिवसेना (विभाजन) के मामले में ईसीआई ने केंद्र सरकार के दबाव में फैसला लिया:- **संजय राउत, सांसद शिवसेना (यूबीटी)**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	3.7	15.5
मुंबई	35.6	25.4
कोलकाता	31.	2.9
चेन्नई	28.	27.

पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने उतारे महज 12 फीसदी महिला उम्मीदवार!

नई दिल्ली, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। कहने को तो महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा चुनावों में 33 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक पारित हो चुका है। परिसीमन के बाद इसे लागू भी कर दिया जाएगा। लेकिन मौजूदा पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की बात करें तो कांग्रेस और भाजपा और अन्य क्षेत्रीय दलों ने इन चुनावो में मात्र 12 फीसदी महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान मे उतारा है। आंकडों की बात करें तो पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम की 679 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 643 और कांग्रेस ने 666 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें भाजपा नें 80 तो कांग्रेस ने महज 74 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। 230 सदस्यीय मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए 17 नवम्बर को चुनाव होंगें। यहां भाजपा ने 28 तो कांग्रेस पार्टी ने 30 महिलाओं को टिकट थमाया है। वहीं 90 सदस्यीय छत्तीसगढ विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव की तिथि 7 और 17 नवम्बर तय है। यहां भाजपा ने 14 और कांग्रेस ने महज 3 महिलाओं को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। जबकि राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा ने 20 और कांग्रेस ने 28 महिलाओं को उम्मीदवार घोषित किया है। तेलंगाना में 30 नवम्बर को चुनाव है। 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा

■ **पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम की 679 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 643 और कांग्रेस ने 666 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की**

व कांग्रेस ने क्रमश: 14 और 11 महिलाओं को टिकट दिया है। मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा की बात करें जहां 7 नवम्बर को मतदान हो चुका है,भाजपा ने 4 और कांग्रेस ने दो महिलाओं को उम्मीदवार है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चुनाव में महिला उम्मीदवारों का चयन उनकी चुनाव जितने की क्षमता के आधार पर किया गया है। लेकिन जब आरक्षण का कानून प्रभावी हो जाएगा तो 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए सभी दल बाध्य रहेंगे।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की ओबीसी को लुभाने की रणनीति

भोपाल, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरफ जहां जातीय जनगणना का दांव चला है तो दूसरी ओर इस वर्ग से नाता रखने वाले नेताओं को भी मैदान में सक्रिय कर दिया है।

राज्य में 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं और सरकार बनाने के लिए 116 स्थान पर जीत जरूरी है। कांग्रेस बहुमत हासिल करने के लिए सबसे बड़ी आबादी ओबीसी को लुभाने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने लगभग 27 प्रतिशत यानी कि 60 के करीब इस वर्ग के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। तो, वहीं ऐसे नेताओं को भी सक्रिय किया है, जिनकी इस वर्ग में पकड़ है। राज्य की सियासत में ओबीसी वर्ग का खासा प्रभाव है और वह चुनाव में निर्णायक स्थिति में भी है। राज्य का विंध्य और बुंदेलखंड तो वह इलाका है, जहां इस वर्ग के मतदाता सीधे तौर पर चुनाव नतीजा बदलने में सक्षम हैं। यही कारण रहा कि कांग्रेस ने विंध्य क्षेत्र से नाता रखने वाले ओबीसी नेट राजमणी पटेल को राज्यसभा में भेजा। पार्टी ने अब इस वर्ग के नेताओं को चुनाव प्रचार के काम में भी लगा रखा है। लोधी वर्ग से नाता रखने वाली साधना भारती को पार्टी ने बुंदेलखंड इलाके में प्रचार के लिए भेजा है। पार्टी की स्टार प्रचारक सूची में नाम न होने से नाराज भारती ने प्रचार करने से ही इनकार कर दिया था। आखिरकार प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी और वे देवरी के अलावा बड़ा मलहरा भी प्रचार करने पहुंची। इसके अलावा पार्टी ने ओबीसी नेता और प्रदेश संगठन के महामंत्री पवन पटेल को भी इस क्षेत्र में सक्रिय किया है और जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के कई हिस्से ऐसे हैं, जहां ओबीसी वोटर निर्णायक हैं और नतीजों को सीधे तौर पर प्रभावित करने की स्थिति में हैं। लिहाजा कांग्रेस ने इसी वर्ग से जुड़े नेताओं को सक्रिय किया है जो मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में तैयार करने में सक्षम हैं, अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस को लाभ होता दिखता है।

मप्र में कांग्रेस रोजगार सहायकों व सचिवों का नियमित पद पर करेगी समायोजन

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने सत्ता में आने पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों से बड़ा वादा किया है, इनका नियमित पदों पर समायोजन किया जाएगा। वर्तमान में इन पदों पर 23 हजार लोग काम कर रहे है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने एक्स पर कहा, 'कांग्रेस ने सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर लोकतंत्र में वास्तविक अधिकार ग्राम पंचायतों को सुनिश्चित कराए क्योंकि ग्रामों की खुशहाली से ही प्रदेश में खुशहाली आती है और इस लक्ष्य को सशक्त रूप से साकार करने के लिए मैं वचनबद्ध हूं।' उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस सरकार, मध्यप्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम को मूल भावना के अनुरूप अक्षरश: लागू करेगी। ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की मांग पर न्याय करेंगे तथा ग्राम रोजगार सहायक को सहायक पंचायत सचिव का दर्जा देंगे। इनको नियमित वेतनमान से जोड़ेंगे एवं अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ देंगे। उन्होंने कहा, जनता की सरकार - जनता ही सरकार के सिद्धांत पर चलकर ग्राम सभाओं एवं ग्राम पंचायतों को पुन: अधिकार सम्पन्न बनायेंगे।

मप्र में कांग्रेस रोजगार सहायकों व सचिवों का नियमित पद पर करेगी समायोजन

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने सत्ता में आने पर ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों से बड़ा वादा किया है, इनका नियमित पदों पर समायोजन किया जाएगा। वर्तमान में इन पदों पर 23 हजार लोग काम कर रहे है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने एक्स पर कहा, 'कांग्रेस ने सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर लोकतंत्र में वास्तविक अधिकार ग्राम पंचायतों को सुनिश्चित कराए क्योंकि ग्रामों की खुशहाली से ही प्रदेश में खुशहाली आती है और इस लक्ष्य को सशक्त रूप से साकार करने के लिए मैं वचनबद्ध हूं।' उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस सरकार, मध्यप्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम को मूल भावना के अनुरूप अक्षरश: लागू करेगी। ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की मांग पर न्याय करेंगे तथा ग्राम रोजगार सहायक को सहायक पंचायत सचिव का दर्जा देंगे। इनको नियमित वेतनमान से जोड़ेंगे एवं अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ देंगे। उन्होंने कहा, 'जनता की सरकार - जनता ही सरकार के सिद्धांत पर चलकर ग्राम सभाओं एवं ग्राम पंचायतों को पुन: अधिकार सम्पन्न बनायेंगे। सरपंचों के सम्मान को सुनिश्चित करेंगे एवं उनकी गरिमा को कम करने वाले नियमों को बदलेंगे। सरपंच निर्वाचित जनप्रतिनिधि होते हैं, अतएव उनके विरूद्ध की गई शिकायतों के निराकरण की नई व्यवस्था करेंगे। ग्राम पंचायतों में एक सचिव और एक सहायक सचिव की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।' जिला पंचायत और जनपद पंचायतों को लेकर कमल नाथ का कहना है, जिला पंचायतों एवं जनपद पंचायतों में नगरीय निकायों की तरह एल्डरमैन नियुक्त करेंगे। 15वें वित्त आयोग की राशि नवीन जनसंख्या अनुसार ग्राम पंचायतों को मिले, इस हेतु प्रस्ताव करेंगे। वित्त आयोग की राशि में जिला एवं जनपद सदस्यों को विकास कार्य के लिए अलग से मिले, इस हेतु प्रस्ताव करेंगे। पंचायत स्तरीय पदों के लिए पृथक से स्थानांतरण नीति बनायेंगे। जिला एवं जनपद पंचायत को अधिकार देंगे।

सार संक्षेप

तेलंगाना में रोड शो के दौरान बाल-बाल बचे केटीआर

हैदराबाद। तेलंगाना के मंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव गुरुवार को निज़ामाबाद जिले के आर्मूर कस्बे में एक रोड शो के दौरान चुनाव प्रचार वाहन से गिर जाने के बाद बाल-बाल बच गए। केटीआर को उस समय मामूली चोट आई जब चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण वह अन्य बीआरएस नेताओं के साथ वाहन से गिर गए। केटीआर बीआरएस के अन्य स्थानीय नेताओं के साथ वाहन पर खड़े थे। ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाया तो लोहे की रेलिंग ढह गई और नेता जमीन पर गिर पड़े। मंत्री के सुरक्षाकर्मी तुरंत उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े। यह घटना तब हुई जब केटीआर अन्य लोगों के साथ आर्मूर से बीआरएस उम्मीदवार जीवन रेड्डी के नामांकन दाखिल करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय के पास एक रैली में जा रहे थे।

आयकर विभाग के छापे तेलंगाना में कांग्रेस की सुनामी का संकेत: रेवंत रेड्डी

हैदराबाद। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को खम्मम जिले में पार्टी नेता पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के घर और कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी की निंदा की। उन्होंने कहा, 'आज पोंगुलेटी, कल तम्माला, इससे पहले कांग्रेस के अन्य नेताओं पर भी छापेमारी क्या कोई संकेत है।' रेवंत रेड्डी ने पूछा कि भाजपा और बीआरएस नेताओं के घरों पर आईटी छापे क्यों नहीं पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये छापे तेलंगाना में कांग्रेस की सुनामी का संकेत हैं। टीपीसीसी प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, 'मोदी-केडी स्पष्ट जानकारी मिलने के बाद चिंतित हैं कि राज्य में कांग्रेस की सुनामी आ रही है। यह उस सुनामी को रोकने की तरकीब है।' उन्होंने भाजपा और बीआरएस के चुनाव चिह्नों का जिक्र करते हुए कहा, '3 नवम्बर को कांग्रेस की सुनामी में कमल और कार का डूबना तय है।' आईटी अधिकारी गुरुवार तड़के से खम्मम में श्रीनिवास रेड्डी के घर और कार्यालयों पर तलाशी ले रहे हैं।

तेलंगाना कांग्रेस नेता पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के परिसरों पर आयकर विभाग ने की छापेमारी

खम्मम। तेलंगाना विधानसभा के लिए 3 नवंबर को होने वाले चुनाव में खम्मम जिले के पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के परिसरों पर आयकर (आईटी) विभाग ने गुरुवार सुबह छापेमारी शुरू की। पूर्व सांसद श्रीनिवास रेड्डी ने एक दिन पहले ही केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी की आशंका जताई थी। आयकर विभाग के अधिकारी गुरुवार तड़के खम्मम में उनके घर और कार्यालयों पर पहुंचे।

मोदी, भाजपा और आरएसएस देश का संविधान चाहते हैं बदलना: मल्लिकार्जुन

बैकुंठपुर (छत्तीसगढ़), 9 नवम्बर (एजेंसियां) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा और आरएसएस देश में संविधान बदलना चाहते हैं,और गरीबों और वंचित लोगों को जो हक मिल रहे हैं उसको खत्म करना चाहते हैं। श्री खडगे ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में कहा कि मोदी कहते हैं कि कांग्रेस ने कुछ नहीं किया, सब कुछ उन्होंने ही किया है। वह अपने भाषणों में बार बार राहुल गांधी का नाम लेते हैं। एक भाषण में कम से कम 50 बार कांग्रेस का नाम लेते हैं। वह ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें कांग्रेस से ही डर है। उन्होने कहा कि कांग्रेस गरीबों के लिए लड़ती है और मोदी अडानी जैसे अमीरों के लिए लड़ते हैं। गरीबों के लिए लड़ने वालों को सत्ता से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा और आरएसएस देश में संविधान बदलना चाहते हैं,और गरीबों और वंचित लोगों को जो हक मिल रहे हैं उसको खत्म करना चाहते हैं:- मल्लिकार्जुन खड़गे

दूर रखने के लिए मोदी सारी कोशिश कर रहे हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस की सरकार न्याय योजना के तहत किसानों मजदूरों के खाते में पैसे डालती है। तेंदूपत्ता के दाम भी हमने बढ़ाए हैं। मोदी जी सिर्फ भड़काने का काम करते हैं। हिंदू-मुसलमान में लड़ाने का काम करते हैं। बच्चों के दिमाग में बार-बार इन बातों को डाला जा रहा है। सिर्फ नफरत का वातावरण बनाने का काम भाजपा ने किया है। के ंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए श्री खड़गे ने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग के छापे डाले जा रहे हैं। ये सब कार्रवाई कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। हम डटकर खड़े हैं और छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। हमने जो वादे किए हैं, उसे निभाएंगे।

उन्होने कहा कि कांग्रेस के एक प्रत्याशी के खिलाफ बीजेपी ने तीन-तीन प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं और यह तीनों हैं ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग। हमारे प्रत्याशियों और उनके रिश्तेदारों के घर पर रातों रात छापे मारे जा रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशियों और मतदाताओं को डराया जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ के लोग इससे डरने वाले नहीं हैं। उन्होने कहा कि दिल्ली में जब मनमोहन सिंह की सरकार थी तब भी हमने कहा था किसानों का कर्ज माफ करेंगे, जिसे पूरा करके दिखाया।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 53 प्रतिशत उम्मीदवार दागी, भाजपा ने घटाई दागी उम्मीदवारों की संख्या

भोपाल, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस के 53 फीसदी (आधे से अधिक) और भारतीय जनता पार्टी के 28 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जो आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव (2018) की तुलना में इस बार दागी उम्मीदवारों की संख्या दो प्रतिशत कम कर दी है। पिछले चुनाव में पार्टी के 30 फीसदी उम्मीदवार दागी थे, इस बार ये संख्या 28 फीसदी हो गई है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में जहां 48 फीसदी दागी उम्मीदवारों पर दांव लगाया था, वहीं इस बार ये संख्या बढ़कर 53 फीसदी हो गई है। ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक ऐसोसिएशन (एडीआर) और मध्यप्रदेश इलेक्शन वॉच की ओर से आज जारी रिपोर्ट में ये आंकड़ा सामने आया है। संस्था ने सभी उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए शपथपत्रों का विश्लेषण कर ये रिपोर्ट

■ **कांग्रेस के 53 फीसदी (आधे से अधिक) और भारतीय जनता पार्टी के 28 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं**

जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के 53 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के आधे से अधिक, 121 प्रत्याशियों ने स्वयं पर कोई ना कोई आपराधिक मामला घोषित किया है। दागी उम्मीदवारों पर दांव आजमाने में दूसरा स्थान आम आदमी पार्टी (आप) का है। आप के कुल घोषित उम्मीदवारों में से 39 फीसदी दागी हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव में कुल दो हजार 534 उम्मीवार भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें से 19 फीसदी ने स्वयं पर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। वर्ष 2018 में ये आंकड़ा 17 प्रतिशत था। कुल 24 उम्मीदवारों ने स्वयं पर महिला अत्याचार संबंधित मामले घोषित किए हैं, जबकि एक प्रत्याशी ने स्वयं पर दुष्कर्म और 10 ने हत्या का मामला भी घोषित किया है।

संस्था ने प्रत्याशियों की आर्थिक स्थिति का भी विश्लेषण किया है। इसके अनुसार 265 उम्मीदवार (10 फीसदी) की संपत्ति पांच करोड़ या इससे ऊपर है। भाजपा के कुल 87 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति है। कांग्रेस के 85 फीसदी, आप के 59 फीसदी और बसपा के 30 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति हैं। भाजपा के प्रत्याशी चैतन्य कश्यप सबसे ज्यादा संपत्ति वाले उम्मीदवार हैं, जिनकी कुल संपत्ति 296 करोड़ रुपए के ऊपर है। दूसरे स्थान पर भाजपा के ही संजय सत्येंद्र पाठक (242 करोड़) और तीसरे स्थान पर कांग्रेस के संजय शुक्ला (217 करोड़) हैं। कुल 12 प्रत्याशियों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने गजवेल से नामांकन दाखिल किया

हैदराबाद, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने 30 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को गजवेल विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया।

हैदराबाद से हेलीकॉप्टर से गजवेल पहुंचने के बाद, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करने के लिए एकीकृत कार्यालय परिसर में गए। कागजात दाखिल करने के बाद केसीआर बीआरएस के एक प्रचार वाहन में चले गये। वह वाहन के ऊपर स्थानीय बीआरएस नेताओं के साथ खड़े हुए और उन लोगों की ओर हाथ हिलाया जो उनके स्वागत के लिए कतार में खड़े थे। बीआरएस नेता, जो 2014 और 2018 में सिद्दीपेट जिले की

गजवेल से चुने गए थे एक बार फिर वहीं से मैदान में हैं। वह कामारेड्डी जिले के कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ रहे हैं। वह दोपहर में कामारेड्डी से नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद वह दोपहर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पहले की तरह, केसीआर ने सिद्दीपेट जिले के कोनैपल्ली में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा की। उन्होंने 4 नवंबर को मंदिर का दौरा किया था और अपना नामांकन पत्र भगवान के चरणों में रखा।

गजवेल में केसीआर का मुकाबला भाजपा के एटाला राजेंदर से होगा, जो दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं। राजेंद्र, जो 2021 में केसीआर द्वारा मंत्रिमंडल से हटाए जाने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे और उपचुनाव में हुजूराबाद सीट बरकरार रखी थी, वह भी हुजूराबाद से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं।

पीएम मोदी ने प्रचार के दौरान कांग्रेस और मध्य प्रदेश के दो बड़े नेताओं पर हमले बोले

कांग्रेस आई, तबाही लाई, सतना की सभा में गरजे पीएम मोदी

भोपाल, 9 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के दौरान कांग्रेस और मध्य प्रदेश के दो बड़े नेताओं पर हमले बोले और बेटों को सेट करने के लिए राज्य को अपसेट करने का आरोप लगाया। साथ ही मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा सबको सीख है, कांग्रेस आई, तबाही लाई और चल रही योजनाओं को बंद कर देगी। सतना की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मप्र में कांग्रेस ने दो ऐसे नेता खड़े किए हैं, जो कई दशकों से मध्य प्रदेश कांग्रेस को चलाते हैं,आजकल वो दोनों एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। यही नेता मप्र को दशकों तक अभाव में रखने के लिए जिम्मेदार हैं। ये आपके बेहतर भविष्य का भरोसा नहीं दे सकते। इनका तो अभी बस एक ही एजेंडा है कि 3 दिसंबर को भाजपा से हारने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस पर किसका बेटा कब्जा करेगा। अपने बेटों को सेट करने के लिए वो पूरे मध्य प्रदेश को अपसेट करने में लगे हैं।

कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा,

कांग्रेस किस तरह गरीबों का हक छीनती है, उसका जीता-जागता प्रमाण है फर्जी लाभार्थी घोटाला। जितनी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की आबादी मिलकर है, उतने फर्जी लाभार्थी कांग्रेस ने देश भर में कागजों में पैदा कर दिए थे। आपको एक सीख याद रखनी है, कांग्रेस आई, तबाही लाई, अगर गलती से भी कांग्रेस आ गई तो फिर आपको सरकार से मिलने वाली सारी मदद बंद कर देगी। उन्होंने आगे कहा, एमपी में मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया है। कांग्रेस के पास एमपी के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस के थके-हारे चेहरों में एमपी के युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखता। इसलिए एमपी को भाजपा पर भरोसा है। एमपी को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मतदाताओं को उनकी ताकत का एहसास कराते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एमपी के चुनाव में आपका हर वोट त्रिशक्ति की ताकत से भरा हुआ है। आपका एक वोट यहां फिर से भाजपा की सरकार बनाने जा रहा है। आपका वही वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा। आपका वही वोट, भ्रष्टाचारी कांग्रेस की सरकार से सौ कोस दूर रखेगा। यानी एक वोट, तीन कमाल!

केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के हित में किए जा रहे कामों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा सरकार ने देश के गरीब के अपने पक्के घर के सपनें को पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया है। बीते 10 वर्षों में हमने 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के घर दिए हैं। हम तो भक्ति में डूबे हुए लोग हैं, जिस भक्ति से भव्य राम मंदिर मंदिर बनाते हैं, उसी भक्ति से 4 करोड़ गरीबों के घर भी बनाते हैं। अयोध्या के राम मंदिर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आजकल जहां भी जाता हूं, वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु राम के मंदिर की चर्चा चलती है।

राजनीति | *विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भाजपा महिला बिग्रेड ने मोर्चा संभाला*

राजस्थान में भाजपा का परचम फहराने पहुंची यूपी की महिला शक्ति

लखनऊ, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भाजपा महिला बिग्रेड ने मोर्चा संभाल रखा है। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बाद इनकी अहमियत पार्टी ने और बढ़ा दी है। राजनीतिक जानकर कहते हैं कि 'नारी वंदन अधिनियम' के बाद से महिलाओं की भूमिका को भारतीय जनता पार्टी ने बढ़ाया है।

इसी कारण राजस्थान में प्रदेश की तकरीबन 39 महिला पदाधिकारियों को पार्टी का परचम बुलंद करने के लिए मैदान में उतारा गया है। भाजपा के जानकार बताते हैं कि भाजपा राज्य की सत्ता में बैठी अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार पर हमलावर हो रही है। भाजपा एक तरफ गहलोत सरकार पर हमलावर है तो दूसरी तरफ पार्टी बूथ स्तर तक संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी 20-20 घंटे काम कर रहे हैं। दिल्ली और जयपुर से बूथ स्तर तक चुनाव अभियान की

मॉनीटिरंग की जा रही है। विपक्ष में बैठी भारतीय जनता पार्टी राज्य की सत्ता पर काबिज होने के लिए हर चक्रव्यहू की रचना कर रही है। राजस्थान में हजारों की संख्या में प्रवासी कार्यकर्ता राजस्थान की भूमि पर पहुंचे हैं और भगवा रंग को जमाने एवं कमल खिलाने का काम कर रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा ने राजस्थान चुनाव में यूपी की महिला पदाधिकारियों को कैंपेन करने के लिए लगाया है। उत्तर प्रदेश से 39 महिला पदाधिकारी राजस्थान की अलग-अलग विधानसभाओं में घूम रही हैं और पार्टी का प्रचार कर रही हैं। इन महिला पदाधिकारियों को जनसंपर्क अभियान, शक्ति केंद्रों और बूथों पर कैंपेन का काम दिया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को प्रमुख रूप से राजस्थान चुनाव में लगाया गया है। उन्हें जयपुर जिला मिला है। डॉ. अंतुल तेवतिया झोटवाड़ा विधानसभा में चुनाव प्रचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृ शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त करने का काम पीएम मोदी ने किया है। मातृशक्ति के साथ साथ आमजन का उत्साह देखकर स्पष्ट है कि झोटवाड़ा सहित सम्पूर्ण प्रदेश में भाजपा प्रचंड मतों से विजय होने वाली है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुसुम अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा रमा गुप्ता, मोदीनगर से विधायक डॉ. मंजु सिवाय, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा दीपमाता संतोषी, पुष्पा सिंह (बुलंदशहर), सहारनपुर से प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा नूतन शर्मा को लगाया गया है। इनके अलावा पूरे उत्तर प्रदेश से प्रवासी महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता राजस्थान पहुंचे हैं और अलग-अलग विधानसभाओं में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। कानपुर की विधायक नीलिमा कटियार, काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा नम्रता चौरसिया, विधायक सीतापुर आशा मौर्य, विधायक बहराइच सरोज सोनकर, लखनऊ से सुमन शुक्ला, देवरिया की रीतू शाही और प्रयागराज से आकांक्षा सोनकर, क्षेत्रीय अध्यक्ष, महिला मोर्चा ब्रज मधुलिका राधव समेत अनेक लोग शामिल हैं।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

वाकई जल्दी निपटें सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामले

सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के हाई कोर्टों को आदेश दिया है कि वे जिला न्यायालयों में ऐसे लम्बित मामलों की नियमित निगरानी करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई निश्चित समयावधि सम्बन्धी निर्देश नहीं दिए जा सकते लेकिन उच्च न्यायालय स्वत: संज्ञान लेकर ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता दी जाये जिनमें उम्र कैद या फांसी की सजा का प्रावधान हो। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा अन्य सदस्य हैं। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ऐसे मामलों पर तेजी से सुनवाई के लिए विशेष बेंच भी बना सकते हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वत: संज्ञान लेना होगा। अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित मुकदमों की प्रभावी निगरानी और निपटान हेतु कार्यवाही को तेज़ करें। इन प्रकरणों की सुनवाइयों को हाईकोर्टों को वेबसाइटों पर डालने का भी आदेश बेंच द्वारा दिया गया जिससे जनता को पता चलता रहे कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ किस प्रकार के मामले लम्बित हैं और उन पर कोर्ट की सुनवाई में क्या हो रहा है।

मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ के निर्देशानुसार ये विशेष पीठें ज़रूरत पड़ने पर मामलों को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती हैं। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों के जल्दी और प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश भी जारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि विशेष पीठ का नेतृत्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कर सकते हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि मौत की सजा या आजीवन कारावास वाले मामलों के बाद पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय उन मामलों की भी सूची तैयार करेंगे जिन प्रकरणों पर रोक लगा दी गई है और ऐसे मुकदमों में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश दिया गया जिसमें मांग की गई थी कि देश भर की अदालतें वर्तमान और पूर्व सांसदों-विधायकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। इसकी सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे देश में वर्तमान व पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5175 प्रकरण लम्बित हैं। 2116 (करीब 40 फीसदी) मामले तो 5 साल से अधिक समय से लम्बित हैं। सर्वाधिक 1377 मामले उत्तर प्रदेश में हैं। दूसरे क्रमांक पर बिहार है। यहां 546 प्रकरण हैं। महाराष्ट्र में ऐसे 482 मामले लम्बित हैं।

उल्लेखनीय है कि 2014 में भी एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रकरणों का निपटारा आरोप तय होने के एक वर्ष के भीतर निपटा दिया जाना चाहिए। यहां यह भी स्मरणीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश का नेतृत्व सम्भाला था, तब उन्होंने भी ऐसा ही कुछ मंतव्य जाहिर किया था जिससे लोकतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में आस्था रखने वाले लोगों को यह उम्मीद बंध चली थी कि अब अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले लोग बेधड़क संसद के सदनों और विधानसभा-विधान मंडलों में नहीं पहुंच पाएंगे। चूंकि मोदी उस भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बात करती थी, उसी के बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि बनकर इन सदनों में न केवल प्रवेश पा रहे हैं बल्कि बड़े ओहदों पर भी काबिज हो रहे हैं तथा पार्टी में भरपूर सम्मान पा रहे हैं। बहुत से लम्बित मामले ऐसे हैं जिनमें भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता है। वैसे यह भी सच है कि सिर्फ भाजपा के लोगों के खिलाफ गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध जर्ज नहीं हैं बल्कि लगभग सारे ही राजनैतिक दलों का यही हाल है।

कुछ अरसा पहले एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने बताया था कि आपराधिक रेकार्ड के लोग हर दल से शर्तिया जीतते हैं। इस कारण वे सभी दलों की पहली पसंद होते हैं। इसीलिये बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विधायिकाओं में पहुंचते हैं और अपने पद, प्रभाव तथा पैसों के बल पर अपने खिलाफ जारी जांच व मुकदमों को या तो रुकवा देते हैं या उनकी गति को धीमा करवा देते हैं। इन प्रकरणों के बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं और कार्यकाल पूरा कर लेते हैं।

तमाम निराशाजनक तस्वीर के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला और हाई कोर्टों को दिया निर्देश आशा की किरण के रूप में देखा जा सकता है बशर्ते कि उच्च न्यायालय बगैर दबाव व प्रभाव में आये तथा भारी-भरकम फीस लेकर मामले लड़ने वाले उनके हाई प्रोफाईल वकीलों के दांव-पेंचों से निकलकर वाकई कथित बड़े लोगों के प्रकरणों को शीघ्रताशीघ्र निपटाये और देशवासियों को एक साफ-सुथरी लोकतांत्रिक व्यवस्था देंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों को इसका भी रास्ता निकालना होगा कि वह कैसे सत्ताधारी दलों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अपने सांसदों, विधायकों, मत्रियों आदि के खिलाफ थानों में दर्ज व न्यायालयों में लम्बित मामलों को ही समाप्त कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ही 2022 में सभी राज्यों को सांसदों-विधायकों के खिलाफ लम्बित प्रकरणों की सुनवाई के लिये विशेष कोर्ट बनाने के लिये कहा था पर केवल 12 राज्यों ने ही उसका पालन किया है।

सामाजिक-आर्थिक सर्वे से नीतीश ने भाजपा को पछाड़ा

■ अरुण श्रीवास्तव

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी उनकी राजनीतिक कौशल और प्रशासनिक कुशलता की बराबरी नहीं कर सकते। हालांकि मोदी के मध्यम वर्ग के भक्त दावा करते हैं कि उन्हें पूरी समझ है कि अपने प्रतिद्वंद्वी को कब और कैसे पछाड़ना है। मंगलवार को जाति जनगणना के सामाजिक-आर्थिक आंकड़े जारी करने का नीतीश का कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उनके पास और भी बहुत कुछ है जिनमें सामाजिक समावेशन के साथ-साथ राजनीतिक समय दोनों के महत्व की गहरी समझ शामिल है।

मोदी द्वारा भारत के लोगों से किये गये सभी वायदे - चाहे वह उनके बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने के बारे में हों, या दलितों और गरीबों के आर्थिक दुखों को दूर करने के बारे में हों, या भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में हो- केवल जुमले ही साबित हुए हैं जिन्हें राजनीतिक कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। नीतीश ने संचयी आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। गौरतलब है कि इस प्रस्ताव पर उसी शाम बिहार कैबिनेट की मुहर लग गई। उन्होंने समाज के गरीबों और वंचित वर्गों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय शुरू किये।

बिहार में वर्तमान में कुल 60प्रतिशत आरक्षण है- अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी) और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत; और सामान्य श्रेणी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए अतिरिक्त 10प्रतिशत। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 1990 के बाद से अपने विभिन्न निर्णयों के माध्यम से सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण पर 50प्रतिशत की सीमा लगा दी है, लेकिन नीतीश अपनी योजना पर आगे बढ़ेंगे।

7 नवंबर को, महागठबंधन सरकार ने जाति सर्वेक्षण की सामाजिक-आर्थिक रिपोर्ट को बिहार विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया, क्योंकि भाजपा ने अपने मीडिया मित्रों के समर्थन से एक सार्वजनिक कथा बनाने की कोशिश की कि सर्वेक्षण फर्जी था और राज्य सरकार ने भाजपा को बदनाम करने के लिए निष्कर्षों में हेरफेर किया है। मोदी-अनुकूल मीडिया का एक वर्ग तो यहां तक भविष्यवाणी कर चुका था सामाजिक-आर्थिक रपट कभी सामने नहीं आयेगी।

फिर भी, भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा फैलाये गये बहुत से झूठ के खिलाफ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिपोर्ट जारी करने में कामयाब रहे, जिसने अनिवार्य रूप से भाजपा द्वारा ऊंची जातियों के एकमात्र शुभचिंतक होने की बनाई गई नकली कहानी को तोड़ दिया। आंकड़े निस्संदेह बिहार से संबंधित हैं, लेकिन तथ्य पूरे देश के लिए व्यापक आधार प्रदान करते हैं।

वास्तव में रिपोर्ट ने इस मिथक की सत्यता को उजागर किया कि ऊंची जातियां समृद्ध हैं। सर्वेक्षण में यह तथ्य उजागर हुआ कि चार उच्च जातियों भूमिहार, ब्राह्मण, राजपूत और कायस्थ के लगभग 30प्रतिशत लोग गरीब हैं और गरीबी के साये में रहते हैं।

बेशक, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि बिहार सरकार जाति के अनुसार भूमि जोत की प्रकृति पर भी रिपोर्ट जारी करेगी और यह सामने लायेगी कि किस जाति के पास सबसे अधिक एकड़ जमीन है। लेकिन सरकार ने मौजूदा रिपोर्ट में इसे जारी नहीं किया। हालांकि, गरीबी की प्रकृति और उच्च जाति के गरीबों का प्रतिशत, एक झलक प्रदान करता है कि भूमि का एक बड़ा हिस्सा उच्च जाति के जमींदारों के एक छोटे से वर्ग के स्वामित्व में है। राज्य में भूमि सुधार लाने के कई कदम जमींदारों की पकड़ को तोड़ने में बुरी तरह विफल रहे हैं और यह लगभग 40प्रतिशत आबादी के लगातार कंगाल होने का प्राथमिक कारण रहा है।

सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि बिहार में एक तिहाई से अधिक परिवार गरीब हैं और 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर गुजारा कर रहे हैं, जबकि 42 फीसदी एससी-एसटी परिवार इसी आय पर जीवनयापन करते हैं। रिपोर्ट का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह अमित शाह के खोखलेपन और राजनीतिक दिवालियापन को उजागर करता है, जिन्होंने केवल सार्वजनिक रूप से सर्वेक्षण का मजाक उड़ाया और बिहार के सीएम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

शाह के इनकार और नीतीश पर दोषारोपण के मजबूत राजनीतिक निहितार्थ हैं। यह रिपोर्ट, कम से कम राज्य में, थोड़ी भी समृद्धि लाने में मोदी की विफलताओं को उजागर करती है। फिर भी, प्रधानमंत्री यह दावा करते नहीं थकते कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद ही भारत सही अर्थों में स्वतंत्र हुआ। लोगों की उनसे बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन बिहार की जाति-आधारित सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजती है कि मोदी अपने समर्थकों और भक्तों का भी कल्याण करने में विफल रहे।

एससी और एसटी के लिए कोटा कुल मिलाकर 17 प्रतिशत है। इसे बढ़ाकर 22 फीसदी किया जाना चाहिए। इसी तरह, ओबीसी के लिए आरक्षण भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जाना चाहिए। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, अत्यंत पिछड़ा वर्ग उप-समूह सहित ओबीसी, राज्य की कुल आबादी का 63प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं।

नीतीश की घोषणा कि उनकी सरकार 94 लाख गरीब परिवारों में से प्रत्येक को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी ताकि वे आर्थिक रूप से कुछ उत्पादक कार्य कर सकें, जो मोदी के लिए 'रेवड़ी' (मुफ्त उपहार) से कुछ अधिक नहीं लग सकता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे लाखों असहाय परिवारों की क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। नीतीश की चतुराई से मोदी के लिए और अधिक समस्याएं पैदा होने की संभावना है क्योंकि अन्य राज्य भी कोटा में वृद्धि की मांग के साथ सामने आ रहे हैं, जैसे कि ओडिशा जिसने इस मुद्दे को उठाया था।

बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले, जैसा कि इंडिया ब्लाक ने कहा है, और इस प्रकार यह कदम मतदान करने वाली आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रेरित करेगी।

अगर मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की नीतीश की मांग मान ली होती, तो राज्य अपने गरीबों की बहुत जल्द मदद कर सकता था। आर्थिक रूप से संकटग्रस्त राज्य से गरीबों की वास्तविक मुक्ति के लिए बहुत कुछ करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। रिपोर्ट पेश करने के बाद, नीतीश ने दोहराया-'इस अवसर पर, मैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए अपने अनुरोध को नवीनीकृत करना चाहूंगा।'

नीतीश की मानें तो विपन्नता की चुनौती से निपटने के लिए बिहार को 2.51 लाख करोड़ के फंड की जरूरत है।

> **बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले।**

उन्होंने कहा, 'हमने अनुमान लगाया है कि गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए राज्य को 2.51 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा। सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिहार में 94लाख परिवार गरीब हैं, जो 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर जीवित रहते हैं। अगर हमें विशेष दर्जा मिल गया तो हम दो-तीन साल में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे। अन्यथा, इसमें अधिक समय लग सकता है।'

चूंकि नीतीश के सामाजिक-आर्थिक आख्यान ने आरएसएस और भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, इसलिए यह माना जा सकता है कि मोदी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कवायद नहीं करेंगे। ऊंची जाति के लोग एक मजबूत सामंती मानसिकता के साथ जीते हैं और यहां तक कि इस वर्ग का एक गरीब व्यक्ति भी खुद को सामंती स्वामी मानता है। संभवत:, ऊंची जातियां भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने में आरएसएस और मोदी के लिए एक बड़ी बाधा साबित होंगी। ब्रह्मर्षि समाज (एक भूमिहार संगठन) के कुछ नेताओं ने पहले से ही आरएसएस और मोदी पर उन्हें धोखा देने का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

अचानक भाजपा में ऊंची जातियों को हाशिए पर धकेलने का मुद्दा जोरदार तरीके से सामने आ गया है। अमित शाह ने दलबदलू सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करके यह संदेश देने की कोशिश की थी कि वह पार्टी के पुनरुद्धार के लिए ओबीसी पर अधिक भरोसा करते हैं। रिपोर्ट जारी होने के बाद भूमिहारों और राजपूतों ने कहना शुरू कर दिया है कि भाजपा नेतृत्व ने सिर्फ अपने चुनावी फायदे के लिए उनका शोषण किया। बदले में उन्हें वह लाभ नहीं मिला जो मिलना चाहिए था।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में 215 विभिन्न सामाजिक समूहों - जैसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग - की आर्थिक स्थिति की विस्तृत जानकारी शामिल है। रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बिहार में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 42प्रतिशत, पिछड़े वर्ग के 33प्रतिशत और सामान्य जाति के 25प्रतिशत व्यक्ति गरीबी में जीवन जी रहे हैं।

शिक्षा के संबंध में, सरकार ने कहा कि केवल 7 प्रतिशत आबादी ने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, जबकि 22.67प्रतिशत ने कक्षा -5 तक अपनी शिक्षा पूरी की है। रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि 14.33प्रतिशत आबादी ने कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा प्राप्त की है, और 14.71प्रतिशत ने कक्षा 10 तक अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। इसके अलावा, 9.19प्रतिशत आबादी ने कक्षा 12 तक अपनी शिक्षा पूरी कर ली है।

आरएसएस नेतृत्व इस रिपोर्ट के ओबीसी और दलितों पर पड़ने वाले राजनीतिक प्रभाव को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित है, जो पिछले कुछ समय से भाजपा और आरएसएस से दूर होने के संकेत दे रहे हैं।2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक छह महीने पहले हो रहा यह घटनाक्रम भाजपा की चुनावी संभावना को गंभीर नुकसान पहुंचायेगा। पिछले दस वर्षों के दौरान आरएसएस और विशेषकर मोदी ने आरएसएस की नीतियों का अनुसरण करते हुए हिंदू समुदाय को विभिन्न जातियों में विभाजित कर दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि इसका उनके राजनीतिक भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

एक दशक तक चुनावी हाशिए पर रहने के बाद, विपक्षी दल अब भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी 'जितनी आबादी, उतना हक' के आकर्षक नारे के साथ बार-बार हाशिए पर रहने वाले समुदायों को उनकी आबादी के हिस्से के अनुसार उनको उचित अधिकार दिलाने के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व पर जोर देते रहे हैं। दूसरी ओर, आरएसएस और मोदी ने हिंदुओं के बीच एक विविध मतदाता आधार बनाने की कोशिश की है, जिसमें आदिवासियों और दलितों सहित प्रमुख और हाशिए पर रहने वाली दोनों जातियां शामिल हैं।

रिपोर्ट से पता चला है कि सामान्य वर्ग के लगभग 25 प्रतिशत लोग प्रति माह केवल 6,000 रुपये कमाते हैं, जबकि 23प्रतिशत की मासिक आय 6,000 रुपये से 10,000 रुपये है। कम से कम 19प्रतिशत की आय 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच है; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 16प्रतिशत; और 9 प्रतिशत के पास 50,000 रुपये से अधिक की आय है। अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) में, 33प्रतिशत कामकाजी आबादी की मासिक आय 6,000 रुपये है; 6,000 रुपये से 10,000 रुपये के बीच 29प्रतिशत; 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच 18प्रतिशत; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 10प्रतिशत; और उनमें से 4प्रतिशत की आय 50,000 रुपये से अधिक है।

मुस्लिम-यादव राजनीति की अवधारणा को आगे बढ़ाने वाले राज्य में आम मुसलमानों की हालत काफी खस्ता है। मुस्लिम ऊंची जातियों में, जिनमें शेख, पठान और सैय्यद शामिल हैं, शेख जाति के 39,595 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी वास्तविक आबादी का 0.79प्रतिशत है। जहां तक पठानों का सवाल है, 10,517 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो कुल आबादी का 1.07प्रतिशत है। इस बीच, सैय्यद जाति के कम से कम 7,231 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी कुल आबादी का 2.42प्रतिशत है।

विधानसभा चुनाव और ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की चर्चा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर अपने चरम पर है। इस बीच महादेव सट्टा ऐप की चर्चा इन दिनों सुर्खियों पर है। इस सट्टा ऐप ने छत्तीसगढ़ के सियासी घमासान को राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी विमर्श के केन्द्र में खड़ा कर दिया है। इसी सट्टा ऐप के संचालकों में से एक की शादी समारोह में शिरकत को लेकर बॉलीवुड के कई नामी-गिरामी चेहरों तक को ईडी का समन जारी हो चुका है। भाजपा तो खुलकर कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि इसके जाल में प्रदेश कांग्रेस और उसके नेतृत्वकर्ता बुरी तरह फंसी हुई है। इसमें कथित संलिप्तता को लेकर छत्तीसगढ़ में कई लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी हकीकत क्या है? किसी को समझ नहीं आ रहा है।

मगर दिलचस्प यह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सट्टा ऐप की चर्चाएं गांव-गांव तक जा पहुंची है। भ्रष्टाचार के कई कथित कई आरोपों के बीच कांग्रेस जिस तरह से भाजपा के साथ मुकाबला कर रही है, यह दिलचस्प है। महादेव सट्टा ऐप के संचालकों द्वारा भूपेश बघेल को कथित तौर पर 508 करोड़ रुपए देने के भुगतान की बात या आरोप में कितना दम है, यह कहना बेहद कठिन है। क्या यह मसला राज्य की चुनावी बिसात की फ़िज़ा बदल सकती है? बड़ा सवाल, जो हजम नहीं हो रहा है कि क्या भूपेश बघेल इतने अपरिपक्व खिलाड़ी हैं जो महादेव सट्टा ऐप संचालकों से सीधे तौर पर पैसा ले सकते हैं? क्या ऐप के संचालक या मालिक इसके पक्के सबूत ईडी को दे सकते हैं? यदि ईडी के पास ठोस सबूत है तो फिर ईडी इसे जांच का विषय क्यों बता रही है? क्या ईडी की जांच से सियासत प्रभावित होगी? क्या ईडी की कार्रवाई छत्तीसगढ़ के आम जनमानस की राजनीतिक सोच में बदलाव ला सकती है? छत्तीसगढ़ के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों भारी उठापटक और अफरा-तफरी का माहौल है।

डॉ. लखन चौधरी

> **छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं।**

इधर केन्द्र सरकार ने ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव बेटिंग सट्टा ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सवाल यह भी उठता है कि 28 फीसदी जीएसटी की आड़ में इस तरह के कारोबारों को अनुमति देना कितना उचित है? सरकार इस तरह के कार्यों को अनुमति ही क्यों देती है? इस तरह के धंधों पर प्रतिबंध लगाने में इतनी देरी क्यों की जाती है? इनके संचालक बेखौफ किस तरह दुनिया के दूसरे देशों से कारोबार चलाते हैं? और सरकारें इनका बाल भी बांका क्यों नहीं कर पाते हैं? इनके संचालकों को सरकार गिरफ्तार करके तत्काल भारत क्यों नहीं लाती है?

इस सट्टा ऐप के कुछेक संचालकों की भाजपा नेताओं के साथ साठगांठ की भी खबरें हैं। कई जानकारों का कहना है कि इससे भाजपा को फायदा के बजाय नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि भूपेश बघेल ने इसे अपनी छवि खराब के मुद्दे से जोड़कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हिन्दुत्ववादी संगठनों से जुड़े कई लोगों का मानना है कि उनके आराध्य महादेव से जोड़कर जिस तरह से गोरखधंधे का खेल चल रहा है, इसके बावजूद केन्द्र सरकार इनके संचालकों पर कार्रवाई करने में विलंब क्यों कर रही है? भाजपा सहित बहुत से सियासी जानकारों का मत है कि पिछली बार इसी तरह भूपेश बघेल को घेरने के लिए सीडी कांड जैसे मुद्दे को तूल दिया गया था, लेकिन उसका हश्र क्या हुआ? कहीं इस बार भी मामला उल्टा न पड़ जाए? लिहाजा राज्य के नेता इस मसले पर कम ही बोलते दिखते हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं। बहरहाल, यह देखना बेहद दिलचस्प हो सकता है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाता किस पर भरोसा करते हैं? या किसकी गारंटी पर अपना मोहर लगाते हैं? लेकिन यह तय है कि ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की बड़ी भूमिका होने के आसार कम ही लगते एवं दिखते हैं। कहा जाए कि छत्तीसगढ़ में इन मुद्दों पर भाजपा यानी विपक्ष द्वारा चुनाव लड़ा जरूर जा रहा है, लेकिन विधानसभा चुनाव में इनकी बड़ी निर्णायक भूमिका रहेगी, जिससे सत्ता और सियासत पलट सकती है; फिलहाल ऐसा लगता नहीं है।

पावन प्रसंग

धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक

महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन-तेरस धन्वन्तरि के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानव को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। भगवान ने प्रसन्न होकर जब धन्वन्तरि से कहा-तुम जो चाहो सो वर मांगो। तो उसने भगवान से एक ही प्रार्थना की प्रभो, न तो मुझे राज्य न स्वर्ग और न मुझे मोक्ष की भी कामना नहीं है। मेरी एक ही हार्दिक इच्छा है कि संसार के दु:खी, रोगी और पीड़ितजनों की पीड़ा दूर करूं। रामायण में प्रसंग है कि जब रणभूमि में लक्ष्मण जी शक्ति-प्रहार से मूर्छित हो जाते हैं तब हनुमान जी सुषेण वैद्य को लंका से उठाकर लाते हैं और उससे प्रार्थना करते हैं-हे वैद्यराज, वीर लक्ष्मण की पीड़ा दूर करो, इनकी चिकित्सा करो। सुषेण वैद्य कहता है- तुमने मुझ पर विश्वास कैसे किया? मैं शत्रु पक्ष का वैद्य हूं। मैं तुम्हारे रोगी का अहित भी कर सकता हूं। तब रामचन्द्र जी कहते हैं-वैद्य का कोई शत्रु-मित्र नहीं होता, वैद्य का एक ही धर्म है, रोगी की पीड़ा दूर करना। रोगी और वैद्य के बीच सिर्फ एक ही रिश्ता है-विश्वास का विश्वास के भरोसे रोगी वैद्यराज के हाथ में अपनी जीवन डोर सौंप देता है और वैद्य पूरे मनोयोग से उसकी जीवन-रक्षा करने का प्रयास करता है।

जैन आगम उपासकदशांगसूत्र- मैं भगवान महावीर का एक विशेषण आता है महाभिषग्वर -महावैद्य। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही हैं जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दु:ख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है।

वास्तव में वैद्य का आदर्श बहुत ऊंचा गुरु के समान माना गया है। क्योंकि उसके हाथ में मनुष्यों के प्राणों की रक्षा होती है। स्वार्थ, लोभ, पक्षपात, आलस्य और लापरवाही ये पांच महादोष हैं। जिस वैद्य में ये दोष होते हैं वह वैद्य आदर्श धर्म का पालन नहीं कर सकता। धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बांटो, दूसरों के दु:ख-दर्द - पीड़ा दूर करो। दूसरों की सेवा करना ही तुम्हारा धर्म है। सब जीवों की सुख-शान्ति चाहना ही तुम्हारी अन्तर्इच्छा हो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन तेरस की प्रेरणा है।

धनतेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चांदी, तांबे, स्टील के बर्तन खरीदकर धन तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दु:खियों के दु:ख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते + रस: तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन-तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दु:खी प्राणी का दु:ख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-संभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुंचाई तो समझ लो आपकी धन तेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई।

दीपावली के पंचपर्वों की आदि में पहला धन तेरस का पर्व आपको जीवन में परहित एवं परोपकार की प्रेरणा देता है।

कांतिलाल मांडोत

आपके पत्र

डिजिटल शिक्षा से नौनिहालों का भविष्य

भारत में विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही है। तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थे। मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया। ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैं। इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती है। आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी.डी.एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं। भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सबके लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी कि योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं। उनमें जिज्ञासा का अभाव पैदा होने लगता है एवं रचनात्मकता भी खत्म होती है। ऑनलाइन शिक्षा में छोटे बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं शारीरिक कसरत का अभाव पैदा होने लगता है, छोटे बच्चों को खेलकूद वाली शिक्षा उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती है पर ऑनलाइन शिक्षा में ऐसा संभव नहीं है। भारतीय तथा विदेशी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा अत्यंत तनावपूर्ण होती है। एक रिसर्च के अनुसार 15 मिनट के ऑनलाइन अध्ययन के बाद छात्रों की नोट्स लेने में रुचि खत्म हो जाती है एवं व मनोरंजन साइड की तरफ झुकने लगते हैं। ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है सबसे ज्यादा आंखों पर असर पड़ने लगता है बहुत जल्दी ही बच्चों को आंखों में चश्मे और लेंस लगने लगते हैं।

संजीव ठाकुर

उल्टा पुल्टा

पति ने पत्नी से कहा: मेरा फोन आये तो कहना में घर पर नहीं हूँ।

अचानक फोन की घंटी बजी

पत्नी ने फोन उठाकर कहा: वो अभी घर पर हैं।

पत्नी के फोन रखते ही पति खीजते हुए बोला: तुमसे मना किया था फिर भी क्यों बताया कि मैं घर पर हूँ?

पत्नी बोली: आपने अपने फोन के लिए मना किया था, वह फोन तो मेरे लिए आया था।

डायल 112 के पुलिसकर्मी बन रहे जीवन रक्षक, मुसीबत में बन रहे सहारा

अक्टूबर में डायल 112 ने कुल 7174 ईवेंट में सभी ईवेंट पर तत्काल कार्रवाई कर निराकरण किया

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। डायल 112 के पुलिसकर्मी जीवन रक्षक बन रहे हैं। मुसीबत में फंसे लोगों को सहारा दे रहे हैं। विगत माह बहुतेरे ऐसे प्रकरण सामने आए।1. अज्ञात कारण से किनाशक (जहर) सेवन की महिला, 112 टीम द्वारा तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाकर उसके जान बचाने में दिया विशेष योगदान। विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से प्राप्त ईवेंट के आधार पर सकरी ईगल -1 डायल 112 टीम द्वारा ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटनास्थल दलदलिहा पारा पहुंचे जहा पिड़िता संतोषी पाटले अज्ञात कराण से जहर सेवन कर ली थी जिसे डायल 112 टीम द्वारा उसके परिजन के साथ डायल-112 वाहन में अस्पताल भर्ती कर उसके जान बचाने में सहायता कर सराहनीय कार्य किया।2. ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित कर 7 दिन के बच्चा सिहत महिला को घर से निकाले, डायल 112 टीम द्वारा पिड़ित महिला के ससुराल पक्ष को साथ रखने का दिया समझाईश।विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से प्राप्त ईवेंट के आधार पर सिविल लाईन ईगल -1 डायल 112 टीम द्वारा ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटनास्थल शांति नगर पहुंचे जहां एक महिला संगीता कोषले को उसके ससुराल वाले ऑपरेशन में बच्चा होने के उपरांत पिड़िता को प्रताड़ित कर 7 दिन के बच्चा सहित घर से निकाल दिये थे जिसे सिविल लाईन ईगल -1 टीम द्वारा उक्त महिला को डायल 112 वाहन में बैठाकर उसके ससुराल घर ग्राम अमेरी लेकर गये जहां उसके पति एवं ससुराल वालों को पिड़िता को अच्छे से रखने हेतु समझाईश देकर पिड़िता संगीता कोषले एवं बच्चे को उसके पति राहुल कोषले को सकुशल सुपुर्द कर सराहनीय कार्य किया गया।3. कॉलर के घर सांप घुसने से घबराये परिजन, मौके पर स्नेक रेस्क्यू टीम नही मिलने पर डायल 112 टीम द्वारा किया गया रेस्क्यू।विवरण इस प्रकार है कि सी-4 की सूचना पर तारबहार ईगल- 1 तत्काल घटना स्थल महर्षि स्कूल रोड मंगला पहुंचे जहां घर में सांप घुसने से घर वाले घबराये हुये थे डायल 112 टीम से स्नेक रेस्क्यू टीम से संपर्क नही होने से 112 टीम में कार्यरत आर. 228 संजय रात्रे द्वारा सांप का रेस्क्यू कर बड़ी मशक्कत बाद सांप को पकड़कर मंगला स्थित सुनसान इलाके में छोड़कर सराहनीय कार्य किया।4. अज्ञात चोर द्वारा मोटर साईकिल चोरी कर पकड़े जाने की भय से सुनसान इलाका पर छोडकर फरार डायल 112 टीम द्वारा मोटर साईकिल खोजकर किया कॉलर को सुपुर्द। विवरण इस प्रकार है कि सी-4 की सूचना पर बिल्हा ईगल- 1 तत्काल घटना स्थल दगौरी बाजार गये जहां कॉलर अपने मोटर साईकिल से सब्जी लेने दगौरी बाजार आया हुआ था जहां से अज्ञात चोर द्वारा उक्त मोटर साईकिल को चोरी कर उसका सालेंसर को तोड़फोड़ कर सुनसान जगह पर छोड़कर चला गया था जिसे डायल 112 टीम द्वारा आसपास पता-तलाश कर मिलने पर मौक पर कॉलर को सुपुर्द कर सराहनी कार्य किया।5. अज्ञात कारण से किनाशक (जहर) सेवन की महिला, 112 टीम द्वारा तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाकर उसके जान बचाने में दिया विशेष योगदान विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से जहर सेवन कर लेने की सूचना पर कोटा ईगल- 1 तत्काल घटना स्थल पोड़ी पहुंचे जहां पिड़िता ज्योती पैकरा अज्ञात कारण से कीटनाशक दवा सेवन कर ली थी जिसे तत्काल डायल 112 टीम द्वारा कोटा अस्पताल में भर्ती कर उसके जान बचाने में विषेष सहयोग कर सराहनीय कार्य किया।6. 112 टीम द्वारा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल पहुंचाया हॉस्पीटल विवरण इस प्रकार है कि सी.4 से एक्सीडेंट होने की सूचना पर पचपेड़ी ईगल. 1 तत्काल घटना स्थल चिल्हाटी बाजार के पास गया जहां आहत स्वयं अपने मोटर साईकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे तत्काल घटना स्थल से सीएचसी मस्तुरी में भर्ती कर उसके जान बचाने में सहयोग कर सराहनी कार्य किया। 7. अज्ञात कारणों से युवक से रेल्वे बृज से रेल्वे हाईटेंशन बिजली तार में कुदकर आत्महत्या करने की प्रयास, डायल 112 टीम द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक को त तकाल पहुंचाया सिम्स हॉस्पीटल विवरण इस प्रकार है कि सी-4 की सूचना पर सिरगिट्टी ईगल - 1 तत्काल घटना स्थल पहुंचे जहां एक युवक अज्ञात कारणों से दाधापारा रेल्वे ओवर बृज के उपर से मालवाहक रेल गाड़ी में कुदकर आत्महतया करने के उददेश?य से छलांग लगा दिया था जो रेल्वे हाईटेंशन तार में पड़ने से गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे डायल 112 टीम द्वारा तत्काल सिम्स हॉस्पीटल बिलासपुर में भर्ती कर सराहनी कार्य किया।8. कॉलर के घर में सांप घुसने से घबराये परिजन, मौके पर स्नेक रेस्क्यू टीम नही मिलने पर डायल 112 टीम द्वारा किया गया रेस्क्यू विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से प्राप्त ईवेंट घर में सांप घुर जाने की सूचना पर तखतपुर ईगल -1 तत्काल घटना स्थल बेलगहना पहुंचे जहां स्नेक रेस्क्यू टीम नही मिलने पर आसपास लोगों की मदद से कोटा ईगल -1 में तैनाक कर्मचारियों द्वारा सांप का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर दुर जंगल में जाकर छोड़कर आसपास लोगों की जान बचाने में विषेष योगदान देकर सहाहनी कार्य किया।9. ग्रामीण के घर बंदर घुसकर काटा, घायल को डायल 112 टीम द्वारा आहत को तत्काल पहुंचाया हॉस्पीटल विवरण इस प्रकार है कि सी-4 रायपुर से प्राप्त ईवेंट घर में पागल बंदर घुसजाने की सूचना पर तखतपुर ईगल- 1 तत्काल घटना स्थल ग्राम अमने पहुंचे जहां एक ग्रामीण मनोहर कौषिक के घर में एक पागल बंदर घुसकर उसके पैर एवं कुल्हा को काट दिया था जिसे डायल 112 टीम द्वारा तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तखतपुर में भर्ती कर सराहनीय कार्य किया। 10.सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों को डायल 112 टीम द्वारा पहुंचाया तत्काल हॉस्पटल विवरण इस प्रकार है कि सी-4 रायपुर से रोड एक्सीडेंट की सूचना पर ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये मस्तुरी ईगल- 1 तत्काल घटना स्थल ग्राम दर्रीघाट नेशनल हाईवे के पास जहां मोटर साईकिल क्रमांक सी.जी. 10 ई.ए.2508 मस्तुरी की ओर से दर्रीघाट तरफ रॉग साइड आ रहे एवं मोटर साईकिल क्रमांक सी.जी. 11 ए.एम. 3198 बिलासपुर से जांजगीर की ओर जा रहे थे कि रास्ते में नेशनल हाईवें दर्रीघाट मोड़ के पास दोनों मोटर साईकिल आपस में टकराकर एक्सीडेंट हो गया दोनों मोटर साईकिल में दो-दो- लोग सवार थे जो गंभरी रूप से घायल हो गये थे जिसे

डायल 112 टीम द्वारा सीएचसी मस्तुरी में भर्ती कर सराहनीय कार्य किया गया। 11. डायल 112 वाहन में फिर गुंजी किलकारी विवरण इस प्रकार है सी-4 रायपुर से बिल्हा ईगल -1 को प्राप्त ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटना स्थल ग्राम कुरेली पहुंचे जहां पिड़िता बेल देवी को प्रसव पीड़ा हो रहा था जिसे तत्काल डायल 112 में मितानिन एवं उनके परिजन के साथ हॉस्पीटल के लिये रवाना हुये थे कि रास्ते में प्रसव पीड़ा अधिक होने से मितानिन एवं परिजन के सहायता से सुरक्षित डिलिवरी कराया गया जहां पिड़िता द्वारा एक स्वथ्य बच्चा को जम्न दिया पिड़िता एवं बच्च को प्राथमिक उपचार हेतु हॉस्पीटल भर्ती कर सराहनी कार्य किया। 12.वाहन डायल 112 वाहन में फिर गुंजी किलकारी विवरण इस प्रकार है कि सी-4 रायपुर से सिविल लाईन ईगल - 2 को प्राप्त ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटना स्थल पहुंचे जहां पिड़िता को तत्काल उनके परिजन के साथ हॉस्पीटल के लिये रवाना हुये थे कि रास्ते में प्रसव पीड़ा अधिक होने से परिजन के सहायता से सुरक्षित डिलिवरी कराया गया जहां पिड़िता द्वारा एक स्वथ्य बच्ची को जम्न दिया पिड़िता एवं बच्ची को प्राथमिक उपचार हेतु सामूदायिक स्वस्थ्य केन्द्र राजकिषोर नगर बिलासपुर में हॉस्पीटल भर्ती कर सराहनी कार्य किया।13. सरिया चोरी कर फरार आरोपी को डायल 112 टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़कर किया पुलिस थाना सिविल लाईन के हवाले विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से प्राप्त ईवेंट के आधार पर सिविल लाईन ईगल -1 डायल 112 टीम द्वारा ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटनास्थल संजय तरण पुस्कर के पास पहुंचे जहां कॉलर इंजीनियर से संपर्क करने पर पता चला कि कंट्रक्शन का काम चल रहा था जहां अज्ञात चोर द्वारा वहां के चौकीदार को चाकू दिखाकर कंट्रक्शन कार्य में कालम हेतु उपयोगी सरिया के रींग को अपने ऑटो में लेकर फरार हो गया था जिसे डायल 112 की टीम द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये आप-पास पता-तलाश करते मंगला की ओर गये जहां चोर को चोरी के सरिया सहित थाना सिविल लाईन में अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर सराहनीय कार्य किया।14. बच्चे को स्कूल छोड़ने जाते समय स्कूटी सवार महिला को अज्ञात कार ने मारी ठोकर, घायल को डायल 112 टीम तत्काल पहुचाया हॉस्पिटल विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से प्राप्त ईवेंट के आधार पर सिविल लाईन ईगल -1 डायल 112 टीम द्वारा ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटनास्थल नेहरू चौक के पहुंचे जहां एक स्कूटी सवार महिला को अज्ञात कार चालक ठोकर मारकर चला गया था पिड़िता के दाहिने पैर में चोट होने एवं खून निकलने के कारण चलने के स्थिति में नही थी जिसे आसपास महिलाओं की मदद से डायल 112 वाहन में बैठाकर त त्तकाल सिम्स अस्पात ले जाकर भर्ती कर सराहनीय कार्य किया है।15. चोरी के आरोपी को डायल 112 टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़कर किया पुलिस थाना सिविल लाईन के हवाले थाना में अपराध पंजीबद्ध। विवरण इस प्रकार है कि सी-4 से प्राप्त ईवेंट के आधार पर सिविल लाईन ईगल -1 डायल 112 टीम द्वारा ईवेंट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल घटनास्थल ग्रीन पार्क महाराणा चौक पहुंचे जहां दो अज्ञात व्यक्ति चोरी करने कॉलर के घर में घुसे डुये थे और कॉलर के घर से एक नग स्टील का रेलिंग, एक नग कूलर स्टैण्ड एवं लोहे का एंगल सहित अन्य सामान को चोरी कर रहें थे जो पुलिस देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे जिसमें से एक को 112 टीम द्वारा दौड़ाकर पकड़े एवं एक अन्य आरोपी फरार हो गया पकड़े गये आरोपी को अग्रिम कार्यवाही हेतु अपराध में प्रयुक्त ऑटों सहित थाना सिविल लाईन छोड़ा गया।

संपादकीय

एटीएम में पर्याप्त नगदी रहे

त्यौहारों का सीज़न चल रहा है और शुक्रवार से साल भर के सबसे बड़े त्यौहार दीवाली का आगाज़ हो रहा है जिस दिन पर खरीदी करना शुभ माना जाता है। चाहे लोगों के पास कितनी भी आर्थिक अड़चनें हों, वे राशि की उपलब्धता तथा ज़रूरत के मुताबिक इस मौके पर खरीदारी करते ही हैं। पहले दिन यानी धनतेरस से ही कपड़े-लत्तों से लेकर गहने आदि की जमकर खरीदी होती है। जमीन-मकान, वाहन आदि खरीदने के लिये तो चेक का इस्तेमाल होता है परन्तु कपड़े, जूते, बर्तन, सजावट आदि जैसा सामान खरीदने के लिये नगदी ही अधिक सुविधाजनक होती है। त्यौहारों पर खरीदारी करने के लिये लोगों के सामने इन दिनों नगदी की समस्या है क्योंकि शहरों में विभिन्न बैंकों के एटीएम बड़े पैमाने पर खाली पड़े हैं। इनमें नगदी ही खत्म होने की शिकायतें मिल रही हैं।

वैसे भी अब पैसों की ज्यादातर निकासी लोग डेबिट कार्ड से ही करने लगे हैं। पहले की तरह चेक के जरिये राशि निकालने का चलन खत्म हो रहा है। इससे बैंकों के भीतर भीड़ तो समाप्त हो ही गई है, अब लोगों को घंटों बैंकों में बैठना नहीं पड़ता। बैंकों में फॉर्म भरकर और लाईन लगाकर पैसे निकालने की जरूरत नहीं रह गई है। लगभग सभी खाताधारकों को डेबिट कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। इससे वे कहीं भी और मनचाहे समय पर कैश निकालते हैं।

आलम यह है कि अब लोगों को किसी भी तरह की खरीदारी या किसी काम के लिये पैसे चाहिये होते हैं तो वे सीधे घरों से निकलकर राशि निकालते हैं और वह खरीदारी का काम करते हैं। ऐसे में यदि दूकानों के पास या खरीदारी करने के बाद मशीनें खराब पाई जाती हैं अथवा नकदी न हो तो जनसामान्य की दिक्कतों की कल्पना की जा सकती है।

त्यौहारों पर वैसे भी लोगों की नकदी की आवश्यकता बहुत बढ़ जाती है। बड़े शहरों में यह समस्या ज्यादा होती है क्योंकि वहां की जनसंख्या तो अधिक होती ही है, साथ ही उनमें खरीदारी भी बड़े पैमाने पर होती है। विभिन्न तरह के बाजार अनेकानेक तरह की उपभोक्ता वस्तुओं से पट जाते हैं। साथ ही मनोरंजन के लिये उपलब्ध साधनों का जमकर उपयोग होता है। रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों में यह समस्या अक्सर देखी जाती है कि कोई भी बड़ा त्यौहार हो, नकदी की कमी हो जाती है। मशीनों में नोट डालने का अंतराल इतना अधिक होता है कि जब तक दूसरी खेप आती है पहले के डाले नोट कभी के खत्म हो चुके होते हैं। बैंकों को चाहिये कि त्यौहारों के वक्त इस पर विशेष ध्यान दें। मशीनें खराब न हों और उनमें पर्याप्त नकदी भी होनी चाहिये ताकि जनता को इस सम्बन्ध में कोई समस्या न हो।

नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला के जरिए दिया मतदाता संदेश

बिलासपुर, 9 नवम्बर (देशबन्धु) जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बिलासपुर द्वारा मानव श्रृंखला, स्वीप रैली, मेहंदी प्रतियोगिता एवं नाट्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली रिवर व्यू से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में सभी नर्सिंग कॉलेजों की छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार शरण, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपादित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से रेडक्रॉस के सचिव डॉ राजेश शुक्ला, जिला समन्वयक रेडक्रॉस सौरभ सक्सेना, पियुली मजूमदार, आदित्य पांडे, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, श्रीमती गीतेश्वरी चंद्रा आदि सहित बिलासपुर जिले के नर्सिंग महाविद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

जिले में स्वीप गतिविधियों को मिली बड़ी कामयाबी, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुए स्वीप के चार आयोजन

बिलासपुर, 9 नवम्बर (देशबन्धु)।जिले में आयोजित हुए स्वीप कार्यक्रम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में शामिल किया गया है। इनमें शहर के साईंस कॉलेज में बनाए गए महारंगोली अभियान, पतंगों के माध्यम से दिये गये मतदाता जागरूकता संदेश, बच्चों द्वारा वीडियो के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान की अपील एवं वोटिंग थीम पर सबसे बड़ी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने इस उपलब्धि के लिए स्वीप की पूरी टीम को बधाई देते हुए हर नागरिक का आभार व्यक्त किया है।

मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

बिलासपुर, 9 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

ट्रेनों में ज्वलनशील व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा न करें

बिलासपुर ,9 नवम्बर (देशबन्धु)। मण्डल रेल प्रशासन संरक्षित और सुगम ट्रेन परिचालन के साथ अपने सम्माननीय यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

चलती गाड़ियों में धूम्रपान करने अथवा विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा करने वालों के कारण यात्रियों के जीवन को खतरा उत्पन्न होने की प्रबल संभावनाएं रहती है। इसकी जागरूकता के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा नियमित रूप से गहन प्रचार अभियान चलाये जा रहे हैं। साथ ही स्टेशन परिसर में उद्घोषणा प्रणाली द्वारा यात्रियों से विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा ना करने की अपील की जा रही है। यात्रा के दौरान ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थो के साथ यात्रा करना न सिर्फ जानलेवा है बल्कि दण्डनीय अपराध भी है। रेल प्रशासन के द्वारा इस प्रकार के कृत्य को रोकने के लिए निरंतर जांच अभियान चलाये जाते हैं, विशेषकर त्यौहारों एवं भीड़भाड़ के दौरान आरपीएफ़/जीआरपी के द्वारा स्टेशनों में सघन जाँच की जाती है।

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों से आग्रह कि वे रेल गाडियों में ज्वलनशील पदार्थ एवं विस्फोटक पदार्थो जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल/डीजल, पटाखे आदि के साथ यात्रा न करे, यह दुर्धटनाकारक हो सकती है। इन पदार्थो के साथ किसी अन्य को यात्रा करते देखे जाने पर इसकी जानकारी ऑन ड्यूटि टीटीई, आरपीएफ या अन्य रेल कर्मचारियों को दें। वेंडरों के द्वारा असुरक्षित तरीके से ले जा रही जलती सिगडी आदि देखे जाने पर भी इसकी जानकारी तुरंत ऑन ड्यूटि टीटीई एवं आरपीएफ आदि को दें।

सेक्शन में दोहरीकरण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

बिलासपुर, 9 नवम्बर(देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत फुलेरा-गोविन्दी मारवाड़ सेक्शन में दोहरीकरण एवं फुलेरा यार्ड रिमोर्डिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 11 से 27 दिसम्बर, 2023 तक किया जाएगा।इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन जयपुर तक होगा एवं कुछ का परिवर्तित मार्ग से रवाना होगी, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

दुर्ग से जयपुर तक ही परिचालन होने वाली गाडियां

1.दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 को दुर्ग से चलने वाली 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस दुर्ग से जयपुर तक ही परिचालन होगा।2.दिनांक 26 दिसम्बर, 2023 को अजमेर से चलने वाली 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का जयपुर से दुर्ग के बीच परिचालन होगा। 3.दिनांक 24 दिसम्बर, 2023 को दुर्ग से चलने वाली 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस दुर्ग से जयपुर तक ही परिचालन होगा। 4.दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 को अजमेर से चलने वाली 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का जयपुर से दुर्ग के बीच परिचालन होगा।

परिवर्तित मार्ग से रवाना होने वाली गाडियां

दिनांक 24 दिसम्बर, 2023 को बीकानेर से चलने वाली 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बीकानेर-चुरू ङ्कजयपुर होकर रवाना होगी। 18, 19, 25 एवं 26 दिसम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जयपुर - रींगस जंक्शन-सीकर -चुरू ङ्कडेगाना जंक्शन होकर रवाना होगी।दिनांक 21 एवं 23 दिसम्बर, 2023 को भगत की कोठी से चलने वाली 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग डेगाना जंक्शन-चुरू-सीकर- रींगस जंक्शन-जयपुर होकर रवाना होगी। 14, 16, 21 एवं 23 दिसम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जयपुर - रींगस जंक्शन-सीकर -चुरू ङ्कडेगाना जंक्शन होकर रवाना होगी।17, 19, 24 एवं 26 दिसम्बर, 2023 को बीकानेर से चलने वाली 20845 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बीकानेर-चुरू-सीकर- रींगस जंक्शन-जयपुर होकर रवाना होगी।

ऑडियो क्लिपिंग वायरल मामला, पीसीसी ने महापौर रामशरण को नोटिस जारी कर 24 घंटों में मांगा जवाब

बिलासपुर,9 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव को गुरूवार को नोटिस जारी किया है। उनसे 24 घंटे के भीतर जवाब माँगा गया है। नोटिस में कहा गया कि विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण को लेकर हो रही मोबाईल से बातचीत की ऑडियो क्लिपिंग सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो रही है, जो प्रदेश कांग्रेस के संज्ञान में आया है।

आगे कहा गया है कि ऑडियो में जिस प्रकार की बातचीत हो रही है, वह पार्टी के अनुशासनहीनता की परिधि में आता है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ऑडियो प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं. नोटिस के अनुसार महापौर रामशरण यादव को अगले 24 घंटे के भीतर इसका लिखित जवाब / स्पष्टीकरण प्रदेश कांग्रेस को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके पहले कल, बुधवार को पूर्व विधायक व कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अरुण तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस की टिकट कथित रूप से 4 करोड़ रुपए में बिकने का आरोप लगाया था. उन्होंने अपनी व महापौर रामशरण यादव की मोबाइल से बातचीत का ऑडियो भी जारी किया था .हालाँकि महापौर रामशरण यादव ने कहा था, अरुण तिवारी द्वारा मेरा हवाला देकर फैलाया गया यह ऑडियो पूरी तरह भ्रामक और असत्य है. मेरी उनसे इस तरह की कोई बातें नहीं हुई है. मैं कांग्रेस पार्टी का समर्पित सिपाही हूं, आगे भी रहूंगा. हम राज्य की 90 सीटों पर जीत के लिए कार्य कर रहे हैं. मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम फिर से मजबूत सरकार बनाएंगे. रामशरण यादव ने स्पष्टीकरण देते हुए यह भी कहा था कि मैं जिस वार्ड से पार्षद हूं, उस वार्ड के अरुण तिवारी सम्मानित नागरिक हैं, विधायक रहे हैं, व कांग्रेसी रहे हैं. लिहाजा उनसे वार्ड की समस्याओं व अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत होती रहती है, लेकिन ऐसी कोई बातचीत उनसे नहीं हुई है. प्रत्युत्तर में अरुण तिवारी ने भी कहा था कि महापौर सरकार के कोप से डर रहे हैं इसलिए ऐसा बयान दे रहे हैं .बावजूद इसके, महापौर के कथित ऑडियो को अनुशासनहीनता मानते हुए कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देश पर मेयर रामशरण यादव को नोटिस जारी कर 24 घंटों के भीतर जवाब तलब किया है।

वाणिज्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा सघन चेकिंग अभियान

आजाद हिन्द एक्सप्रेस से बरामद की गई 24 पैकेट बिना बुक किए लगेज

बिलासपुर ,9 नवंबर (देशबन्धु)। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के मार्गदर्शन में बिना बुक के पार्सल सामानों की परिवहन की रोकथाम हेतु वाणिज्य विभाग द्वारा गाड़ियों, रेलवे स्टेशनों, प्लेटफार्म तथा पार्सल कार्यालयों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत दो दिनों से सहायक वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ए के सिंग, भोला नाथ डे, संतोष मिश्रा, पी पी पाठक, सीटीआई सुरेश कुमार सिंह, डिप्टी सीटीआई राजुदास मानिकपुरी, सिनीयर टीटीई जी सी साई किरण व टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा बिलासपुर स्टेशन से गुजरने वाली विभिन्न गाड़ियों में संयुक्त जांच अभियान चलाई गई। इस अभियान के दौरान 07 नवम्बर को हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच के नीचे 60 पैकेट वजन 1512 किलो तथा कल दिनांक 08 नवंबर को पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच के शौचालय से कुल 24 पैकेट वजन 544 किलो बिना बुक किए लगेज बरामद की गई। इस कोच के यात्रियों से उपरोक्त लगेज के संबंध में पूछताछ की गई, किसी ने इसे अपना होना नहीं बताया।इसके पश्चात उक्त सामानों को गाड़ी से नीचे उतारा गया तथा रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के समक्ष वजन करने के पश्चात पार्सल कार्यालय बिलासपुर में सुरक्षित रखा गया है इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

सार-संक्षेप

आत्मानंद विद्यालय में भर्ती के नाम पर पैसे की मांग, हुई शिकायत

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से संविदा भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें आदर्श आचार संहिता लगने के कारण उक्त भर्ती की कार्यवाही स्थगित है। इस कार्यालय को सूचना प्राप्त हुई है कि अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा मो.न. 8981752810 एवं मेल आई.डी. 222.कोरबा डॉट जीओव्ही डॉट इन एट जीमेल डॉट कॉम के माध्यम से फर्जी तरीके से आवेदकों को उनके चयन, नियुक्ति आदेश एवं पैसे की लेनदेन हेतु सम्पर्क किया जा रहा है जो इस कार्यालय से संबंधित नही है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोरबा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के भर्ती से संबंधित सूचना जिले के अधिकृत वेबसाईट 222.कोरबा डॉट जीओव्ही डॉट इन मे अपलोड की जाएगी। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आपको भर्ती हेतु किसी भी प्रकार से सम्पर्क किया जाता है और उनके झांसे में आकर आपका आर्थिक नुकसान होता है तो इसमे इस कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

केएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप के समन्वय से विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कमला नेहरू महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक रैली में भाग लिया। उनके द्वारा कॉलेज परिसर से इतवारी बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई एवं इतवारी बाजार में मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़-नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी लोगों के समक्ष शपथ पत्र का वाचन कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

रामपुर व पाली-तानाखार के ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रामपुर व पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग किया गया। इस दौरान प्रेक्षक सी. के. जमातिया एवं प्रियतु मण्डल ने स्ट्रांग रूम पहुंचकर कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज स्ट्रांग रूम में विधानसभा रामपुर व पाली-तानाखार हेतु मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है।

चलती ट्रेलर में ब्लास्ट से लगी आग

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हादसे में जनहानि तो नहीं हुई लेकिन ट्रेलर पूरी तरह जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा उरगा-हाटी मार्ग में करतला थाना अंतर्गत ग्राम कोटमेर के निकट घटित हुआ। बताया गया कि रास्ते से गुजर रहे ट्रेलर में एकाएक विस्फोट हुआ और धमाके के साथ आग लग गई। आग लगने की जानकारी होते ही चालक ने कूद कर अपनी जान बचायी। उसने घटना की जानकारी अपने मालिक को दिया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों और अग्निशमन वाहन ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रेलर जल चुकी थी।

बढ़ते वायु प्रदुषण और उत्पन्न खतरे पर माडर्न कॉलेज में विशेष कार्यशाला

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली का वायु प्रदुषण एवं न्यायलय के आदेश के बाद दिल्ली में रहने वाले लोगों में वायु प्रदुषण एवं हवा के गुणवत्ता की चिन्ता सता रही है। प्रतिवर्ष नवम्बर से फरवरी माह तक वायु की गुणवत्ता अत्यंत गम्भीर श्रेणी में चले जाने के बाद दिपावली पर्व के फटाकों पर रोक तथा निमार्ण कार्य एवं यातायात पर भी कई पाबंदिया लगायी जाती है।

कोरबा के वायु प्रदुषण एवं दिपावली पर्व के फटाको से होने वाले प्रदुषण एवं मानव तथा प्रकृती के नुकसान पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन माडर्न कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड इन्फोरमेंशन टेक्नोलॉजी, कोरबा महाविद्यालय में किया गया।

प्राचार्य डॉ. हाशिम सईद ने दिल्ली की वायु प्रदुषण की तुलना कोरबा के वायु प्रदुषण के विषय में विद्यार्थियो को बताया तथा उनसे होने वाले हानियों को पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। दिपावली में पटाको से होने वाले ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण से होने वाली श्रवण एवं श्वास रोगों से होने वाली तकलीफों के बारे में बताया जिसके कारण मानव अस्थमा जैसे श्वांस रोग से ग्रसित होती है।

दिवाली में फटाकों के बारूद से कैसर जैसे खतरनाक बीमारियों का जन्म होता है। पशुओं एवं पक्षियों को फटाके की ध्वनि से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हाशिम सईद ने कैंसर को ले कर जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसर का पहला बचाव तो यही है की धुंआ-धुंआ वाले स्थानों पर जाने से पहले अपने चेहरे को कपड़े से या मास्क से ढंक लें और वहां से हटने के बाद अपने आप को स्वच्छ करें। वायु प्रदुषण से कोरबा शहर में अनेकों व्यक्ति विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो गये हैं।

छोटे बच्चों में भी सांस लेने की समस्या एवं एलर्जी के अनेक मामले अस्पतालों में आ रहे हैं। हमें अपना शहर स्वच्छ एवं सुन्दर रखने हेतु वायु प्रदुषण पर रोक लगाने हेतु सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। इस जागरूकता कार्यशाला में विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यशाला में सहायक प्राध्यापक धनंजय प्रसाद श्रीवास्तव, राकेश कर्ष, नीरज गांगुली, सद्दाम हुसैन, अंजली महंत, रश्मीत जुनेजा की भूमिका रही।

पेड न्यूज के मामले में दो प्रत्याशियों को नोटिस जारी

अनेक वेबपोर्टल न्यूज़ और समाचार पत्र के खबरों पर की गई है कार्रवाई

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पैड न्यूज को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। इसी के साथ ही आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रों, वेबपोर्टल न्यूज़, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चैनल, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम आदि पर पैड न्यूज़, भ्रामक समाचार, फेक न्यूज पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने 50 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात की गई है।

इसी कड़ी में टीम द्वारा किसी विशेष प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा वेबपोर्टल न्यूज़, समाचार पत्रों में प्रकाशित पैडन्यूज़, भ्रामक समाचार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने प्रकरण आगे प्रेषित किए जा रहे हैं। इस मामले में सम्बंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही आगे की कार्यवाही की जा रही है। पैड न्यूज को लेकर लिये गये निर्णयानुसार संबंधित रिटर्निंग अधिकारी ने उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा समाचारों के प्रकाशन को पैड न्यूज के रूप में मान्य करते हुए प्रकाशन पर व्यय की राशि व्यक्तिगत निर्वाचन व्यय में शामिल करने की बात कही गई है। पैड न्यूज के मामले में कोरबा विधानसभा-21 के प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, लखनलाल देवांगन-भारतीय जनता पार्टी को रिटर्निंग अधिकारी ने नोटिस जारी किया है।

नोटिस में उल्लेख है कि एमसीएमसी द्वारा संदिग्ध पेड न्यूज के रूप में चिन्हांकन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तारतम्य में जारी निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में है। इस संबंध में अपना जवाब 11 नवंबर 2023 तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा के कक्ष क्रमांक-13 (भू-तल)में प्रस्तुत करें।

धनतेरस में 10 से 11 नवंबर दोपहर तक रहेगा खरीदी का मुहुर्त

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस धन, सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि का पर्व माना जाता है। इस साल धनतेरस 10 नवंबर दोपहर 12.39 बजे से 11 नवंबर को दोपहर 1.59 बजे तक रहेगा। ऐसे में धनतेरस का त्योहार 10 नवंबर शुक्रवार को मनाया जाएगा। इसी के साथ दीपोत्सव की खुशियां शुरू हो जाएंगी। धनतेरस का पर्व गोधूलि बेला में होता है। मान्यता है कि गोधूलि वेला में की गई पूजा से सभी प्रकार की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस दिन लोग सभी प्रकार की खरीदारी के साथ चांदी के सिक्के, आभूषण आदि के साथ नई वस्तुएं घर लाएंगे।

पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत से पहले पुष्य नक्षत्र का शुभ मुहूर्त में भी लोगों ने खरीददारी की है। पंडितों के अनुसार दीपोत्सव 6 दिन चलेगा। क्योंकि 13 नवंबर को सोमवती अमावस्या पड़ रही है। बीते साल 2022 में सूर्य ग्रहण के चलते दीवाली उत्सव 5 के स्थान पर 6 दिन मनाया गया था। इस बार ग्रहण तो नहीं है लेकिन सोमवती अमावस्या जरूर पड़ रही है। शहर से लेकर गांवों तक अभी से खुशी का माहौल हो चला है। बाजार में भी रौनक बनी हुई है।

कार्तिक अमावस्या 12 नवंबर को मनाया जाएगा दोपहर 2.44 बजे से 13 नवंबर को दोपहर 2.56 बजे तक रहेगी। दीपावली 12 नवंबर रविवार को मनाई जाएगी। दीपावली पर महालक्ष्मी, सरस्वती, गणेश जी और कुबेर देवता की पूजा की जाएगी। दीपावली पूजन का सबसे उत्तम समय प्रदोष काल का रहता है। इस शुभ मुहूर्त में पूजा से मनोवांछित फल मिलने का योग रहता है। 13 नवंबर को सोमवती अमावस्या तिथि 13 नवंबर सोमवार को दोपहर 2.56 बजे तक होने से इस दिन उदयाकालीन सोमवती अमावस्या रहेगी। सोमवती ता अमावस्या पर दान पुण्य का दौर चलेगा। महिलाएं अखंड सौभाग्य की के साथ पीपल के पेड़ का पूजन कर सोमवती अमावस्या की कहानी सुनेंगी। सबसे ज्यादा गंगा व नर्मदा नदी सहित देश की पवित्र नदियों में स्नान करने पहुंचेंगे। इस दिन यमुना स्नान करने का विशेष महत्व है।

इंदिरा स्टेडियम में लगी 132 पटाखा दुकानें

दीपका, कटघोरा, जमनीपानी, पाली और कोरकोमा में भी बिकेंगे पटाखे

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली की तैयारियां जोर-जोर से हो रही है। शुक्रवार से धनतेरस के साथ दीपावली की शुरुआत होगी। इसके लिए पटाखों की बिक्री करने कोरबा में 132 दुकान लगाई गई हैं। इसके अलावा दीपका, कटघोरा, जमनीपानी, पाली और कोरकोमा में पटाखों की दुकानें लगेंगी।पटाखों से होने वाले प्रदूषण पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंभीरता दिखाई है। प्रदेश में केवल हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग करने के लिए कहा है। इस संबंध में जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं।

दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष, क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोडने के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के दिन रात 8 बजे से रात 10 बजे तक, छठ पूजा के दिन सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस व नया वर्ष के लिए के दिन 11.55 बजे से रात 12.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। ठंड के दिन में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यह आदेश जारी किया है। एनजीटी की ओर से बताया गया है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं।

इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लडियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लीथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फिलपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। एनजीटी ने कोरबा, रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

एक माह के भीतर 6 हजार 468 वाहनों का बनाया प्रकरण

आचार संहिता के बाद ट्रैफिक पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

कोरबा, 09 नवंबर (देशबन्धु)। आचार संहिता के दौरान ट्रैफिक पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। दरअसल इस साल 10 माह में जितनी कार्रवाई हुई उसमें से करीब 35 फीसदी प्रकरण व वसूली अक्टूबर में हुई है। इस दौरान आचार संहिता प्रभावशील है।

जिसमें एक माह के भीतर 6468 वाहनों को पकडक़र प्रकरण बनाया गया। उनमें से 6426 वाहन मौके पर चालान कर समन शुल्क वसूलकर छोड़ दिए गए, जबकि 42 प्रकरण कोर्ट में पेश किए गए।

मौके पर छोड़े गए वाहनों से 31 लाख 34 हजार 3 सौ रुपए तो कोर्ट में पेश करने पर 4 लाख 21 हजार 5 सौ रुपए अर्थदंड लगाया गया। जबकि इससे पहले जनवरी में सबसे ज्यादा जुर्माना 14 लाख 84 हजार 3 सौ रुपए वसूला गया था। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अक्टूबर को आचार संहिता लगी। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर समेत जिलेभर की प्रमुख सडक़ों पर वाहन चेकिंग कड़ी कर दी। यातायात नियमों की अनदेखी करके चलने वाले वाहन, ब्लैक फिल्म लगे चार पहिया वाहनों, ओवर लोड वाहनों समेत बिना दस्तावेज के चल रहे वाहनों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। शहर में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन, रेड लाइट जंप, तीन सवारी चलने वाले दोपहिया वाहन आदि पर लगातार कार्रवाई हुई। यातायात थाना में पदस्थ एएसआई मनोज राठौर के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस की टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इस दौरान नियम विरूद्ध चलने वाले व नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

डीएसपीएम के ठेका श्रमिकों को बोनस और शेष वेतन 10 तक देने का आश्वासन

काम बंद कर बैठे ठेका मजदूर, प्रबन्धन के साथ फेडरेशन ने की बैठक

कोरबा, 08 नवंबर (देशबन्धु)। बुधवार को डीएसपीएम संयंत्र के सभी विभागों के ठेका श्रमिक दीपावली पूर्व बोनस की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष काम बंद कर बैठ गए। बड़ी संख्या में श्रमिकों के काम बंद करने से संयंत्र का कार्य प्रभावित होने पर प्रबंधन ने श्रमिकों को समझाईश देने का प्रयास किया। श्रमिकों ने फेडरेशन 01 के पदाधिकारियों को सुचित किया और उन्हें श्रमिकों की ओर से प्रबन्धन के साथ चर्चा करने का आग्रह किया। संज्ञान लेते हुए फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी ने प्रतिनिधियों के साथ प्रबन्धन के अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि सभी ठेका श्रमिकों को बोनस अधिनियम 1965 के तहत अनिवार्य रूप से बोनस दिया जाए, साथ ही बचा हुआ मासिक वेतन का भुगतान किया जाए जिससे सभी श्रमिक अपने परिवार वालों के साथ उत्साहपूर्वक दीपावली पर्व मना सकें।

महासचिव ने प्रबन्धन से कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित होने से पहले सभी श्रमिकों को उनका बोनस एवं मासिक वेतन का भूगतान सुनिश्चित किया जाए। चर्चा उपरांत प्रबन्धन ने आश्वस्त किया कि अतिशीघ्र सभी ठेकेदारों एवम सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी श्रमिकों को बोनस एवं बचे हुए मासिक वेतन का भुगतान 10 नवंबर तक करवाया जायेगा। चर्चा बाद सभी श्रमिक अपने कार्य पर लौटे। इस चर्चा में संगठन प्रतिनिधियों में महासचिव आर सी चेट्टी के साथ प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, जोनल सचिव घनश्याम साहू, कोरबा पूर्व शाखा उपाध्यक्ष रजनीकांत कुर्रे, ठेका श्रमिकों में उत्तम बंजारे, कला बाई, खिक बाई, राजमति आदि उपस्थित रहे।

चर्चा-ए-चौक : संदर्भ विधानसभा चुनाव फिल्मी डॉयलॉग और गानों का शोर

कोरबा, 05 नवंबर (देशबन्धु)। चुनावी मौसम में प्रचार-प्रसार के हाईटेक तरीकों ने अपना काम शुरू कर दिया है। तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की दौड़ सडक़ों पर चोंगा और स्पीकर के साथ लग रही है। सुबह होने से देर शाम तक भीड़-भाड़ वाले इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्मी गीतों की तर्ज पर प्रत्याशियों का गीत बज रहा है। एक उम्मीदवार ने तो अपने दल के नाम अनुसार छत्तीसगढ़ी पुराने लोक गीतों की पैरोडी ही बनवा डाली है। गानों के सहारे प्रचार के साथ-साथ शहर में आजकल दो फिल्मी डॉयलॉग भी चाय की चुस्कियों के साथ वायरल हो रहे हैं। नेताजी का समर्थक बात-बात पर कहने से नहीं चूकता-सारा शहर में मुझे लॉयन के नाम से जानता है। नुक्कड़ सभाओं के खत्म होने पर नेताओं के समर्थक यह पूछने से नहीं चूक रहे कि- कितने आदमी थे... । फिलहाल पब्लिक इस समय फिल्मी गानों की तर्ज पर बने चुनाव गीतों, प्रत्याशियों की जुबानी जंग और उनके तरह-तरह के डॉयलॉग का मजा लेने में मशगूल हैं।

सार-संक्षेप

सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों की ली बैठक

सूरजपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार जे (आईएएस) के द्वारा सर्व रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई थी। जिसमें पुलिस प्रेक्षक विष्णुकांत (आईपीएस), जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल व अन अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी के साथ सभाकक्ष में उपस्थित हुए थे।

बैठक में उन्होंने निर्वाचन से संबंधित तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधितों को सभी विधानसभा में पारदर्शी और समावेशी निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मतदान स्थल पर पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था रखने की बात कही ताकि संध्या के समय भी निर्वाचन से संबंधित लेखन कार्य में कोई बाधा ना आए। इसके साथ ही उन्होंने वेब कास्टिंग, इलेक्शन मशीनरी, मतदान दल के आई कार्ड के संबंध में, स्ट्रांग रूम के संबंध में, निर्वाचन व्यय के संबंध में और निर्वाचन से संबंधित दी जा रही परमिशन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित जनों को भारत निर्वाचन द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का शक्ति से पालन करने के लिए निर्देशित किया।बैठक के पश्चात उन्होंने कंट्रोल रूम, ईईएम कंट्रोल रूम, एमसीएमसी सेल का निरीक्षण भी किया। जिसमें एमसीएमसी सेल में उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया से संबंधित चीजों के संबंध में सोशल मीडिया प्रभारी से जानकारी ली।

महाविद्यालय के छात्रो ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

सूरजपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए शत् प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप कार्यक्रम 04 से 09 नवंबर तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा के दिशा निर्देशन एवं प्राचार्य जे. आर. पैकरा जी के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर के छात्र-छात्राओं को जिला मास्टर ट्रेनर और कालेज कैंपस स्वीप प्रोफेसर नोडल अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल ने सर्वप्रथम छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई तथा महाविद्यालय से रैली निकालकर गांव, वार्ड व मोहल्ले में भ्रमण कर लोगों को बिना किसी भय अथवा प्रलोभन के मतदान करने की अपील की। इस दौरान हाथों में मतदान संबंधी बैनर एवं पोस्टर लिए प्रेरक नारे लगाते हुए रैली के माध्यम से लोगों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाताओं को मतदान करने के महत्व से अवगत कराया गया। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों तथा अशक्त मतदाताओं को निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदान की सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। दीवारों में मतदाता संबंधी स्लोगन की पेंटिंग कर मतदान करने हेतु आह्वान किया गया। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के द्वारा चित्रकला, मेहंदी, रंगोली एवं पोस्टर लेखन का कार्यक्रम किया गया। मानव श्रृंखला आकार के माध्यम से शत् प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में आभा रंजना कुजूर, स्वीप छात्र एम्बेसडर आरती जायसवाल, राजवीर सिंह, रितेश आर्य, शिखा दुबे, प्रियांशु जायसवाल, सचिन कुमार मिंज, चंद्रदेव राजवाड़े, अखिलेश रवि, नरेंद्र बंजारे, हरिशंकर डहरिया, श्रीमती सांडिल्य तथा भोला प्रसाद विशेष सहयोग रहा है।

सामान्य प्रेक्षक ने मतदान दल के प्रशिक्षण का किया अवलोकन

सूरजपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार जे (आईएएस) आज मतदान दल के प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे थे। जिसमें विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर के लिए शासकीय बालक उ.मा.वि. सूरजपुर, भटगांव के लिए पं. रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर व प्रतापपुर के लिए शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय सूरजपुर में आयोजित मतदान दल के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों को मशीनों का सही तरीके से संचालित करने, सिलिंग करने जैसे तकनीकी कार्यों का अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों को मशीन कनेक्ट कर मतदान कराने से संबंधित सभी गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। अधिकारियों के लिए मतदान कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। मतदान की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए वोटिंग कम्पार्टमेंट के समीप अन्य कोई व्यक्ति न जाये, यह सुनिश्चित करें।सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार जे ने कहा कि ईव्हीएम, वीवीपैट को अच्छी तरह से कनेक्ट करना जरूरी है। मतदान से संबंधित सभी प्रक्रिया के दौरान पोलिंग एजेंट की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने कहा। इसके अलावा मॉक पोल, रिपोर्टिंग के लिए मतदान से संबंधित फार्म भरने से संबंधित आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान अधिकारियों से मशीनों को कनेक्ट कर दिखाने कहा। प्रशिक्षण केन्द्र में स्थापित मतदान अधिकारियों के डाक मतपत्र के लिए बनाए गए सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया।

शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में जिला स्तरीय स्वीप गतिविधियों का आयोजन

मनेन्द्रगढ़ 09 नवंबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता का शानदार आयोजन जिला स्तरीय स्विप कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जिला निर्वाचन अधिकारी एम.सी.बी. नरेन्द्र दुग्गा के मार्गदर्शन संरक्षण एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के संयोजन एवं आर. के खाती जिला महिला बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी शिल्पा अग्रवाल के विशेष सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें धमेन्द्र एस.गंगवार आई.ए.एस स्पेशल जनरल ऑब्जर्बर ई.सी.एल, राजेश टुटेजा एक्स आई.आर.एस., आई.टी. स्पेशल एम्सपेंडिचर ऑब्जर्बर ई.सी.एल, सौरभ नारायण नायक आई.आर.एस., सिद्धार्थ तिवारी आई.पी.एस, ने आतिथय प्रदान किया। धमेन्द्र एस.गंगवार आई.ए.एस स्पेशल जनरल ऑब्जर्बर ई.सी.एल. द्वारा जिले की शैक्षणिक संस्थाओं के सभी उपस्थिति मतदाता विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। जिला स्तरीय विभिन्न स्पीप प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को धमेन्द्र एस गंगावार के करकमालो द्वारा प्रमाण पत्र पुरूष्कार वितरित किया गया। तत पश्चात उन्होने स्वीप मतदाता जागरूकता रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रस्थान किया। मतदाता जागरूकता रैली विवेकानन्द महाविद्यालय से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, विनोद कुमार पाण्डेय, प्राचार्य हाई. स्कूल पिपरिया, गोपाल सिंह क्रीड़ा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं विवेकानन्द कालेज, नर्सिग कालेज ,बी.एड. कालेज के विद्यार्थी, सरस्वती विकास विद्यालय के विद्यार्थी एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी ने सहभागिता की। अभिलाषा पैकरा अनुविभागिय अधिकारी राजस्व, नितेश उपाध्याय डी.आर.डी. ए., कविता तिर्की, प्रियंका सरकार , मंजूलता कश्यप, के. बी.पटेल कॉलेज, एन.पी.तिवारी, डॉ. अरूणिमा दत्ता, अनुपा तिग्गा, स्मृति अग्रवाल शरणजीत कुजूर, अवनीश गुप्ता, रामनिवास पुष्पराज सिंह, शुभम् गोयल, नीलम द्विवेदी, रेखा सिंह, अंकिता चटर्जी, डॉ. रिंकी तिवारी, सुजात त्रिपाठी, व्याख्यातागण अवनीश गुप्ता, कु. अंकिता चटर्जी, रेखा सिंह, मनीष श्रीवास्तव, मीना त्रिपाठी, हेमन्त सिंह, साधना बुनकर, ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

मतदाताओं को जागरूक करने मिनी मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

शत-प्रतिशत मतदान हेतु जनजागरूकता फैलाने के साथ सभी ने ली मतदान की शपथ

अम्बिकापुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व जिले विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मल्टीपरपज स्कूल अम्बिकापुर से गांधी स्टेडियम तक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन दौड़ को सीईओ जिला पंचायत श्री कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मिनी मैराथन दौड़ मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड से शुरू होकर गुदरी चौक, जलपद कार्यालय रोड, मिशन हॉस्पिटल रोड, साक्षरता मार्ग, चर्च के सामने चौक, जोड़ा पीपल, चौपाटी, आकाशवाणी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम में समाप्त हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजनों ने हिस्सा लिया।

श्री कंवर ने सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि 17 नवम्बर मतदान दिवस के दिन आप सभी निर्धारित मतदान केंद्र में जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता जिन्हें पहली बार मतदान करने का मौका मिल रहा है, वे अपने परिजनों को भी दिन मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने इस दौरान शत- प्रतिशत मतदान करने की अपील की तथा सभी को मतदाता शपथ दिलवाया।

ये रहे मिनी मैराथन दौड़ के विजेता

स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता ने जानकारी देते हुये बताया कि यह मिनी मैराथन दौड़ दो वर्गों में आयोजित किया गया था, जिसमें 10 से 45 वर्ष एवं 45 से 70 वर्ष के महिला एवं पुरूष ने भाग लिया, जिसमें 45 वर्ष से कम उम्र की महिला वर्ग में सरस्वती सिंह प्रथम, यशोदा राजवाडे द्वितीय एवं गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 वर्ष से ऊपर की महिला वर्ग में इंद्रवती कुमारी राजवाडे प्रथम, लीलावती मुंडा द्वितीय, अनिता विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पुरूष वर्ग में 45 वर्ष से नीचे कृष्णा मरावी ने प्रथम, बनारसी ने द्वितीय एवं अश्लेष कुमार राजवाडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 वर्ष से ऊपर वर्ग में सुनिल प्रसाद गुप्ता प्रथम, राधेश्याम राजवाडे द्वितीय व राजेश प्रसाद सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, साथ ही 0 से 12 वर्ष बालक वर्ग में तीर्थ राज कुशवाहा ने प्रथम, गुलशन पैकरा ने द्वितीय एवं आशीष पैकरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 0 से 12 बालिका वर्ग में रीतिका ने प्रथम, दुर्गा ने द्वितीय एवं काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

युवा मतदान दल के कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

बलरामपुर. विधानसभा निर्वाचन 223 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में जिले के सभी विकासखण्डों में संगवारी, दिव्यांग एवं युवा मतदान दल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6-प्रतापपुर (आंशिक) में 5 संगवारी मतदान केन्द्र, 7-रामानुजगंज व 8-सामरी में 1-1 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इसके साथ ही जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2 युवा तथा 2 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कुल 167 मतदान कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर-एसपी ने किया कालीघाट नाका का निरीक्षण

अम्बिकापुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले में फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टेटिक सर्विलांस टीम सक्रिय है। टीमों की कार्यप्रणाली का औचक निरीक्षण करने बुधवार को देर रात 2 बजे के करीब कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा कालीघाट नाका में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेटिक सर्विलांस टीम में ड्यूटीरत कर्मचारियों से वाहनों की आवाजाही, और चेकिंग की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस अब नजदीक है। साथ ही त्योहारों सहित अब शादियों का सीजन भी शुरू हो चुका है। इस समय सघन जांच करना सबसे महत्वपूर्ण है। चौकन्ना रहें, लोगों के और वाहनों के आवागमन के पैटर्न को समझें। सूक्ष्म निगरानी रखकर जांच करें। जांच के दौरान इसका भी ध्यान रखें कि किसी सही व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी ना हो। आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में वाहन चेकिंग की कार्यवाही एनडीपीएस, शराब, धन, कीमती सामान जो जिले के अंदर लाकर निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी निगरानी की जा रही है। इसके जरिए जिले के एंट्री और एक्जिट पॉइंट्स की निगरानी की जा रही है।

होम वोटिंग के माध्यम से चिन्हांकित बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

बलरामपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में चिन्हांकित बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए 09 नवम्बर 2023 को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई। जिसके लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज एवं सामरी के लिए 15 विशेष मतदान दलों का गठन किया गया है जिनके द्वारा घर-घर जाकर मतदान कराया जा रहा है। विधानसभा 07-रामानुजगंज में 66 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता तथा 08-सामरी में 64 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता चिन्हांकित थे। चिन्हांकित कुल 130 मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई। जिन्होंने पूर्व में ही होम वोटिंग के लिये सहमति दी थी। जिसमें दिव्यांग मतदाता एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 06 बजे तक की स्थिति में चिन्हांकित मतदाताओं में से 79 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। इन मतदाताओं से घर पर ही मतदान करने की सहमति ली गई थी और उन्हें डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी समय पूर्व दी गई थी।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रमिला को मिला प्रथम पुरस्कार

रंगों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विचार को दिया आकार

मनेन्द्रगढ़ 09 नवंबर (देशबन्धु)। रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है छात्राओं ने आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया है और मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। उक्ताशय के विचार आदर्श पैरामेडिकल एकेडमी और आदर्श कंप्यूटर संस्था द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किये गये रंगोली प्रतियोगिता के दौरान संस्था के संचालक रमेश सोनी ने व्यक्त किये। संस्थान की तरफ से बृहस्पतिवार को आमाखेरवा रोड स्थित परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने 'सेव वाटर-सेव अर्थ', बेटी बचाओ, लिंग भेद, पर्यावरण संरक्षण और कोविड-19 जैसे कई ज्वलंत विषयों पर आधारित आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाई। आदर्श कम्प्यूटर अकेडमी की संचालक संजू सोनी ने इस अवसर पर कहा की छात्राओं में रंगोली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 13 बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया है। अंजली यादव, नाजिया, दिव्या राजवाड़े,प्रीति, नंदिनी, मोनिका, प्रेम बाई, शारदा,सचिन कुशवाहा, वर्षा, रुक्मणी,टंकेश्वरी और प्रमिला ने रंगोली के माध्यम से अपने विचारों को आकार दिया। प्रतियोगिता के बाद निर्णायक मंडल ने प्रमिला को प्रथम, सचिन कुशवाहा को द्वितीय, वर्षा मौर्य और दिव्या राजवाड़े को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान दिया वहीं अंजली यादव और मोनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

मतदान के 48 घंटे पूर्व मौन अवधि के संबंध में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

बलरामपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी में मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 अधिसूचित किया गया है। मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व समस्त प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अंतर्गत मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली नियत अवधि के दौरान उम्मीदवार सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य सामान उपकरण के माध्यम से किसी भी निर्वाचन से संबंधित सामग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं करेंगे। इसके अलावा किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एग्जिट पोल के परिणाम को किसी भी समय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य मीडिया द्वारा किसी भी तरीके से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर 30 नवम्बर 2023 तक प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही प्रिंट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार सामग्री का अंतिम 48 घंटे में प्रकाशन के पूर्व प्रमाणन अनिवार्य रूप से आवश्यक होगा। मतदान बंद होने से 48 घंटे पहले, चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक पदाधिकारियों के, जो उस क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, के रहने पर प्रतिबंधित होगा। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभा एवं जुलूस का आयोजन नहीं किया जाएगा। इन प्रतिबंधों के उल्लंघन पर समुचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। चुनाव के दिन मतदान केंद्र के 100 मी के दायरे में पोस्टर, झंडे, प्रतीक या अन्य कोई प्रचार सामग्री, पहचान पर्ची का वितरण किया जाना प्रतिबंधित होगा। राजनैतिक दल या अभ्यर्थी मतदाताओं को पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर उपलब्ध करा सकते हैं किन्तु किसी भी प्रकार प्रतीक चिन्ह या उम्मीदवार का नाम या पार्टी का नाम अंकित नहीं होगा।

निष्पक्ष, न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने और जागरूकता लाना ही दिवस का उद्देश्य

कोरिया 09 नवंबर (देशबन्धु)। भारत में हर साल 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। यह कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वैसे तो यह अधिनियम आधिकारिक तौर पर 9 नवंबर 1995 को लागू हुआ था। तब से, नागरिकों में कानूनी जागरूकता के उद्देश्य से पूरे राज्यों में कानूनी सेवा दिवस मनाया जाता है।इसी कड़ी में आज बैकुंठपुर के जिला सत्र न्यायाधीश श्री आनन्द कुमार ध्रुव के निर्देश पर सरस्वती शिशु मंदिर, चरचा जिला कोरिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री वीरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर बहुत ही आवश्यक बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी नागरिकों के लिए उचित, निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाज के गरीब और कमजोर वर्ग को सहायता, समर्थन प्रदान करने के लिए आरंभ किया गया है।

आप सभी आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए अति महत्वपूर्ण संसाधन

संगवारी मतदान कर्मियों के साथ रिजर्व दल का प्रशिक्षण जिला पंचायत में सम्पन्न

कोरिया 09 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कोरिया जिले में नियुक्त संगवारी मतदान केंद्र में नियुक्त किए गए और रिजर्व महिला मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण जिला पंचायत के मंथन कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने उपस्थित महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सब निर्भय होकर अपना काम करें जिससे जिले में निष्पक्ष और निर्बाध रूप से निर्वाचन संपन्न कराया जा सके। निर्वाचन आयोग के निर्देशन में इस बार जिले में दस संगवारी मतदान केंद्रों का चयन किया गया है जिसमे सिर्फ महिलाएं ही सारी व्यवस्था का संचालन करेंगी। इसके लिए आप मतदान केंद्रों में जाकर सभी आवश्यक तैयारी समय से पहले पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों में जाने और आने के लिए किसी भी परिस्थिति में निजी वाहन का इस्तेमाल न करने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आवागमन की आपात स्थिति में तुरन्त अपने सेक्टर अधिकारी को सूचित करें। सामग्री लेने के बाद जब तक सामग्री जमा न हो तब तक आप को विशेष ध्यान रखना होगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने भी महिला कर्मियों को निडर होकर मतदान प्रक्रिया पूरी कराएं, हम आपके साथ बराबरी से खड़े रहेंगे और आपको हर सम्भव मदद करेंगे। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ आशुतोष ने कहा कि मतदान केंद्रों में जाकर मतदान प्रक्रिया पूरी कराने के लिए जरूरी है कि आप सभी ईव्हीएम मशीनों के आपरेटिंग सिस्टम को अच्छे से जान लें। इसके साथ ही अतिरिक्त रिजर्व दल के कर्मचारियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत के आडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। रिजर्व दल के प्रत्येक व्यक्ति को अत्यंत गम्भीरता से प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आप को आपात स्थिति में मतदान दल के साथ जुड़कर काम करना होगा। इसलिए आपको हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी होनी चाहिए। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रभारी एवं जिला पंचायत सीईओ डा चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण लेने वाले कर्मचारियों को दिए गए प्रशिक्षण के सम्बंध में कई प्रश्न करके उनके ज्ञान के स्तर की जांच की। प्रशिक्षण में बताई गई मतदान की प्रक्रिया सम्बन्धी विभिन्न प्रश्नों के लिए अलग अलग प्रशिक्षुओं से सवाल करते हुए उन्होंने मॉक पोल की प्रक्रिया से लेकर मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया के बारे में बातचीत की। साथ ही सभी के शंकाओं का निवारण भी किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों के साथ मतदान दल के तौर पर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी दी

मतदान कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न

बलरामपुर 09 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान प्रक्रिया का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु पीठासीन व मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 के कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 08 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज के मतदान दलों तथा 09 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी के मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान दलों को मतदान दिवस, मतदान से पूर्व तथा मतदान के पश्चात एवं ईवीएम से संबंधित विभिन्न जानकारी व सावधानियों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 के कुल 3271 प्रशिक्षार्णी शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पीठासीन व मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 के कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मास्टर्स ट्रेनर्स ने मतदान प्रक्रिया के एक दिन पूर्व की तैयारी, मॉक-पोल, मॉक-पोल के बाद सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूरित करना, मतपत्र लेखा इत्यादि के बारे में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मतदान दलों को स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा आपातकालीन परिस्थिति में स्वास्थ्य संबंधित चिकित्सकीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर को सुविधा केंद्र बनाया गया था, जहां पर 3271 मतदान अधिकारी एवं कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया।

प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती रूचि शर्मा सहित निर्वाचन संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का डभरा में आमसभा

भूपेश सरकार को लिया आड़े हाथों

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सक्ती जिले के डभरा पहुंचे, जहां उन्होंने भूपेश बघेल सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। यहां महादेव सट्टा ऐप पर बोला की भूपेश भगवान शंकर के नाम पर घोटाला कर रही है,उन्होंने राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार पर कहा कि भूपेश कक्का तीस टक्का का कमीशन लेते हैं।

अमित शाह ने अपने घोषणा पत्र का बखान करते हुए कहा कि,भाजपा महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर देगी,इलाज के लिए 10 लाख तक राशि दी जाएगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर किसानों का 3100 में 21 क्विंटल धान खरीदी करने की बात कही। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने चंद्रपुर विधानसभा में सिकल सेल्स स्क्रीनिग सेंटर, आदिवासियों को सिकल सेल्स एनीमिया कार्ड चंद्रपुर में देने व बनाने की घोषणा की । गुरु घासीदास बाबा की नगरी गिरौदपुरी से छाता पहाड़ तक 5 सौ करोड़ की विकास करने की बात कही। उन्होंने चंद्रपुर विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव के लिए आमजनों से 17 नवंबर को मतदान के दौरान भाजपा को वोट देने की अपील की।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष का भाजपा प्रवेश

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू अनिल चंद्रा ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर सैकड़ों समर्थकों के साथ गृह मंत्री अमित शाह के मंच में संयोगिता सिंह जूदेव ने भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू अनिल चंद्रा ने आज सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा कि रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया है। वे कांग्रेस पार्टी के नेताओं की उपेक्षा से नाराज चल रहे थे।

सार-संक्षेप

11 नवम्बर तक किया जाएगा मतदान दलों का डाकमत पत्र से मतदान

सारंगढ़ 09 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने डाक मत पत्र से किए जा रहे मतदान का अवलोकन किया। सारंगढ़ के कलेक्टोरेट कार्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, शासकीय पंडित लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय में मतदान दलों में शामिल कर्मी का डाक मत पत्र से मतदान 09 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है जो 11 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के मध्य किया जाएगा। सभी स्थानों में पुलिस बल, वीडियोग्राफी, निर्वाचन नियमों का पालन और गोपनीयता के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी उपस्थित थीं।

सभी प्रत्याशी के व्यय लेखा का द्वितीय जांच होगा 10 नवंबर को

सारंगढ़ 09 नवंबर (देशबन्धु)।विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सारंगढ़-17 और बिलाईगढ़-43 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का मिलान और प्रेक्षक के समक्ष द्वितीय जांच 10 नवंबर 2023 को कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सारंगढ़ में प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने पत्र जारी कर कहा है कि सभी प्रत्याशी निर्धारित तिथि 10 नवंबर 2023 को द्वितीय जांच और 15 नवंबर 2023 को तृतीय जांच के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक परिसर में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुल 10 रंगोली टीम 37 लोगों ने सहभागिता की। जिसमें आईसीडीएस के सुपर वॉरियर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं टीसीएल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। एनसीसी के कैंडिडेट्स ने स्वीप के मतदाता जागरूकता का मानव श्रृंखला बनाई तथा स्वीप से संबंधित नारों के साथ समूह गीत एवं ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' का नारे लगाये गये। इसके साथ ही शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन पर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वीप गतिविधियों से संबंधित मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी लगायी गयी। कार्यक्रम में नगर पालिका जांजगीर-नैला सीएमओ चंदन शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, सहायक स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्रो. बीके पटेल, गजेंद्र जायसवाल, स्वीप जिला महिला आईकन सुश्री अमीता श्रीवास, प्रो. डॉ ईश्वरी सूर्यवंशी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा नागरिक गण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्याय सदन जिला न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सेवा दिवस का स्मरणोत्सव सुरेश कुमार सोनी जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के मार्गदर्शन में मनाया गया।

प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता क्लबों में 08 सितम्बर को ''विश्व साक्षरता दिवस'' के अवसर पर आयोजित ''स्लोगन राइटिंग व पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता'' एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं से प्रत्येक विद्यालय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पांचवा स्थान तक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्कार वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुरेश कुमार सोनी जिला न्यायाधीष/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाजंगीर चांपा, सुरेश जून प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष, राजेन्द्र कुमार वर्मा प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर, सर्वविजय अग्रवाल मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट जांजगीर, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा, विकास खाण्डे न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी जांजगीर, श्रीमती डां. इन्दु साधवानी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जांजगीर, सुरेश कुमार जायसवाल सदस्य बाल कल्याण समिति जांजगीर, श्रीमती उषा शांडिल्य अधिवक्ता एवं प्रतियोगिता में चयनित 82 छात्र - छात्रों के साथ संबंधित विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे।

प्रेक्षकों व संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की निर्वाचन तैयारियों समीक्षा

कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन कराने दिए निर्देश

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीर सागर ने जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले की संयुक्त बैठक जांजगीर के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत की जा रही तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली।

विशेष सामान्य प्रेक्षक, विशेष व्यय प्रेक्षक, विशेष पुलिस प्रेक्षक एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी विधानसभावार ली। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप मतदान प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, चेक पोस्ट के संबंध में जानकारी ली। प्रेक्षकों ने दोनो जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधा की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जांजगीर-चांपा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं सक्ती कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में मतदान केन्द्रों की जानकारी एवं उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि सी-विजिल एवं एनजीआरएस में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों का निराकरण लगातार किया जा रहा है। इस दौरान जांजगीर-चांपा पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं सक्ती पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने विशेष प्रेक्षकों को निर्वाचन के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा सघन निगरानी की जा रही है।

इस दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा एवं 34 जांजगीर-चांपा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुश्री प्रीति, विधानसभा पामगढ़ के लिए नियुक्त प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी एवं व्यय प्रेक्षक विमल चंद्र दास, पुलिस प्रेक्षक एम अर्शी, सक्ती जिले के नियुक्त समान्य प्रेक्षक सक्ती विधानसभा मोहम्मद वाई सफिरूल्ला के, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 व 37 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक उमाकांत त्रिपाठी, सक्ती पुलिस प्रेक्षक शैलेन्द्र प्रसाद बरनवाल, सक्ती व्यय प्रेक्षक अतुल कुमार रामदास गोखे, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, श्रीमती लवीना पांडेय, गुड्डु लाल जगत, जिला पंचायत सीईओ आरके खूंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कविता पाण्डेय का चयन विश्व विद्यालय के श्रेष्ठ स्वयं सेविका

अकलतरा, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। सेवा योजना की स्वयं सेविका कविता पाण्डेय जो की बीएससी तृतीय की छात्रा का चयन विश्वविद्यालय श्रेष्ठ स्वयं सेविका के रूप में हुआ । शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के तृतीय कुल उत्सव के अवसर पर कुलपति डॉ ललित पटेरिया, कुलसचिव सौरभ शर्मा,कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील कुमार इक्का के हाथो प्रशस्ति पत्र व सम्मान राशि देकर उसे सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय के सचिव अंकित जैन भी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि स्वयं सेविका कविता को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयं सेविका के रूप के सम्मानित किया जा चुका है। छात्रा कुमारी कविता पांडे 18 जुलाई से 24 जुलाई तक राष्ट्रीय एकता शिविर रेवारी हरियाणा के इंदिरा गांधी विश्वविद्यालयसे एवं प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना में दो बार महाविद्यालय की ओर से राज्य में प्रतिनिधित्व कर चुकी है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आलावा महाविद्यालय के खेलकूद में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनकी सक्रिय योगदानों के कारण शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ ने उन्हें महिला प्रकोष्ठ का सदस्य भी बनाया हैं। विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप के चयन होने पर महाविद्यालय बहुत गौरांवित है। कविता को विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ले.पी.पटरियां, नीता बाजपेयी राज्य कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ सुशील कुमार एक्का, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला जांजगीर चांपा बी.के. पटेल, महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. जे.के जैन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तृप्ति शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ़ेसर अरविंद मिरी व सहायक प्राध्यापकों एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कर भविष्य की निरंतर आगे बढ़ने कामना की है ।

नवागढ़ पुलिस ने किया अवैध फटाखा जप्त

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। नवागढ़ पुलिस ने अवैध फटाखा जप्ती की कार्यवाही कर कब्जे से विभिन्न प्रकार के फटाखा कीमती 6,500 रू का बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध थाना नवागढ़ में धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। नवागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि नवागढ़ का चुन्नी लाल देवांगन अपने घर में अवैध रूप से फटाखा का भंडारण कर बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया।

कांग्रेस प्रत्याशी हरबंश के कार को ट्रेलर ने मार दी सामने से ठोकर

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर जिले के पामगढ़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शेषराज हरबंश के इनोवा कार को ट्रेलर ने सामने से ठोकर मार दी। घटना में कार के समाने हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में कांग्रेस प्रत्याशी सवार नहीं थी जिससे वे बाल-बाल बचीं अन्यथा एक बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई है। ट्रेलर चालक के नशे में होने की जानकारी सामने आ रही है।

उपस्थित लोगों ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी रोजाना की तरह क्षेत्र में जनसंपर्क कर लौट रही थी, जैसे ही वह कार्यालय के पास पहुंचकर कार से उतरी उसके चंद मिनट बाद सामने से आ रही ट्रेलर ने रॉन्ग साइड में खड़ी इनोवा कार को ठोकर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

भीमा तालाब में दीप प्रज्वलित कर मतदाता जागरूकता का संदेश

वृद्ध, दिव्यांग एवं महिला मतदाताओं का किया गया सम्मान

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भीमा तालाब में 1111 दीप प्रज्वलित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने मतदान दिवस के दिन स्वतंत्रता निर्भीक स्वतंत्र होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान करने नागरिकों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर युवा मतदाताओं को जो पहली बार मतदान करेंगे उन्हे ऐपिक कार्ड का भी वितरण किया गया। साथ ही 80+, दिव्यांग, युवा एवं महिला मतदाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आर के खूंटे, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह,

एसडीएम चांपा निरनिधि नंदेहा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, सहायक जिला स्विप नोडल अधिकारी प्रोफेसर व्ही.के. पटेल, डॉ ईश्वरी सूर्यवंशी सहित संबंधित अधिकारी, हसदेव के हीरो उपस्थित थे।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हसौद में चुनावी सभा को किया संबोधित

जांजगीर, 09 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य में अनुसूचित जाति जनजाति का समुचित विकास नहीं हो सका। दोनों दल लंबे चौड़े वादे कर लोगों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी झूठे वादे नहीं करती है, काम करके दिखाती है। ये बातें बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने जैजैपुर विधानसभा के ग्राम हसौद के तहसील मैदान में आयोजित सभा में कही ।

उन्होंने कहा कि राज्य में बहुजन समाज पार्टी और गोड़वाना गणतंत्र पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही है। केंद्र के द्वारा महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इसमें एससी एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस भाजपा ने लोगों को लुभाने लंबे चौड़े वादे किए हैं। बहुजन समाज पार्टी इस तरह वादा नहीं करती है, वह सीधा काम में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। इससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। प्रदेश में सट्टेबाजी चरम पर है और इसमें मुख्यमंत्री के संलिप्त होने की खबर भी आए दिन आती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यहां जातिगत जनगणना की बात करती है। जब जनसंख्या के अनुपात में सुविधा ही नहीं देना है तो जातिगत जनगणना का क्या मतलब है। देश में गिने चुने पूंजीपति व धन्ना सेठों का विकास हो रहा है। गरीब मजदूर व आम जनता की समस्याओं की ओर ध्यान देने वाला नहीं है। कांग्रेस और भाजपा ने दलित और पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया। देश में बसपा ही ऐसी पार्टी है जो पूंजी पतियों के धन से नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही चुनाव लड़ती है और सत्ता में आने के बाद बिना किसी दबाव के काम करती है। हमने उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाई है। हमने वहां गरीबों को कृषि योग्य जमीन दी है। इससे लाखों लोगों को फायदा पहुंचा है। हमारी पार्टी सर्व समाज की भलाई के लिए कार्य करती है। किसी जाति और धर्म के प्रति हम भेदभाव नहीं करते । इस दौरान जांजगीर चांपा , सक्ती और रायगढ़, सारंगढ़ मिलाकर 13 विधानसभा क्षेत्र के बसपा के उम्मीदवार उपस्थित थे।

पटाखा व्यवसायीयों द्वारा उड़ाई जा रही है प्रशासन के नियमों की धज्जियां

खरसिया 09 नवंबर (देशबन्धु)। प्रशासन द्वारा इस बार पटाखों के व्यवसाय से संबंधित गाइडलाइन जारी की गई है जिसमें सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने का आदेश दिया गया है परंतु खरसिया के पटाखा व्यापारियों द्वारा इन नियमों की पूर्णत: अनदेखी की जा रही है एवं प्रशासन के नियमों का माखौल उड़ाया जा रहा है पटाखे की जहां दुकान लगाई गई है उसके बराबर में सटे हुए चार चार स्कूल है जबकि व्यापारियों द्वारा सुरक्षा के कोई भी उपाय नहीं किया जा रहे हैं अगर कोई हादसा होता है तो इसकी जवाबदारी कौन लेगा। प्रशासन द्वारा सिर्फ हरित पटाखे की बिक्री के



निर्देश दिए गए हैं परंतु दुकानदारों द्वारा बड़े-बड़े और भारी भरकम बम एवं रॉकेटो की बिक्री की जा रही है प्रशासन द्वारा जारी नियम जिसके तहत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़े, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि से नहीं बना होना चाहिए। पटाखा दुकान को लोहे के पाइप, टीनशेड एंगल से बनाना होगा, प्रत्येक दुकान के बीच में तीन मीटर की दूरी अनिवार्य है तथा एक दुकान के सामने दूसरी दुकान न बनायी जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। फटाखा दुकान ट्रांसफार्मर के आसपास और उसके ऊपर से हाईटेंशन लाईन नहीं गुजरना चाहिए। दुकानों में विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। प्रत्येक दुकानों में 5 किलो के क्षमता वाले अग्निशमन यंत्र (डीसीपी)रखने होंगे तथा 200 लीटर पानी क्षमता का ड्रम के साथ बाल्टी व्यवस्था होनी चाहिए। पटाखा दुकान के सामने बाईक/कार पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। इन सभी नियमों का खरसिया के व्यापारी खुला उल्लंघन करते हुए प्रशासन का मुंह चिढ़ा रहे हैं।

देश विदेश

पूर्वी सीरिया में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइलों से हमला

दोहा। सीरिया के शहर दीर एज़्-ज़ूर के पूर्व में अल-उमर तेल क्षेत्र के पास एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर रात भर में कम से कम 15 मिसाइलों से हमला किया गया है। इससे पहले दिन में अमेरिकी सैन्य जेट विमानों ने कथित तौर पर सीरियाई क्षेत्र पर हमले किए। हमलों में संभवत: शिया सशस्त्र समूहों को निशाना बनाया। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार 17 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच, विरोधी सैन्य समूहों ने सीरिया और इराक में अमेरिकी ठिकानों पर 38 बार हमला किया। हमलों में कुल 46 सैनिक घायल हुए।

गजा पट्टी में संघर्ष विराम की मांग को लेकर न्यूयॉर्क में प्रदर्शन

न्यूयॉर्क, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में सैकड़ों प्रदर्शनकारी फिलिस्तीनी झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और

■ फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के लगा रहे थे नारे

गाजा में युद्धविराम की जोरदार मांग की। रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी 'फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्ट ले रखा था, जिस पर 'नेतन्याहू और बिडेन युद्ध अपराधी' और 'इज़रायल एक आतंकवादी देश है, जो खुले तौर पर नरसंहार कर रहा है' लिखा हुआ था। विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की इमारत से होकर गुजरा और फिर 42वीं स्ट्रीट के साथ डाउनटाउन मैनहट्टन की ओर मुड़ गया। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी झड़प या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि संरा के अनुसार, इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। यह संघर्ष 7 अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में हमला करने के बाद शुरू हुआ था।

इजरायल, फिलिस्तीन को निपटान प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत : हिलेरी

मॉस्को, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और फिलिस्तीन को समझौता प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत है। सुश्री हिलेरी ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कहा, आपको ऐसा माहौल बनाना होगा जिसमें शांति प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का मौका हो। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि किसी भी प्रकार के शांति समझौते, विशेष रुप से इजरायल और फिलिस्तीनियों के नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मानना है कि हमास इजरायल के विनाश में रुचि रखता है और इसलिए किसी भी संभावित सौदे का पक्ष नहीं हो सकता है, उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दो-राष्ट्रों के समाधान के लिए भागीदार हो सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अक्टूबर में इजरायल की सत्तारूढ़ पार्टी लिकुड के सदस्यों का हवाला देते हुए बताया कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के बढ़ने के बीच श्री नेतन्याहू सत्ता में नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 07 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। 27 अक्टूबर को, इज़रायल ने हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी के अंदर बड़े पैमाने पर जमीनी घुसपैठ शुरू की।

ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोल रही थी हिलेरी

सुडोकू 6372

2			9		4			
	8				1			6
5								3
		3	1			7		
	9		8		7		3	
		1			6	4		
3								9
1			2				8	
			5		9			2

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6372



बायें से दायें:-

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

ऊपर से नीचे:-

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक ही समय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

वर्ग पहेली-6371



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

गजा में बाहरी शासन का विरोध करता है जॉर्डन : सफादी

अम्मान। जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा है कि जॉर्डन भविष्य में गाजा पट्टी में बाहरी शासन के किसी भी विचार का विरोध करता है। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि गाजा का भविष्य फिलिस्तीनियों को खुद तय करना चाहिए, लेकिन इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष की समाप्ति के बाद क्षेत्र के प्रशासन की संरचना अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। पेट्रा समाचार एजेंसी के हवाले से सफादी ने कहा कि जॉर्डन अरब या गैर-अरब बलों के माध्यम से युद्ध के बाद गाजा प्रशासन की किसी भी बात को खारिज करता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों के अधिकारों की प्राप्ति और उनके स्वतंत्र राज्य के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए एक राजनीतिक समाधान और व्यापक तथा न्यायपूर्ण शांति की आवश्यकता है। उल्लेखनीय की हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल में घुसकर तथा रॉकेटों के जरिए हमला किया था, जिसमें 1400 लोग मारे गए थे । इसके बाद इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमला करने शुरू कर दिया, जिसके कारण अब तक 10 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 10 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 13

राशिफल

मेष - आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होंगी। बिजनेस में नई योजनाएं बना सकेंगे। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में मदद करेगी। शुभ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। पठन तथा लेखन की प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। विचारों की अधिकता के कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावुकता आपकी दृढ़ता को कमजोर बनाएगी।

कर्क - अपने काम में सफलता प्राप्त करने के कारण आपके आनंद और उत्साह में बहुत अधिक वृद्धि होगी। ताजगी और स्फूर्ति का अहसास होगा। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से मिलना हो सकता है।

सिंह - आपका दिन मिश्रितफल देनेवाला रहेगा। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। महत्वपूर्ण काम में मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं कर सकेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

कन्या - आपकी वाणी की मधुरता नए सम्बंध विकसित करने तथा कई जगहों पर लाभ कराने में सहायक होगी। आपके विचार अधिक समृद्ध होंगे। आप व्यापार-धंधे में सफल होंगे। अच्छा लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।।

तुला - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की संभावना है। आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आय से अधिक व्यय होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक- युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा तथा पत्नी से लाभ होगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ेंगी। तंदुरुस्ती बनी रहेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।।

मकर - बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कार्यों को नया स्वरूप देगी। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ बनाएंगे।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े विवाद से बचें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक माहौल दूषित रहेगा। वित्तीय तंगी का अनुभव होगा।

मीन - व्यापारियों को आगे बढ़ने के बहुत से अवसर मिलते रहेंगे। पार्टनरशिप के काम के लिए समय अच्छा है। कलाकार और साहित्यकार कुछ अच्छा रचने के काबिल रहेंगे। बड़े लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

फिलिस्तीन को तीन गुना ज्यादा सहायता देगा स्पेन

मैड्रिड, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। स्पेन ने 2023 में फिलिस्तीन को दी जाने वाली सहायता में तीन गुना की वृद्धि करने की योजना योजना बनाई है। स्पेन के कार्यवाहक विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने यह जानकारी दी है। इससे पहले लक्ज़मबर्ग में यूरोपीय संघ की विदेश मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि स्पेन की सरकार ने फ़िलिस्तीन के निवासियों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाकर 2.1 करोड़ यूरो कर दी है और निकट भविष्य में इस राशि को दोगुना करने की तैयारी की जा रही है। श्री अल्बेरेस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हमने गाजा पट्टी में मानवीय संकट के बीच फिलिस्तीनी लोगों के लिए 2.6 करोड़ यूरो की राशि में एक नया सहायता पैकेज तैयार किया है। हम फिलिस्तीन के साथ सहयोग को तीन गुना करेंगे। हम 2023 में 4.85 करोड़ यूरो प्रदान करेंगे।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ दिवाली मनाई

लंदन, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। दिवाली से पहले, ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और पत्नी अक्षता मूर्ति ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने आधिकारिक आवास पर हिंदू समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर प्रकाश पर्व मनाया।

सुनक के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज रात प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अंधकार पर प्रकाश की विजय के उत्सव दिवाली से पहले डाउनिंग स्ट्रीट में हिंदू समुदाय के मेहमानों का स्वागत किया। इस सप्ताह के अंत में पूरे ब्रिटेन और दुनिया भर में मना रहे सभी लोगों के लिए शुभ दिवाली!

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कार्यक्रम की तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें सुनक को अपनी पत्नी के साथ पारंपरिक दीपक जलाते और बाद में मेहमानों का स्वागत करते और शुभकामनाएं देते दिखाया गया।

पिछले साल सुनक भारतीय मूल और हिंदू समुदाय के ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने एक ऐसा ब्रिटेन बनाने, जहां हमारे बच्चे और हमारे पोते-पोतियां अपने दीये जला सकें, इस काम में मैं जो कुछ भी कर सकता हूं करने का संकल्प लिया। मूल रूप से पंजाब से संबंध रखने वाले सुनक ने कहा है कि उनकी हिंदू आस्था बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तनाव के दौरान ताकत और लचीलापन देती है। इस साल सितंबर में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं एक गौरवान्वित हिंदू हूं। इसी तरह मेरा पालन-पोषण हुआ, मैं ऐसा ही हूं।

■ मूल रूप से पंजाब से संबंध रखने वाले हैं सुनक

रूस ने डोनेट्स्क में आठ हमलों को विफल किया

मॉस्को, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के वोस्तोक समूह की सेनाओं ने दक्षिण डोनेट्स्क की दिशा में यूक्रेनी सेना की ओर से किए गए आठ हमलों को नाकाम कर दिया है, जिसके कारण यूक्रेन ने 145 सैनिक और सैन्य उपकरण खो गए हैं। समूह के प्रवक्ता ओलेग चेखव ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, दक्षिण डोनेट्स्क की दिशा में वोस्तोक समूह की सेनाओं की इकाइयों ने तोपों के जरिए नोवोमीखाइलिव्का और निकोल्स्के, उरोज़ाइन तथा स्टारोमायोर्स्के के उत्तर में आठ हमलों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, यूक्रेन ने 145 सैनिकों, सैन्य वाहनों और दो रडार स्टेशनों को खो दिया। उन्होंने कहा कि रूसी कामिकेज़ ड्रोन लैंसेट ने पोलैंड निर्मित स्व-चालित ट्रैक गन-होवित्जर एएचएस क्रैब पर भी हमला किया है।

यूक्रेन ने 145 सैनिकों को खोया'

पुतिन कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से बातचीत करने पहुंचे

अस्ताना। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आधिकारिक दौरे पर अस्ताना पहुंचे, जहां वह अपने कजाख समकक्ष कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ बातचीत करेंगे और एक अंतरक्षेत्रीय सहयोग मंच में भाग लेंगे। श्री पुतिन कजाकिस्तान के नेता के निमंत्रण पर अस्ताना का दौरा कर रहे हैं। श्री टोकायेव ने स्वयं हवाई अड्डे पर अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पहले कहा था कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने सहयोग के सभी क्षेत्रों पर की तुलना करने की योजना बनायी है, उन्होंने कहा कि इनमें आपसी निवेश भी शामिल है।

बाल यौन-संबंधी मामले में भारतीय मूल का गिरफ्तार

न्यूयॉर्क, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कोलोराडो में पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने एक बड़े गुप्त अभियान में बाल यौन संबंधित मामले में 56 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मेसा काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ग्रांड जंक्शन शहर के अंशकालिक निवासी योगेश पटेल को बाल वेश्यावृत्ति कराने और एक बच्चे की प्रताड़ना करने को लेकर गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि 28 से 68 वर्ष की आयु के 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। यह सभी बाल यौन शोषण या दुर्व्यवहार अपराधों से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे हैं। इन पर बाल वेश्यावृत्ति कराना, एक बच्चे पर यौन उत्पीड़न का प्रयास करना और संरक्षण देने का प्रयास करना शामिल है। शेरिफ कार्यालय ने कहा, ऑपरेशन में शामिल सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियां चाहती हैं कि ये गिरफ्तारियां उन लोगों के लिए एक चेतावनी के रूप में काम करें जो जानबूझकर कम उम्र के बच?चों को यौन कृत्यों के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस साल अगस्त में 47 वर्षीय ब्रैंडन बॉरेट को 13 वर्षीय लड़की का यौन शोषण करने के लिए 25 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

सुडोकू 6372 का हल

2	3	6	9	5	4	8	1	7
9	8	4	7	3	1	2	5	6
5	1	7	6	8	2	9	4	3
6	2	3	1	4	5	7	9	8
4	9	5	8	2	7	6	3	1
8	7	1	3	9	6	4	2	5
3	5	2	4	6	8	1	7	9
1	6	9	2	7	3	5	8	4
7	4	8	5	1	9	3	6	2

आज का इतिहास

1483- ईसाई धर्म में एक नयी धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म हुआ।
1766- न्यू जर्सी के अंतिम रॉयल गवर्नर विलियम फ्रैंकलिन ने क्वीन्स कॉलेज की स्थापना के लिए चार्टर पर हस्ताक्षर किए, जिसे अब रटगर्स विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है।
1785: हॉलैंड और फ्रांस ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1793- फ्रांस में बलपूर्वक ईश्वर की पूजा कराने का नियम समाप्त किया गया।
1885: गोटलिएब देमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
1908 - कन्हाई लाल दत्त ने भारत की आज़ादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूलकर शहादत दी।
1909- अमेरिकी संगीतकार और गीतकार जॉनी मार्क्स का जन्म हुआ।
1920- भारतीय मज़दूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म हुआ।
1940- रोमानिया के बुखारेस्ट में 7.7 तीव्रता के भूकंप में 1000 से अधिक लोग मारे गये तथा करीब चार हजार लोग घायल हुए।
1950- अमेरिकी लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
1951- अमेरिका में पहली बार कोस्ट-टू-कोस्ट डायरेक्ट डायलिंग टेलीफोन सेवा शुरू की गयी।
1970- चीन की महान दीवार को पर्यटन के लिए खोला गया।
1975 - उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी नाव एसएस एडमंड फिट्जगेराल्ड के सुपीरियर लेक में डूब जाने से 29 लोगों की मौत हो गयी।
1982- सोवियत संघ पर 20 वर्ष तक शासन करने वाले नेता लियोनिड ब्रेजनेव की मौत हुई।
1983 - बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 सार्वजनिक रूप से पेश किया।
1986- बंगलादेश में संविधान फिर लागू किया गया।
1989- जर्मनी में बर्लिन की दीवार को गिराने का कार्य शुरू हुआ।
1990 - चंद्रशेखर भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने।

राजनीति रिपब्लिकन की राष्ट्रपति पद के लिए हुई तीसरी बहस

निक्की हेली व रामास्वामी की लड़ाई और तीखी हुई

वाशिंगटन, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन उम्मीदवारों के बीच लड़ाई अब और तीखी हो गई है। पार्टी के भीतर तीसरी बहस में टेक उद्यमी विवेक रामास्वामी द्वारा दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली की बेटी का संदर्भ देने के बाद हेली ने भी उन पर जोरदार हमला करते हुए उन्हें 'महज गंदगी' की संज्ञा दी। मियामी में बुधवार को दोनों के बीच टिकटॉक पर अमेरिकी नीति और क्या इसके चीनी स्वामित्व के कारण देश में इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए विषय पर बहस हुई।

38 वर्षीय उद्यमी ने हेली का जिक्र किया और कहा पिछली बहस में उसने वास्तव में टिकटॉक में शामिल होने के लिए मेरा मजाक उड़ाया था, जबकि उसकी अपनी बेटी लंबे समय से ऐप का उपयोग कर रही थी, इसलिए आप शायद पहले अपने परिवार का ख्याल रखना चाहेंगी। इसके बाद हेली ने पलटवार करते हुए कहा, मेरी बेटी के बारे में बात मत करो, और जब रामास्वामी ने बोलना जारी रखा, तो उन्होंने उनसे कहा, तुम तो बस गंदगी हो। दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने भी बायोटेक उद्यमी की आलोचना करने के लिए बुधवार को अपने एक्स हैंडल का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, विवेक, मैं हील्स पहनती हूं। वे फैशन स्टेटमेंट के लिए नहीं हैं-वे असलहा हैं। पिछली राष्ट्र पति बहस में भी दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी और हेली ने विदेश नीति के मुद्दों पर उनकी अनुभवहीनता के लिए उनकी आलोचना की थी। हेली ने अमेरिकी सहयोगियों का समर्थन न करने के लिए रामास्वामी की आलोचना की और कहा कि विवेक के पास विदेश नीति का कोई अनुभव नहीं है और यह दिखता है।रामास्वामी ने अपनी वेबसाइट पर निक्की हेली के स्थान पर 'नम्रता रंधावा' नाम का भी इस्तेमाल किया, जिसे हेली ने बचकाना नाम का खेल बताया।

हेली ने जवाब में फॉक्स न्यूज को बताया, मैं इन बचकाने नाम वाले खेलों में शामिल नहीं होने जा रही हूं। यह बहुत दयनीय है। सबसे पहले, मेरे जन्म प्रमाणपत्र पर मेरा जन्म निक्की के साथ हुआ था। मेरा पालन-पोषण निक्की के रूप में हुआ। मैंने हेली से शादी की. और इसलिए मेरा नाम यही है।

डेस मोइनेस रजिस्टर द्वारा सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण में, हेली 10 अंक बढ़कर 16 प्रतिशत पर पहुंच गई हैं, जिससे वह फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के बराबर हो गईं।हेली और रामास्वामी के अलावा, तीसरी बहस के लिए तीन अन्य उम्मीदवार मंच पर थे - न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट।

■ हेली ने अमेरिकी सहयोगियों का समर्थन न करने के लिए रामास्वामी की आलोचना की

दुनिया को जानें

साल 2022 में चीन के पेटेंट आवेदन दुनिया में पहले स्थान पर

बीजिंग, 9 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन ने हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट प्रकाशित की। इससे पता चलता है कि साल 2022 में चीन में पेटेंट आवेदनों की संख्या सबसे अधिक थी, जो लगभग 16 लाख तक पहुंच गई। आंकड़े बताते हैं कि चीन के पास वर्तमान में दुनिया भर में सबसे अधिक वैध आविष्कार पेटेंट हैं - लगभग 45 लाख 68 हज़ार। इसके अलावा, चीन 2023 वैश्विक नवाचार सूचकांक में 12वें स्थान पर है, जिसमें 6 संकेतक वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। 8 नवंबर को पेइचिंग में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने कहा कि चीन बौद्धिक संपदा अधिकारों की गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाना जारी रखेगा, और पूरे समाज की नवीन क्षमता का लाभ उठाते हुए बौद्धिक संपदा संरक्षण वातावरण में भी सुधार करेगा। इसके साथ ही, चीन अन्य देशों के साथ आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने, सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक बौद्धिक संपदा प्रशासन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए तैयार है।

खेल जगत

मैक्सवेल की पारी याद कर टूर्नामेंट में आगे बढ़ती रहे ऑस्ट्रेलियाई टीम : रिकी पोंटिंग

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के खिलाफ ग्लेन मैक्सवेल की 128 गेंदों में नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी से भरपूर विश्वास ले और इसे अपनी छठी जीत के लिए एक प्रेरणादायक क्षण के रूप में उपयोग करे। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की मैच जिताऊ अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। आईसीसी ने पोंटिंग के हवाले से कहा, उनके पास बड़े क्षणों को जीतने में सक्षम होने की क्षमता है और आज एक बड़ा क्षण था क्योंकि वे अब विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और उम्मीद है कि वे आगे और ऊपर जाएंगे।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल की जिंदा रखी उम्मीद

बेंगलुरु 9 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने आज शानदार गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे 45 रन, रचिन रविंद्र 42 और डैरिल मिचेल 43 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत श्रीलंका को आईसीसी विश्वकप के 41वें मुकाबले में पांच विकेट से हराते हुए अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद को जिंदा रखा है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को डेवन कॉन्वे और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के 86 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में डेवन कॉन्वे 45 रन को चमीरा ने धनंजय के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद 14वें ओवर में रचिन रविंद्र 42 रन को थीक्षणा की गेंद पर धनंजय ने लपक लिया। 19वें ओवर में कप्तान केन विलियमसन 14 रन को मैथ्यूज ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। चौथे विकेट के रूप में मार्क चैपमैन सात रन पर रन आउट हुए। 23वें ओवर में डैरिल मिचेल 43 के रूप में न्यूजीलैंड का पांचवां विकेट गिरा। उन्हें मैथ्यूज ने असलंका के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फ़िलिप्स 17 रन और टॉम लेथम दो रन नाबाद रहते हुए 23.2 ओवर में 172 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से एंजलो मैथ्यूज ने दो विकेट लिये। महीश थीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले एम चिन्?नास्?वामी स्?टेडियम में आज न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम ने बेहद खराब शुरुआत की है। तीन रन पर टिम साउदी ने पथुम निसांका दो रन को विकेटकीपर डेवोन कॉन्वे के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 30 रन पर श्रीलंका का दूसरा विकेट कुसल मेंडिस छह रन के रूप में गिरा। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने रचिन रवींद्र के हाथों कैच कराया। सदीरा समरविक्रमा एक रन बनाकर आउट हुए उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। इसके बाद चरिथ असालंका आठ रन बनाकर आउट हुए। कुसल परेरा 28 गेंदों में 51 रन को फ़र्ग्युसन की गेंद पर सैटनर ने कैच आउट किया। एंजेलो मैथ्यूज 27 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल सैंटरन ने उन्हें डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। चमिका करुणारत्ने 17 गेंद में छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। लॉकी फर्ग्यूसन ने उन्हें टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। दुष्मंता चमीरा 20 गेंद में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। रचिन रवींद्र ने उन्हें ट्रेंट बोल्ट के हाथों कैच कराया। 128 के स्कोर पर नौ विकेट गिरने के बाद महीश थीक्षणा नाबाद 38 रन और दिलशान मदुशंका 19 रन ने दसवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 171 तक पहुंचा। मदुशंका को रविंद्र ने लेथम के हाथों कैच आउट कराकर 47 ओवर में श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये। लॉकी फ़र्ग्युसन, मिशेल सैंटनर और रचिन रविंद्र को दो-दो विकेट मिले। जबकि टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

बोल्ट 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बने

बेंगलुरु। ट्रेंट बोल्ट गुरुवार को एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बन गए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस के विकेट के साथ बोल्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर यह उपलब्धि हासिल की। वह मौजूदा साथी टिम साउदी और पूर्व कप्तान डेनियल वेटोरी के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे कीवी गेंदबाज बन गए। 34 साल के बोल्ट ने अब तक सिर्फ 315 पारियों में 25.73 की शानदार औसत से 601 विकेट लिए हैं। इससे पहले मैच में बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज भी बने। बोल्ट वनडे विश्व कप इतिहास में 50 या अधिक विकेट लेने वाले तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क, जो 59 विकेट के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं और पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम का नाम शामिल है।

कुसल परेरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया सबसे तेज अर्धशतक

कुसल परेरा ने गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप 2023 का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। कुसल परेरा ने 22 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और विश्व कप इतिहास में किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी बनाया। 2015 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एंजेलो मैथ्यूज की 20 गेंदों में अर्धशतकीय पारी किसी श्रीलंकाई द्वारा सबसे तेज है। दिनेश चांडीमल 22 गेंदों में विश्व कप अर्धशतक बनाने वाले दूसरे श्रीलंकाई हैं। परेरा से पहले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और श्रीलंका के कुसल मेंडिस के नाम मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड था। उन्होंने क्रमशः न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 गेंदों पर अर्द्धशतक बनाए। हालांकि, परेरा को लॉकी फर्ग्यूसन ने 28 गेंदों में 51 रन बनाने के बाद आउट कर दिया।

मैक्सवेल की शानदार पारी पर मैकडोनाल्ड्स ने कहा, यह हर किसी के लिए भावनात्मक उतार-चढ़ाव वाला समय

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने स्वीकार किया कि वह अफगानिस्तान पर तीन विकेट से मिली जीत के दौरान टीम के नेट रन रेट पर ग्लेन मैक्सवेल के प्रभाव के बारे में सोच रहे थे और उन्होंने कहा कि 201 रन की आश्चर्यजनक नॉटआउट पारी देखना उनके लिए यादगार था। यह हर किसी के लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर था। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, पिंडली, हैमस्ट्रिंग और पैर की उंगलियों में ऐंठन और खराब बैक से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया।

वह पुरुष एकदिवसीय मैचों में दोहरा शतक बनाने वाले पहले गैर-सलामी बल्लेबाज और ऑस्ट्रेलिया के पहले पुरुष बल्लेबाज बन गए जिन्होंने इस प्रारूप में दोहरा शतक बनाया। यह हर किसी के लिए एक भावनात्मक रोलरकोस्टर था। मैकडोनाल्ड्स ने कहा, बातचीत में से एक थी, नेट रन रेट के लिए इसका क्या मतलब है, और फिर जैसे-जैसे हर रन आगे बढ़ता गया और ग्लेन ने कुछ अद्भुत शॉट खेलना शुरू कर दिया, आप नेट रन रेट के लिए इसका क्या मतलब है, के बीच उतार-चढ़ाव की तरह बहने लगे। बस जो हो रहा था उसकी सराहना करना। एसईएन रेडियो पर मैकडोनाल्ड्स ने कहा, पारी की रचनात्मक प्रतिभा देखने लायक थी। मुझे ख़ुशी है कि मैं कह सका कि मैं उस रात वहाँ था। उसकी पिंडली, हैमस्ट्रिंग, क्वाड्स, पेट, हर जगह ऐंठन हो रही थी। अफगानिस्तान पर तीन विकेट की जीत का मतलब यह भी है कि ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दिन के दौरान परिस्थितियाँ बहुत गर्म थीं, उस धूप में क्षेत्ररक्षण करने से आपको बहुत परेशानी होती है और उन्होंने नौ या दस ओवर भी फेंके। आप यह सब एक साथ रखते हैं और एक रात के सत्र में दुर्भाग्य से एक बार जब आपको ऐंठन शुरू हो जाती है तो उससे छुटकारा पाना और उस पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है।

इसने उसे लगभग पूरी तरह से पटरी से उतार दिया जैसा कि आपने देखा जब वह जमीन पर लेटा हुआ था, ऐसा लग रहा था कि एडम ज़म्पा को उसकी जगह लेनी होगी। रास्ता खोजने की क्षमता, कुछ समय तक विकेटों के बीच न दौड़ना, शांत खड़े रहना और शॉट खेलना जो उसने किया वह पहले से ही शानदार पारी में एक और परत जोड़ता है। पांच बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शनिवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ने पर लीग चरण में जीत के साथ समापन करने की उम्मीद करेगा।

भारत पर उलटफेर भरी जीत हासिल कर सकते हैं : तेजा निदामानुरु

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। हालांकि नीदरलैंड 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से बाहर हो गया है, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज तेजा निदामानुरु का मानना है कि उनकी टीम रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में भारत पर उलटफेर भरी जीत हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि मजेदार बातें खेल में हुई हैं। इंग्लैंड से 160 रनों की हार के बाद नीदरलैंड्स की सेमीफाइनल की उम्मीदें खत्म हो गईं और अब वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनाने के लिए रविवार को बेंगलुरु में भारत पर जीत की जरूरत है, जो इस समय प्रतियोगिता में अजेय है, और यह जीत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी क्वालीफिकेशन के लिए जरूरी है। यह क्रिकेट का खेल है। इसलिए, यह संभव हो सकता है। हम अपने ब्रांड का क्रिकेट खेलते हैं। हम वही करते हैं जो हम अच्छा करते हैं। हमारे पास गेंद के कुछ बेहतरीन पैंतरे हैं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो स्पिन को अच्छी तरह से खेल सकते हैं। हमारे पास ऐसे लोग भी हैं जो विकेट ले सकते हैं। यह वास्तव में स्पष्ट है कि आपको थोड़े से भाग्य की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे एक बहुत मजबूत टीम हैं और वे बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन खेल में मजेदार चीजें हुई हैं। यकीनन कॉम्प में सर्वश्रेष्ठ टीम से खेलने के लिए मौका मिलना कुछ ऐसा है जिससे हम बहुत उत्साहित हैं और यह हमारे लिए एक और अवसर है।

निदामनुरु ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हर बार जब हम पार्क में कदम रखते हैं, तो हम अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे होते हैं, विशेष रूप से विश्व कप में और उस यात्रा के दौरान जो हमने किया है। हम किसी भी मैच को अपने ऊपर नहीं लेते हैं। मैं निश्चित रूप से भारत के खिलाफ रविवार को वहां पहुंचने के लिए उत्सुक हूं। नीदरलैंड ने भी बेन स्टोक्स का मौका गंवा दिया, जब उन्हें 41 रन पर आर्यन दत्त की गेंद पर लोगान वैन बीक ने फाइन लेग पर जीवनदान दिया। इंग्लैंड के करिश्माई ऑलराउंडर ने अंततः 84 गेंदों पर 108 रन बनाए और जीत का आधार तैयार किया।

जब बड़े मैच की बात आती है और उन आधे मौकों को भुनाने की बात आती है, तो हम निश्चित रूप से एक क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में ऐसा करने पर गर्व करते हैं और हम उनका बहुत अभ्यास भी करते हैं। इसलिए, हमारे लिए, यह थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन फिर, मुझे नहीं लगता कि आप इसे केवल एक अवसर तक सीमित रख सकते हैं।

बटलर को ऐसी खराब फॉर्म में पहले कभी नहीं देखा : नासिर हुसैन

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि मौजूदा 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में कप्तान जोस बटलर बल्ले से पूरी तरह से लय में नहीं हैं और उन्होंने इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को पहले कभी इस तरह की खराब फॉर्म में नहीं देखा था। बटलर आठ पारियों में केवल 13.87 की औसत से 111 रन बनाने में सफल रहे, टूर्नामेंट में आग लगाने में असमर्थ रहे। पुणे में नीदरलैंड पर इंग्लैंड की 160 रन की जीत में एक बार फिर एकल अंक के स्कोर पर आउट होने के बाद, बटलर ने स्वीकार किया कि वह अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से निराश थे।

बटलर बुरी तरह से खराब स्थिति में हैं। मुझे नहीं लगता कि मैंने उन्हें कभी इस तरह के रूप में देखा है - या तो लंकाशायर शर्ट, समरसेट शर्ट या इंग्लैंड शर्ट में। वह इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद खिलाड़ी हैं। इसलिए यदि आप मुझसे पूछ रहे हैं कि टीम के अच्छा

प्रदर्शन नहीं करने के प्रमुख कारणों में से एक क्या है, तो इसका कारण यह है कि उनकी फॉर्म में ऐसी गिरावट है जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा है। जब आप किसी खिलाड़ी के पास जा रहे हैं, जैसे आज लियाम लिविंगस्टोन के साथ, और कह रहे हैं %हम तुम्हें बाहर छोड़ रहे हैं दोस्त%, तो आप उन निर्णयों को लेते समय स्वयं रन बनाना चाहेंगे। वह कड़ी मेहनत कर रहा है, और टीम में उनकी शारीरिक भाषा काफी अच्छी है लेकिन वह इस समय एक भी रन नहीं खरीद सकते। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, हम सभी भूल जाते हैं कि खराब स्थिति का मतलब क्या होता है। आपका दिमाग पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। फॉर्म को कायम रखना और बनाए रखना अविश्वसनीय रूप से कठिन चीज है। एक बार जब आप इसे प्राप्त कर लेते हैं, तो इसे कभी भी जाने न दें क्योंकि यह अस्थिर है।

हालाँकि बेन स्टोक्स ने 84 गेंदों में 108 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई, यह उनका पहला वनडे विश्व कप शतक था और गेंदबाजों ने मिलकर नीदरलैंड को 37.2 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया, बीच के ओवरों में कुछ कैच छूटे, जिसने हुसैन का ध्यान खींचा। वे (इंग्लैंड) अच्छे थे। लेकिन मैदान में कुछ लापरवाही थी। अगर आप कुछ शीर्ष देशों को लगातार आधार पर हराना चाहते हैं तो आपको 100 प्रतिशत होने की जरूरत है। और वह फिर से ढह गए । लेकिन अन्य टीमों , नीदरलैंड की तुलना में बेहतर टीमें , के खिलाफ आपको इसके लिए भुगतान करना होगा। जब ऐसा हो रहा है तो वे पतन को रोक नहीं सकते हैं, और उन्हें बचाने के लिए स्टोक्स और वोक्स की साझेदारी की जरूरत पड़ी। स्टोक्स के शतक की बात करते हुए हुसैन ने उनकी पारी की जमकर तारीफ की। वह एक अविश्वसनीय क्रिकेटर है। उसकी गति में बदलाव है; हमने इसे टेस्ट क्रिकेट में देखा है, 50 ओवर के क्रिकेट में, हमने इसे विश्व फाइनल में देखा है। वह सामान्य, मानवीय गति से आगे बढ़ रहा था लेकिन फिर वह उस स्विच को फ्लिक करता है और हिटिंग मोड में चला जाता है। और एक बार जब वह ऐसा करता है, तो इससे बेहतर कुछ नहीं होता, खासकर जब लेगसाइड पर हिट होता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, हो सकता है कि वह भारत के खिलाफ कुछ गलत हो गया हो, मोहम्मद शमी ने उस पर 10 गेंदों का स्पैल डाला, जहां वह उसे दूर नहीं कर सका और फिर थोड़ी सी हैक के कारण बोल्ड हो गया। हमेशा वह इसे सही करता है और, आज, उन्होंने इसे बिल्कुल सही पाया। जाहिर तौर पर इंग्लैंड पहले ही विश्व कप से बाहर हो चुका है, लेकिन यहां एक ऐसा व्यक्ति है, जो हर बार जब भी खेलता है, तब भी अपना सब कुछ झोंक देगा।

आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	पाइंट
भारत	8	8	`	`	16
दक्षिण अफ्रीका	8	6	2	`	12
ऑस्ट्रेलिया	8	6	2	`	12
न्यूजीलैंड	9	5	4	`	1`
पाकिस्तान	8	4	4	`	8
अफगानिस्तान	8	4	4	`	8
इंग्लैंड	8	2	6	`	4
बांग्लादेश	8	2	6	`	4
श्रीलंका	9	2	7	`	4
नीदरलैंड	8	2	6	`	4

सार संक्षेप

पुरुष प्रीमियर लीग में खेलेंगे दिल्ली के 11 टॉप क्लब

नई दिल्ली। दिल्ली फुटबॉल एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने गुरुवार को दूसरी पुरुष प्रीमियर लीग के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि 16 नवंबर से आयोजित होने वाली लीग में राजधानी के 11 जाने माने क्लब डबल लेग में खेलेंगे। डीएसए के अध्यक्ष ने आज यहां कहा कि दिल्ली की फुटबाल का हाल का प्रदर्शन चौंकाने वाला रहा है। संतोष ट्रॉफी और अन्य आयुवर्ग के राष्ट्रीय आयोजनों में दिल्ली ने बड़ी कामयाबी पाई है। नतीजन कई खिलाड़ी आई लीग में खेल रहे है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दूसरे आयोजन में गत विजेता वाटिका एफसी और उपविजेता गढ़वाल एफसी फिर से दावेदारों में शामिल हैं। उद्घाटन मैच वाटिका और सीआईएसएफ प्रोटेक्टर के बीच 11 बजे खेला जाएगा। भाग लेने वाले क्लब हैं- दिल्ली एफसी, फ्रेंड्स यूनाइटेड, गढ़वाल हीरोज, सीआइएसएफ प्रोटेक्टर, भारतीय वायुसेना, रॉयल रेंजर्स, सुदेवा दिल्ली, तरुण सांघा, अहबाब, रेंजर्स एससी और गत विजेता वाटिका एफसी। अनुज गुप्ता के अनुसार दिल्ली की फुटबाल के चर्चे पूरे देश में हैं। दिल्ली लीग आयोजन के मामले में जल्दी ही नंबर एक पर पहुंचने वाली है।

लीजेंड्स ट्रॉफी के साथ ताज नगरी पहुंचे दिग्गज

आगरा। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वंदे भारत ट्रेन से 'भारत भ्रमण' पर निकले दिग्गज क्रिकेटर गुरुवार को लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के साथ ताजनगरी आगरा पहुंचे जहां उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। इंग्लैंड के मोंटी पनेसर 'ताजमहल' की खूबसूरती निहारने के लिये ट्रेन से उतर गये जबकि दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स, सैयद किरमानी और ईश्वर पांडे आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। लीग नौ दिसंबर तक लीग चलेगी। लीग पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापटनम और सूरत में आयोजित की जाएगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने भारतीय रेल के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है। इसी अभियान के तहत लीग की ट्रॉफी आठ नवंबर से वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जाएगी। इसी कार्यक्रम के तहत वंदे भारत से जोंटी रोड्स और मोंटी पनेसर यात्रा पर निकले हैं। इस अभियान में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, इरफान पठान, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, एस श्रीसंत, पार्थिव पटेल, शेन वॉटसन, प्रवीण कुमार, झूलन गोस्वामी जैसे खिलाड़ी भी शामिल होंगे। उत्तर, दक्षिण, मध्य, पूर्व और पश्चिम जैसे पांच रेलवे क्षेत्रों में फैली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

मेलबर्न, 9 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने पदार्पण के लगभग 13 साल बाद 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लैनिंग महिला बिग बैश लीग और महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग सहित घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलना जारी रखेंगी। क्रिकेट के इतिहास में किसी भी कप्तान ने लैनिंग से अधिक विश्व कप ट्राफियां नहीं जीती हैं, जो ऑस्ट्रेलियाई खेल के सबसे सफल लीडर्स में से एक के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने किसी भी अन्य महिला खिलाड़ी से अधिक 182 मौकों पर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की और टीम को ऐतिहासिक पांच विश्व कप खिताब दिलाए। लैनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की जीत दर 80 प्रतिशत थी और 2018 और 2021 के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार जीत (26) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। सात बार की विश्व कप विजेता और तीन बार की बेलिंडा क्लार्क पदक विजेता ने 241 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8,352 रन बनाए। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 17 शतक बनाए।

अपनी सेवानिवृत्ति पर बोलते हुए, लैनिंग ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं। लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है। टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पायी हूं उस पर मुझे गर्व है और मैं इस दौरान टीम साथियों के साथ साझा किए गए पलों को संजोकर रखूंगी। उन्होंने 30 दिसंबर, 2010 को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 18 साल और 288 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ वाका ग्राउंड में नाबाद 104 रन बनाकर शतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की ऑस्ट्रेलियाई बन गईं। यह उनका तीसरा मैच और दूसरा वनडे था।

लैनिंग पहले से ही टी20 और वनडे विश्व कप (क्रमशः 2012 और 2013) विजेता थीं, जब उन्हें 21 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नियुक्त किया गया था और उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के लिए बेजोड़ प्रभुत्व की अवधि देखी। स्टाइलिश बल्लेबाज को 2014 और 2017 के बीच चार साल की अवधि में तीन बार बेलिंडा क्लार्क पदक विजेता का ताज पहनाया गया, जो खेल के सभी प्रारूपों में लगातार मैच जीतने वाले प्रदर्शन देने की उनकी निरंतर प्रतिभा और क्षमता को उजागर करता है। ऑस्ट्रेलिया को एक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप (2022), चार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप (2014, 2018, 2020 और 2023) खिताब और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक दिलाना सुनिश्चित करता है कि लैनिंग क्रिकेट के इतिहास में सबसे सम्मानित कप्तानों में से एक के रूप में सेवानिवृत्त होंगी।

इंग्लैंड ने चीजों को सही करने की प्रतिबद्धता और इच्छा दिखाई है : बटलर

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड 223 विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर है, लेकिन कप्तान जोस बटलर ने कहा कि उनकी टीम ने नीदरलैंड्स को 16 रन से हराकर खुद को 225 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता और इच्छा दिखाई है। बुधवार को इंग्लैंड ने नीदरलैंड्स पर बड़ी जीत के साथ पांच मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। इस प्रक्रिया में इंग्लैंड अंक तालिका में सबसे नीचे से ऊपर आने में कामयाब रहा और अब चार अंकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है। मुझे लगा कि हर कोई निराश था, लेकिन सभी खिलाड़ी डटे रहे, हर कोई वास्तव में कड़ी मेहनत करता रहा। मुझे लगता है कि हम बस वहीं टिके रहे और खुद पर भरोसा किया। वही संदेश देने की कोशिश करते रहें और जिस शैली में हम खेलना चाहते हैं। इंग्लैंड का अंतिम विश्व कप मैच 11 नवंबर को कोलकाता में पाकिस्तान के खिलाफ है। बटलर इसे 225 चैंपियंस ट्रॉफी में प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण मैच के रूप में देखते हैं। यह हमारे लिए बहुत बड़ा मैच है। हमने इस पूरी यात्रा में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम चाहते थे, और हम उचित प्रदर्शन करके भारत से प्रस्थान करना चाहेंगे। इसलिए, यह हमारे लिए बहुत बड़ा मैच है। बटलर विश्व कप में आग लगाने में असमर्थ रहे हैं, आठ पारियों में केवल 13.87 की औसत से 111 रन बनाने में सफल रहे और उन्होंने अपने प्रदर्शन से निराश होने की बात स्वीकार की।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढने वाले शेयर

महिंद्रा एंड महिंद्रा	4.09 प्रतिशत
पावरग्रिड	1.50 प्रतिशत
इंडसइंड बैंक	1.31 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	1.06 प्रतिशत
एलटी	1.00 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

हिंदुस्तान यूनिलीवर	1.56 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	1.33 प्रतिशत
इंफोसिस	1.22 प्रतिशत
रिलायंस	1.11 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	1.00 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

भारत-जापान चिप्स, रेयर-अर्थ व एआई में सहयोग कर सकते हैं : दास

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को टोक्यो में कहा कि सेमीकंडक्टर और मजबूत सप्लाई चेन, रेयर अर्थ एक्सट्रैक्शन, स्पेस टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग में भारत और जापान के बीच सहयोग के कई अवसर हैं।

दास ने टोक्यो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में अपने संबोधन में कहा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी हमारी साझेदारी संभावित रूप से मजबूत हो सकती है। मुझे यकीन है कि भविष्य पूरी दुनिया के लाभ के लिए हमारी भागीदारी को गहरा करने की असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। भारत अपनी युवा जनसांख्यिकी, भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार और सबसे बढ़कर, एक सक्षम नीति वातावरण के साथ वैश्विक विकास का नया इंजन बन गया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जापान और भारत स्वाभाविक साझेदार बने रहेंगे।



मानव संसाधन के क्षेत्र में भी हमारी साझेदारी संभावित रूप से मजबूत हो सकती है। मुझे यकीन है कि भविष्य पूरी दुनिया के लाभ के लिए हमारी भागीदारी को गहरा करने की असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। भारत अपनी युवा जनसांख्यिकी, भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार और सबसे बढ़कर, एक सक्षम नीति वातावरण के साथ वैश्विक विकास का नया इंजन बन गया है :- शक्तिकांत दास

दास ने कहा, हम जापानी आर्थिक चमत्कार को एक सीखने के अवसर के रूप में देखते हैं। हम भारत के विकास पथ को ऊपर उठाने के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। जापान ने कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की साझेदारियों से भारत में बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा, भारत हमारे दोनों देशों के लिए विकास और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत के लिए जापान को एक करीबी भागीदार के रूप में देखता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत पर प्रकाश डालते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश की विकास दर पटरी पर बनी हुई है, मुद्रास्फीति नरमी की राह पर है, हालांकि यह अभी भी टारगेट से ऊपर है। बैंकों और कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट लंबे समय में सबसे स्वस्थ हैं और सरकार द्वारा सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने के साथ, वे निवेश में निरंतर पुनरुद्धार के लिए अनुकूल स्थितियां बनाते हैं।

कंज्यूमर कांफिडेंस महामारी के बाद से बढ़ रहा है। हम सेवा क्षेत्र में निर्यात के अवसरों का लाभ उठा रहे हैं; हमारा चालू खाता घाटा पूरी तरह से लिमिट के अंदर है; और हमने संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाया है।

दबाव वाले 1600 किमी रेल-मार्गों की क्षमता बढ़ाने, ट्रंक, फीडर लाइनों के विस्तार की तैयारी : गतिशक्ति

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर (एजेंसियां)। अवसंचारचनात्मक सुविधाओं के विकास में समन्वय को लेकर बने एक उच्च स्तरीय समूह की बैठक में रेलवे नेटवर्क उच्च दबाव वाले कुल 16,00 किलोमीटर मार्ग पर क्षमता का विस्तार करने की योजना तय की गयी। इसके अलावा रेलवे के ट्रंक मार्गों को बढ़ाने और फीडर मार्गों को दोगुना किये जाने का भी फैसला किया गया है।

रेल मंत्रालय ने इस कार्यक्रम के तहत लगभग 200 परियोजनाओं की पहचान की है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री गतिशक्ति वृहद योजना के अंतर्गत नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की बुधवार को हुयी बैठक में रेलवे मंत्रालय के संबंधित प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक की अध्यक्षता उद्योग संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा ने की।

विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में रेलवे के 16,600 किमी की कुल लंबाई वाले उच्च-यातायात घनत्व वाले मार्गों की क्षमता बढ़ाने तथा ट्रंक मार्गों का संवर्द्धन और चार लेन का करने तथा फीडर मार्गों का दोहरीकरण करने के रेल मंत्रालय के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बयान में कहा गया है कि इन परियोजनाओं से , रेलवे मार्गों पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की क्षमता पैदा होगी और औसत गति में सुधार होगा। इसमें क्षेत्र विकास दृष्टिकोण का अनुप्रयोग करने से सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

उच्च दबाव वाले मार्गों की परियोजनायें अपने रास्ते में 210 जिलों के 6000 से अधिक गांवों को छुयेंगी।

डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने भारत में खोए 28 लाख ग्राहक

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में 2.8 मिलियन ग्राहक खो दिए हैं। डिज्नी के सीईओ बॉब इगर ने कहा है कि इसके बावजूद वे भारतीय बाजार में बने रहना चाहेंगे। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास तीसरी तिमाही में 37.6 मिलियन ग्राहक थे, जो इस साल भारत में दूसरी तिमाही में 40.4 मिलियन से कम है। बुधवार देर रात तिमाही नतीजों के बाद विश्लेषकों के साथ बातचीत में, इगर ने कहा कि भारत में, हमारा लीनियर व्यवसाय वास्तव में काफी अच्छा है। इगर ने विश्लेषकों को बताया, मैं जानता हूं कि मैंने यह पहले भी कहा है, इससे मुझे हमेशा परेशानी होती है। लेकिन हम अपने विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हमारे पास अपना हाथ मजबूत करने का अवसर है। यह अब शायद दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है या शायद अभी भी चीन के बाद दूसरे स्थान पर है और उनसे आगे निकलने वाला है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारतीय बाजार में बने रहना चाहेगी। उन्होंने कहा, लेकिन हम यह भी देखना चाह रहे हैं कि क्या हम अपना हाथ मजबूत कर सकते हैं और जाहिर तौर पर अंतिम परिणाम में सुधार कर सकते हैं। विज्ञापन के संदर्भ में, हम वास्तव में पा रहे हैं कि लीनियर हमारी अपेक्षा से थोड़ा अधिक मजबूत है। सीईओ ने कहा, यह अभी भी एक चुनौती

हिंदुस्तान जिंक ने लॉजिस्टिक्स को लेकर एलएनजी ट्रकों के लिए ग्रीनलाइन के साथ की साझेदारी

देबारी (राजस्थान), 9 नवंबर (एजेंसियां)। भारत की प्रमुख एलएनजी-संचालित हेवी ट्रकिंग लॉजिस्टिक्स कंपनी ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड (ग्रीनलाइन) ने एक ऐतिहासिक कदम के रूप में आधिकारिक तौर पर अपने एलएनजी-संचालित ट्रकों को वेदांत समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक में तैनात किया है। वेदांता ग्रुप जस्ता, लेड और चांदी के व्यवसाय में है।

टिकाऊपन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में हिंदुस्तान जिंक ने धातु और खनन क्षेत्र में ग्रीन लॉजिस्टिक्स के एक नए युग की शुरुआत करते हुए, एस्सार की ग्रीन मोबिलिटी समाधान कंपनी ग्रीनलाइन को अपने स्थायी लॉजिस्टिक्स भागीदार

के रूप में चुना है।

टिकाऊ माल परिवहन में अग्रणी होने के अपने मिशन में हिंदुस्तान जिंक के रोड लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन में एलएनजी-संचालित ट्रकों को तैनात करने के लिए ग्रीनलाइन 200 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। ब्लू एनर्जी मोटर्स द्वारा निर्मित ये एलएनजी-संचालित ट्रक, हेवी-ड्यूटी एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) ट्रकों में भारत का पहला वेंचर है, जो डीजल की तुलना में काफी कम उत्सर्जन करता है, जिससे कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन में 30 प्रतिशत, सल्फर के ऑक्साइड में 100 प्रतिशत, नाइट्रोजन के ऑक्साइड में 59 प्रतिशत, पार्टिकुलेट मैटर में 91 प्रतिशत और कार्बन मोनोक्साइड में 70 प्रतिशत तक की कटौती होती है।

ग्रीनलाइन ने भारत का पहला और एकमात्र एकीकृत ग्रीन लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम बनाने के लिए कई संगठनों के साथ हाथ मिलाया है, जिससे भारत में एलएनजी ट्रकिंग एक वास्तविकता बन गई है। एलएनजी से चलने वाले वाहन, जो डीजल की तुलना में काफी कम उत्सर्जन के लिए जाने जाते हैं, दोनों संगठनों के टिकाऊ लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं।

सार संक्षेप

बीएलएस इंटरनेशनल का मुनाफा 61 प्रतिशत उछला

नई दिल्ली। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 3 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 82 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 51 करोड़ रुपये की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां वित्तीय लेखाजोखा जारी करते हुये कहा कि इस तिमाही में उसका सकल परिचालन राजस्व 47.74 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 356.84 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 14.26 प्रतिशत अधिक है। कंपनी संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में भी अपनी विकास गति को जारी रखा है। कंपनी का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक रहा है। तिमाही के दौरान, हमने आउटसोर्स वीजा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्लोवाकिया सरकार के साथ अनुबंध किया। स्लोवाकिया पर्यटकों के लिए एक हॉट स्पॉट बनता जा रहा है और हमें इस क्षेत्र से अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। इसके अलावा, हमने विभिन्न देशों में हंगरी और इटली के लिए वीजा आउटसोर्सिंग केंद्रों की शुरुआत की है।

एपीएसईजेड के मुनाफे में मामूली वृद्धि

मुंबई। अडानी समूह की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1761.63 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1737.81 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में मात्र 1.37 प्रतिशत अधिक है। हालांकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 2119.38 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में दूसरी तिमाही के लाभ में 16.87 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को दी जानकारी कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय 6951.86 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 5648.91 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 23.6 प्रतिशत अधिक है।

टाटा पावर का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 9 प्रतिशत बढ़कर हुआ 1,17 करोड़ रुपये

मुंबई। टाटा पावर ने बुधवार को चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1,17 करोड़ रुपये होने की घोषणा की, जबकि पिछले साल की समान अवधि में शुद्ध लाभ 935 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसने जाम्बिया में अपने पनबिजली संयंत्र की टैरिफ समस्या का समाधान कर लिया है और उसे जाम्बिया बिजली आपूर्ति निगम से 1.2 करोड़ डॉलर के लंबित बकाए का कुछ हिस्सा मिल गया है। टाटा पावर का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो दूसरी तिमाही के दौरान 5,5 मेगावाट तक विस्तारित हो गया है और अब यह इसकी कुल स्थापित उत्पादन क्षमता का 38 प्रतिशत है।

गिर गया शेयर बाजार

मुंबई 9 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीजज, एफएमसीजी, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 143.41 अंक टूटकर 64832.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 48.20 अंक उतरकर 19395.30 अंक रह गया। वहीं, मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई का मिडकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 32,460.25 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत गिरकर 38,233.60 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3827 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2044 में बिकवाली जबकि 1660 में लिवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 22 में तेजी रही।

बीएसई के दस समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.50, ऊर्जा 0.48, एफएमसीजी 0.88, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.74, दूरसंचार 0.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62, तेल एवं गैस 0.75, टेक 0.72 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.19, जापान का निक्केई 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.03 प्रतिशत



चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 50 अंक बढ़कर 65,025.32 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर तक 65,046.56 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 64,768.76 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,975.61 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत उतरकर 64,832.20 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 14 अंक उठकर 19,457.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,463.90 अंक के उच्चतम जबकि 19,378.35 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,443.50 अंक की तुलना में 0.25 प्रतिशत गिरकर 19,395.30 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.56, टेक महिंद्रा 1.33, इंफोसिस 1.22, रिलायंस 1.11, बजाज फाइनेंस 1.00, टीसीएस 0.96, अल्ट्रासिमको 0.82, टाइटन 0.81, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.56, आईटीसी 0.55, भारती एयरटेल 0.49, एशियन पेंट 0.41, नेस्ले इंडिया 0.33, विप्रो 0.30, एचडीएफसी बैंक 0.27, एसबीआई 0.25 और एक्सिस बैंक 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 4.09, पावरग्रिड 1.50, इंडसइंड बैंक 1.31, टाटा मोटर्स 1.06, एलटी 1.00, मारुति 0.76, टाटा स्टील 0.55, बजाज फिनसर्व 0.48, एनटीपीसी 0.46, एचसीएल टेक 0.22, कोटक बैंक 0.17, आईसीआईसीआई बैंक 0.15 और सन फार्मा के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

लीवएसवाईटी ने 4.5 मिलियन डॉलर की ऐतिहासिक फंडिंग हासिल की

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। एसएएएस-आधारित निर्माण प्रबंधन सॉफ्टवेयर के अग्रणी प्रदाता, लीवएसवाईटी ने अपने फंडिंग के शुरुआती दौर में सफलतापूर्वक 2.5 मिलियन डॉलर जुटाने की घोषणा की है, जिससे अब तक कुल 4.5 मिलियन डॉलर की फंड वृद्धि हुई है। निवेश का यह बीज दौर (2.5 मिलियन डॉलर) अमेरिका स्थित एसवी क्राड और इन्वेंटस कैपिटल से आता है, जो अमेरिकी बाजार में लिवएसवाईटी के विस्तार और नए एआई/एमएल उपयोग-मामलों की खोज के लिए मंच तैयार करता है।

पूंजी के इस निवेश के साथ, लीवएसवाईटी वैश्विक निर्माण उद्योग में जबरदस्त विकास क्षमता का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। लीवएसवाईटी के मजबूत सॉफ्टवेयर समाधानों ने पहले से ही 1 मिलियन डॉलर के प्रभावशाली वार्षिक आवर्ती राजस्व में योगदान दिया है, उल्लेखनीय 6 बिलियन डॉलर की बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ पहले से ही उनके सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रही हैं।

सफल धन उगाहने पर टिप्पणी करते हुए लीवएसवाईटी के सीईओ श्री कार्तिक थुमु ने कहा, यह निवेश उस मूल्य का एक प्रमाण है जो हमारा सॉफ्टवेयर निर्माण उद्योग में लाता है। हम विशेषज्ञता और समर्थन का लाभ उठाते हुए इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हमारे निवेशक निर्माण प्रबंधन में बदलाव के हमारे मिशन को आगे बढ़ाएंगे।

फंड का उपयोग मुख्य रूप से अमेरिकी बाजार में लीवएसवाईटी की उपस्थिति के विस्तार का समर्थन करने के लिए किया जाएगा, जहां इसका उद्देश्य निर्माण प्रबंधन में प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों की बढ़ती मांग को संबोधित करना है। इसके अतिरिक्त, लीवएसवाईटी अपने मौजूदा उत्पाद बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश करेगा, इसे और अधिक लचीला बनाएगा और निर्माण प्रबंधन क्षेत्र के भीतर नए उपयोग-मामलों की खोज करेगा।

सूरजमुखी तेल व पाम ऑयल सस्ता

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल सस्ता हो गया।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा नौ रिंगिट फिसलकर 3633 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट की बढ़त के साथ 50.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 72 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

वैश्विक बाजार में चीनी की कीमत 12 साल के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत 28 सेंट प्रति पाउंड से बढ़कर 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत से निर्यात में भारी गिरावट और ब्राज़ील में लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण चीनी की आपूर्ति में कमी देखी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत लगातार कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है।अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन द्वारा अनुमानित 15-दिवसीय औसत कीमत हाल के हफ्तों में 26 सेंट से ऊपर रही है। भारत ने चीनी पर निर्यात प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यहां भाव बढ़ने के बाद ऐसा किया गया है। सरकार चाहती है कि कीमत नियंत्रण में रहे, खासकर त्योहारी सीजन के दौरान। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है और निर्यात में कटौती का असर वैश्विक बाजार पर पड़ता है। भारत ने मिलों को 2022-2023 सीज़न के

दौरान केवल 6.2 मिलियन टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी थी, जो 30 सितंबर को समाप्त हुआ।

देश में इस साल 2018 के बाद से सबसे कमजोर मानसून देखा गया है और चालू सीजन में गन्ने के उत्पादन में गिरावट की आशंका है, जिससे कीमत बढ़ने का असर मुद्रास्फीति पर पड़ सकता है। व्यापार अनुमान के अनुसार, भारत में चीनी की कीमत दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 5-8 प्रतिशत बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) के अनुसार, 2023-24 विपणन वर्ष में भारत का चीनी उत्पादन 8 प्रतिशत गिरकर 33.7 मिलियन मीट्रिक टन होने की संभावना है।

इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि कुछ चीनी को इथेनॉल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। चीनी मिलों ने पिछले विपणन वर्ष में इथेनॉल उत्पादन के लिए 4.1 मिलियन टन चीनी का उपयोग किया था और इस वर्ष भी इतनी ही मात्रा आवंटित की जा सकती है।

इससे व्यापार जगत में यह आशंका पैदा हो गई है कि घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार चालू सीजन में चीनी का निर्यात बंद भी कर सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक ब्राजील लॉजिस्टिक समस्याओं का सामना कर रहा है। वहां के बंदरगाह एक अड़चन बनकर उभरे हैं। जहाजों को लोड करने का समय बढ़ गया है और बंदरगाहों पर स्टॉक जमा हो रहा है। उधर सोया की फसल भी आने से समस्या और भी बदतर हो गई है क्योंकि रेलवे और बंदरगाह दोनों ही बुनियादी ढांचे खेप को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

धनतेरस आज,बाजार में बरसेगा धन

रोजाना शाम को बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंच रहे हैं। रेडिमेड दुकानों में भी लोग परिवार सहित पहुंच रहे हैं। मिठाई दुकानों में एडवांस आर्डर तक दे रहे हैं। बाजार में मेले जैसा माहौल है। शहर के ज्वेलरी व इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानें चकाचक नजर आने लगी है।ज्वेलरी दुकानों में महिलाओं का तांता लग रहा है। सोने-चांदी के सिक्के के साथ-साथ आभूषणों की खरीदारी करने महिलाएं पहुंच रही है। इलेक्ट्रानिक्स दुकानों पर एलसीडी, एलईडी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, गीजर आदि सामान की बंफर बिक्री की उम्मीद है।धनतेरस बाजार में लोग सोने-चांदी के सिक्के खरीदने के साथ कार व बाइक खरीदने अभी से दिलचस्पी दिखा रहे हैं। लोग अपने घरेलू प्रयोग में आने वाले बर्तनों की खरीदारी अभी से करने लगे हैं। बुधवार को डिनर सेट, चम्मच सेट के अलावा थाली, ग्लास, कटोरा, प्लेट आदि के सेट खरीदते देखे गए। धनतेरस पर इनकी पूजा करेंगे। महिलाओं का कहना था कि धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने की परंपरा है।कार व बाइक के शो-रूम में ग्राहकों की भीड़ नजर आने लगी है। पहले से एडवांस बुकिंग कराने लगे हैं। कुछ कंपनियों में अभी से वेटिंग है। यही हाल कार का भी है। कार के अलावा मालवाहक पिकअप एवं ट्रैक्टर खरीदने कई किसान व ठेकेदार एडवांस बुकिंग करा चुके हैं। शो रूम संचालकों का यह भी कहना है कि इस साल सभी ग्राहकों को डिलीवरी समय पर संभव हो पाना मुश्किल होगा। क्योंकि पिछले साल की तुलना में इनकी संख्या ज्यादा तेजी से बढ़ रही है।बाजार में घर व आफिस को सजाने इस बार आर्टिफिशियल फूलों की मांग सबसे अधिक है। लोग नए नए डिजाइन के फूल ढूंढ रहे हैं। वैसे शहर का हर कोना इन दिनों आर्टिफिशियल फूलों से सज चुका है। प्रमुख मार्गों पर भी दुकानें सज गई है। जो एक नजर में सभी को खूब आकर्षित भी कर रहा है।

करोड़ों का होगा व्यापार

बिलासपुर,9 नवंबर (देशबन्धु)।धनतेरस से ठीक पहले बाजार में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। आफर्स की धूम मची है। आर्टिफिशियल फूलों से बिलासपुर का बाजार सज चुका है। धनतेरस पर इस साल बाजार में ईवी कार, बाइक, एलईडी, वाशिंग मशीन, एसी, डिजाइनर पलंग-सोफा एवं सोने-चांदी की बंपर डिमांड है।धनतेरस का पर्व 10 नवंबर को मनाया जाएगा। बिलासपुर में दुकानें सज चुकी है। तेलीपारा, गोलबाजार, सदर बाजार, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, श्रीकांत वर्मा मार्ग, मंगला, तिफरा, सरकंडा, मंगला एवं रेलवे बुधवारी बाजार में बुधवार की शाम काफी भीड़ रही। बाजार की तैयारी को देखकर ऐसा लग रहा है कि इस बार धनतेरस में जमकर धनवर्षा होगीई। इस वर्ष पिछली बार के मुकाबले बाजार में चहल पहल अधिक है।

दीपावली त्यौहार के लिए धान की बालियों से बने झालर बाजार में सजे

दीपावली के त्यौहार को लेकर बाजार सजने लगा है धीरे-धीरे बाजार में रौनक भी देखने को मिल रही है वहीं पुराने रीति रिवाज के साथ सामान भी बाजार में देखने को मिल रहा है बाजार में बड़ी संख्या में शहर के आसपास के कारीगर सामान की बिक्री के लिए पहुंचे हुए हैं जिसमें सबसे ज्यादा शहर की सड़कों पर धान की बोलियों से बने हुए झालर नजर आ रहे हैं बड़ी संख्या में आसपास के कारीगर अपनी दुकान लगाए हुए नजर आ रहे हैं

इनके दाम 50रुपए से लेकर 250 सौ रुपए तक रखी गई है बड़ी संख्या में लोग भी खरीदी कर रहे हैं ज्यादातर लोग इस जहां परंपरा के रूप में खरीदते हैं वहीं कुछ लोग इसे सुंदरता के लिए भी खरीदते नजर आ रहे हैं। वही इसकी बिक्री करने के लिए कारीगर दूर-दूर से शहर पहुंचे हुए हैं शहर से दूरी वाले स्थानों से सुबह से ही कारीगर शहर में पहुंचकर दुकान लगाए हुए नजर आ रहे हैं और उनको एक अच्छी बिक्री की उम्मीद बनी हुई है धान की बोलियों से बने यह झालर काफी आकर्षक लगते हैं और इसमें एक अच्छी कारीगरी भी देखने को मिल रही है त्योहार के समय इसकी मांग हमेशा बनी हुई रहती है और कारीगरों का कहना है कि प्रतिवर्ष यह इसकी बिक्री करने के लिए शहर पहुंचते हैं और उनको एक अच्छे दाम इसके प्राप्त होते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलों में हलचल, सर्द हुई रातें

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। मौसम में ठंडक घुलने लगी है। रात में सर्द हवाएं चल रही है। न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस पर आ चुका है। न्यायधानी सहित पहाड़ी क्षेत्र पेंड्रारोड में भी अच्छी ठंड पड़ रही है। दिन में तापमान 30 डिग्री के आसपास है। मौसम विभाग की मानें तो तीसरा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिवाली के आसपास बादल नजर आएंगे।



प्रदेश में कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की वर्षा हो सकती है।न्यायधानी में रात में ठंडी हवाएं चलने से वातावरण में नमी आ चुकी है। बुधवार की सुबह धूप अच्छी लगने लगी। बता दें कि इस साल अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में जिस तरह से सर्दी का अहसास हुआ उसके बाद से निरंतर ठंड बनी हुई है। बीच में तापमान में कुछ वृद्धि जरूर हुई लेकिन अब वापस ठंड ने यू टर्न ले लिया है। नवंबर की शुरुआत के साथ दो पश्चिमी विक्षोभ आ चुका है। अब तीसरे की तैयारी है। इसका हल्का कुछ दिनों में नजर आएगा।मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभ मंडल में 5.8 किमी ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है। परिणाम स्वरूप प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, परंतु न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर रहने की संभावना नहीं है। प्रदेश में नौ नवंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

बाजार में बिकने लगे गर्म कपड़े

सर्दी बढ़ने के साथ शहर के रेडीमेड स्टोर्स समेत ऊलन मार्केट में गर्म कपड़ों की ब्रिकी तेज हो गई है। प्रमुख रूप से ईदगाह चौक स्थित तिब्बती बाजार, सिम्स रोड, गोल बाजार, तेलीपारा, बुधवारी बाजार, मंगला एवं सरकंडा क्षेत्र के रेडिमेड स्टोर्स एवं शो रूम में गर्म कपड़े खूब बिक रहे हैं।

सार-संक्षेप

दीपावली के लिए पुलिस मैदान सजा पटाखों का बाजार

बिलासपुर, 9 नवंबर(देशबन्धु)। धनतेरस दीपावली बाजार के लिए पटाखों का बाजार इस बार पुलिस मैदान में सज गया है। इस बार पुलिस मैदान में 97 दुकान लगाई गई है इस बार से 29 दुकान ज्यादा सजी हुई है नाते हुए और व्यापारियों के साथ-साथ वैरायटी ग्राहकों में भी पटाखा बाजार में पटाखे काफी उत्साह है और आज दुकान भी सजते ही पटाखा खरीदने के लिए किस्म ग्राहकों के भभीड आने लग गई है। पटाखा व्यवसाय से जुड़े होने के दिखाई शहर के लोगों को अच्छी आवाज के के और कम कीमत के किस्म के उपलब्ध कराते हैं। इस बार के लिए फटाका दुकान में नये उपलब्ध के पटाखे आए हैं, जिसमें शॉर्ट फैंसी फ्लैश स्टार, ड्रॉप स्टार ड्रॉप अनेक रेंज बटरफ्लाई अनार के रूप में लोगों को कलर स्मोक हेलीकॉप्टर पटाखा लायन क्रैक्लिंग डक पहले ही आसमान में आतिशबाजी बच्चों ने दिखेंगे। मेरी गो राउंड की रही की चाकरी हवा में इस बार 240 शाट के तेज पटाखे इसके अलावा बच्चों के लिए तथा बड़ों नई वैरायटी के पटाखे है। काक भी फैंसी साइड है। शार्ट, स्काई शॉट की एवं कम दरों पर यहां प्राप्त होंगे उचित दरों पर प्राप्त कर सकते हैं आज दिन पटाखा खरीदने लोग महिलाओं की काफी भीड़ रही। अस्थाई पटाखा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुनील बाजपेई ने बताया कि पुलिस मैदान में पूरी सुरक्षा के साथ इस बार 97 पटाखा दुकान लगाई गई है जिला प्रशासन की अनुमति के बाद पुलिस विभाग को मैदान के लिए राशि जमा करने के बाद ही यहां दुकान लगाई जा रही इस बार जिला प्रशासन ने पटाखा बाजार में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए हैं। कलेक्टर के आदेश के बावजूद दमकल का संचालन करने वाले जिला सैनिक कार्यालय के अधिकारियों ने चुनाव ड्यूटी का हवाला देते हुए दमकल वाहन देने से इनकार कर दिया।

बिलासपुर की लगातार तीसरी जीत, प्लेट कंबाइंड को दी करारी शिकस्त

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से धमतरी में चल रहे अंडर 14 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बिलासपुर की टीम ने प्लेट कंबाइंड पर शानदार जीत दर्ज की है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत बिलासपुर बनाम प्लेट कंबाइंड दो दिवसीय मैच खेला गया। इसमें बिलासपुर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाए। इसके जवाब में प्लेट कंबाइंड 72 रन ही बना पाई और बिलासपुर ने 63 रनों की बढ़त बना ली। इसके बाद बिलासपुर ने पहले दिन का खेल खत्म होने पर 54 रन बिना कोई विकेट के बना लिए थे।खेल के दूसरे दिन सोमवार को बिलासपुर टीम 61.3 ओवर में 150 रन बनाकर आउट हो गई। इसमें पीयूष चंद्रा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 65 रन, हर्ष कुमार ने 28 रन और चेतन कुमार ने नाबाद 21 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए आयुष द्विवेदी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सात विकेट प्राप्त किए। इस तरह इस मुकाबले में बिलासपुर ने प्लेट कंबाइंड के सामने 214 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में प्लेट कंबाइंड टीम 30.5 ओवर में 105 रन बनाकर आउट हो गई।प्लेट कंबाइंड की बल्लेबाजी में लवकेश यादव ने 39 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए उत्कृष्ट तिवारी ने छह विकेट प्राप्त किए। वे तीन मैचों में अब तक 29 विकेट प्राप्त कर चुके हैं। अयानवीर सिंह भाटिया ने तीन विकेट प्राप्त किए हैं। इस तरह बिलासपुर ने प्लेट कंबाइंड पर 108 रनों की जीत दर्ज की। बिलासपुर की यह लगातार तीसरी जीत हैं। इस जीत से बिलासपुर को 6 अंक प्राप्त हुए और तीनो मैच में कुल मिलाकर 20 अंक प्राप्त किए। वहीं प्लेट कंबाइंड को इस मैच से 0 अंक मिले और तीन मैचों में कुल 14 अंक प्राप्त किए हैं।

जिस ड्राइवर से 5 करोड़ मिले वह भाजपा का-प्रमोद

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यसभा के उप नेता प्रमोद तिवारी ने आज महादेव ऐप पर सत्ता के मामले में बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि वे भाजपा के झूठ को बेनकाब करने आए हैं। चुनावी स्वार्थ के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ की तस्वीर को दाव में लगाया है 500 करोड़ लेकर जिस व्यक्ति को इडी की टीम ने पकड़ा है वह भाजपा कार्यकर्ता है और गाड़ी एक बड़े भाजपा नेता के मंत्री के भाई की है और जिसका गाड़ी नंबर शहर कोरबा का निकला राज्यसभा के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पैसा मंत्री के भाजपा कार्यकर्ता का पैसा और पैसे भाजपा ने यह रिश्ता क्या कहलाता है । उन्होंने कहा कि नमो नाम का सट्टा किसने चालू किया।

महादेव ऐप को केंद्र सरकार का सरक्षण प्राप्त है पनामा मामले में उन्होंने कहा कि बार-बार दुबई कौन जाता है। केंद्र सरकार द्वारा सट्टा पर जीएसटी क्यों लगाया जाता है। केंद्र सरकार के इसारे पर ही पूरे देश में कर सट्टा चल रहा है । क्रिकेट में सट्टा चल रहा है केंद्र सरकार बंद क्यों नहीं करती। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो सरकार बन जाती है वह 15 साल के लिए, इस बार भी लग रहा है कि कांग्रेस की सरकार 15 साल यहां से नहीं हिलेगी ।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपनी उपलब्धि बताएं । महंगाई बढ़ रही है। आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री तिवारी ने अभी कहा है कि मैं 44 साल से राजनीति में हूं टिकट भी बाटता हूं लेकिन पैनल में तीन नाम पर ही फैसला होता है। कभी- कभी पैनल के बाहर को भी टिकट दी जाती है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, राज्यसभा सांसद एवम राज्यसभा के उपनेता प्रमोद तिवारी प्रेस वार्ता कर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा और मैं बीजेपी के झूठ को उजागर करने और उन्हें चुनौती देने आया हूं कहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के भाई बृजमोहन अग्रवाल के गाड़ी में ईडी के द्वारा पकड़े गए पांच करोड़ रुपए को लेकर ईडी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ईडी भाजपा की टीम की तरह काम रही है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप के साथ सवाल भी खड़ा किया। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारों पर ईडी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक दुर्भावनापूर्वक प्रेस नोट जारी किया। आज प्रेस वार्ता के दौरान प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, जावेद मेमन, शिवा मिश्रा, विवेक बाजपेई, ऋषि पांडे आदि मौजूद थे ।

बसपा दलित,आदिवासी व पिछड़ा वर्ग की हितैषी पार्टी-मायावती

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। बसपा सुप्रीमों मायावती ने छत्तीसगढ़ में एक बार फिर दलित,आदिवासी व पिछड़ा वर्ग कार्ड खेली। जातिगत आरक्षण के कांग्रेस सहयोगी दलों के मुद्दे पर कांग्रेस के साथ ही भाजपा व सहयोगी दलों को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण व्यवस्था को लागू करने का आरोप लगाई। 30 मिनट के अपने भाषण में मायावती अधिकांश समय दलित, आदिवासी व पिछड़ा वर्ग की बात करती रहीं। केंद्र के साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से भी नहीं चूकी।

बसपा सुप्रीमों मायावती की छत्तीसगढ़ में गुरुवार को दो चुनावी सभा थी। जांजगीर-चांपा जिले के हसौद में सभा को संबोधित करने के बाद बिलासपुर के साइंस कालेज मैदान में सभा ली। उनका पूरा फोकस दलितों के साथ आदिवासी व पिछड़ा वर्ग के वोट बैंक पर रहा। 25 मिनट के अपने भाषण के दौरान एक दर्जन से अधिक बार इसका जिक्र किया और बसपा को इन वर्गों की हितैषी पार्टी के रूप में पेश किया। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा गठबंधन व छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को जमकर घेरा। कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन के जातिगत जनगणना के मुद्दे की हवा निकालते हुए कहा कि आरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों गंभीर नहीं है। मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर दोनों ही दलों की सरकार ने काम नहीं किया। आरक्षित वर्ग की हितों की अनदेखी की। मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर प्रधानमंत्री बीपी सिंह की सरकार ने ईमानदारी के साथ काम किया। बीपी सिंह सरकार का उदाहरण पेश करते हुए उन्होंने कांग्रेस व भाजपा को दलित, आदिवासी व पिछड़ा वर्ग का विरोधी करार देने की भरपूर कोशिश की। आरक्षण व्यवस्था के बहाने वर्ग विशेष को साधने की कोशिश की।प्रदेश भाजपा की मोदी की गारंटी व कांग्रेस है तो भरोसा की हवा भी निकाली। घोषणा व गारंटी की बजाय बहुजन समाज पार्टी काम पर भरोसा करती है। झूठे वायदे हम नहीं करते। यूपी में हमने गरीब व बेरोजगारों को दूसरी पार्टियों की तरह मामूली बेरोजगारी भत्ता ना देकर सरकार व निजी संस्थानों में नौकरी दिलाई है। गरीबों को खेती करने के लिए फ्री में जमीन दी है। आवासहीनों को फ्री में मकान दिलाया है।

केंद्र सरकार की महिला वंदन विधेयक पर कहा-महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण तो दिया पर इसमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं की उपेक्षा कर दी है। छत्तीसगढ़ में सट्टेबाजी चरम पर है। इसमें मुख्यमंत्री की संलिप्तता की खबर भी आए दिन आती रहती है।

बोलेरो से दस किलो चांदी की सिल्ली,सिक्के व गहने जब्त

मध्य प्रदेश के रास्ते छत्तीसगढ़ आ रहा है अवैध ज्वेलरी

रतनपुर पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर, 9 नवंबर (देशबन्धु)। रतनपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग दौरान 9 किलो 461 ग्राम चांदी की सिल्ली, गहने, और सिक्के के साथ 1,00,400 रूपये नगद जप्त किए है। माना जा रहा है की इसे चुउनाव में बांटने के लिए ले जा रहे थे।

राज्य में अगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखकर आचार सहिंता लागू होते ही निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस लगातार जांच की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में और जिले के सरहदी थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट के माध्यम से बाहर से आने जाने वाली वाहनो पर सतत निगरानी रखी जा रही हैं। थाने की टीम भी समय समय पर वाहन चेकिग लगाकर जाने वाली वाहनो तथा संदिग्ध वाहनो की चेकिग किया जा रहा है। 08.11.2023 के थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर के द्वारा थाना टीम के साथ एनएच 130 तिराहा मदनपुर के पास रतनपुर मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश राज्य मार्ग पर देर शाम करीब 09.00 बजे से आने जाने वाली वाहनो की जांच कर रहे थे, उसी दौरान एक निजी वाहन बोलेरो क्रमांक एमपी 04 जेड एच 0712 की जांच करने पर अलग अलग थैले में चांदी के पायल, सिक्के, चांदी का बिस्कीट व नगदी रकम बरामद किया गया।

जिसका मौके पर विधिवत पंचनामा कार्यवाही में 1.चॉदी की बड़ी सिल्ली वजन 3585 ग्राम, 2.चॉदी का सिल्ली 2019 ग्राम, 3. चॉदी का सिल्ली 1121 ग्राम, 4.चॉदी का पतला साईज सिल्ली 118 ग्राम,5. चॉदी का पायल 05 जोंड़ी वजनी 619 ग्राम, 6. चाँदी का सिक्का बड़ा साईज 06 नग प्रत्येक का वजन 50ग्राम कुल 300 ग्राम,7. चॉदी का सिक्का 33 नग प्रत्येक 20 ग्राम का कुल 660 ग्राम,8.चॉदी का सिक्का 37 नग प्रत्येक का वजन 10 ग्राम कुल 370 ग्राम,9. चॉदी का सिक्का 63 नग प्रत्येक का वजन 05 ग्राम कुल 315 ग्राम,कुल चॉदी का वजन करीब 9.461 कि.ग्रा., कीमती करीबन 6,62,270 रूपये।2. नगदी रकम 500, 200,100 रूपये का नोट कुल 1,00,400 रूपये जब्त किया गया। जब्त चांदी और नगद रकम कुल 7,62,670 रूपये संबंध में ओमकार साहू पिता रमेश लाल साहू निवासी मोतीनगर सागर जिला सागर म.प्र. से पूछताछ की गई। लेकिन वह न तो कोई वैध दस्तावेज दिखा सका और न ही कोई जानकारी दे पाया।

जब्त चांदी के जेवर, सिक्के, बिस्कीट, सिल्ली, नगदी रकम किसी अपराध से संबंधित होने की अंदेशा पर एवं आगामी विधान सभा चुनाव में बांटे जाने की आशंका से धारा 102 जाफौ के तहत जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई हैं। थाना रतनपुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान लगातार जारी हैं।

जप्त चांदी और रकम चॉदी का बड़ा सिल्ली वजन 3585 ग्राम,चॉदी का सिल्ली 2019 ग्राम,चॉदी का सिल्ली 1121 ग्राम,चॉदी का पतला साईज सिल्ली 118 ग्राम,चॉदी का पायल जोंड़ी वजनी 619 ग्राम, चाँदी का सिक्का बड़ा साईज नग प्रत्येक का वजन 50 ग्राम कुल 300 ग्राम,चॉदी का सिक्का 33 नग प्रत्येक 20 ग्राम का कुल 660 ग्राम,

चॉदी का सिक्का 37 नग प्रत्येक का वजन 10 ग्राम कुल 370 ग्राम,चॉदी का सिक्का 63 नग प्रत्येक का वजन 05 ग्राम कुल 315 ग्राम कुल चॉदी का वजन करीब 9.461 कि.ग्रा., कीमती करीबन 6,62,270 रूपये नगदी रकम 500, 200,100 रूपये का नोट कुल 1,00,400 रूपये, कुल जुमला कीमती 7,62,670 रूपये है।

वाहन चेकिंग में 7 लाख जब्त

बिलासपुर,9 नवंबर (देशबन्धु)।आगामी विधानसभा चुनाव को मददेनजर रखते हुये चुनाव आयोग द्वारा चकरभाठा एयपोर्ट के पास तिराहा मे एस.एस.टी. टीम गठित किया गया है।एस.एस.टी. टीम द्वारा लगातार वाहनो का चेकिंग किया जा रहा है कि आज चेकिंग दौरान एक मोटर सायकल मे सवार 02 व्यक्तियो को रोककर चेक करने पर 6 लाख 50000 हजार रुपये नगदी बरामद हुआ है एस.एस.टी टीम द्वारा थाना चकरभाठा को कार्यवाही के लिये सुपुर्द किया गया है बाद जांच अग्रिम कार्यवाही की जाती है।

NECC
10.11.2023 अंडा मुर्गी काकरेल
फार्म 540 80 170
चिल्हर 6.25 95 195
डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188